फाल्गुन कृष्ण पक्ष, नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 5 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 17, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ट्रंप के खिलाफ निक्की हेली की पहली जीत 16

'पंख' में मुख्य भूमिका में माही, श्वेता, आयशा 15

## उदयनिधि स्टालिन को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उनकी 'सनातम धर्म को मिटाने' संबंधी टिप्पणी को लेकर अप्रसन्नता जताई और पूछा कि वह भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का दुरुपयोग करने के बाद अपनी याचिका लेकर शीर्ष अदालत के पास क्यों आए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ ने कहा-संसदीय विशेषाधिकार नहीं है रिश्वतखोरी

# रिश्वत के मामलों में सांसदों-विधायकों को नहीं मिलेगी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

- वोट के बदले नोट मामले में शीर्ष न्यायालय ने पांच जजों की पीठ का पलटा फैसला

सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की पीठ ने सांसदों-विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े मामले में सोमवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि सांसदों और विधायकों को सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोग से कोई छूट नहीं होती है। शीर्ष न्यायालय ने इसी के साथ 1998 के नरसिम्हा राव जजमेंट के अपने फैसले को पलट दिया है। तब पांच जजों की पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि सदन के सदस्यों के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से भारतीय संसदीय लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है। पीठ ने कहा कि रिश्वतखोरी के मामलों में संसदीय विशेषाधिकारों के तहत संरक्षण प्राप्त नहीं है और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले में पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनाए गए 1998 के फैसले की व्याख्या संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है। अनुच्छेद 105 और 194 संसद और विधानसभाओं में सांसदों और विधायकों की शक्तियों एवं विशेषाधिकारों से संबंधित हैं।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने पीठ के लिए फैसले का मुख्य भाग पढ़ते हुए कहा, 'सांसद एवं विधायकों द्वारा रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट करते हैं।' इस पीठ में न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। न्यायालय ने 'पीवी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई' मामले में 1998 के फैसले में बहुमत और अल्पमत के तर्क का विश्लेषण करते हुए कहा कि उसने इस विवाद के सभी पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से फैसला सुनाया है- भले वह संविधान के अनुच्छेद 105 से संबंधित हो और 194 से जुड़ा हो कि क्या एक सांसद या विधायक किसी आपराधिक अदालत में रिश्वतखोरी के आरोप में अभियोग से छूट का दावा कर सकता है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'हम इस पहलू पर बहुमत के फैसले से असहमत हैं और उसे खारिज करते हैं।'

### संविधान की आकांक्षाओं के लिए विनाशकारी

फैसला सुनाते हुए जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'यह (भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी) संविधान की आकांक्षाओं और विचारशील आदर्शों के लिए विनाशकारी है और एक ऐसा राजतंत्र स्थापित करता है, जो नागरिकों को एक जिम्मेदार, उत्तरदायी और प्रतिनिधित्व प्रदान करने वाले लोकतंत्र से वंचित करता है।'

### स्वच्छ राजनीति सुनिश्चत करने वाला फैसला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण या वोट देने के लिए रिश्वत लेने पर अब कानूनी कार्रवाई से छूट नहीं मिलने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को शानदार बताया और कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा।

### पांच जजों की पीठ ने आपराधिक मुकदमे से दी थी छूट

पांच जजों की संविधान पीठ ने 1998 में 'पी वी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई' मामले में दिए गए अपने बहुमत के फैसले में कहा था कि सांसदों को संविधान के अनुच्छेद 105(2) और अनुच्छेद 194(2) के तहत सदन के अंदर दिए गए किसी भी भाषण और वोट के लिए घूस के आपराधिक मुकदमा से छूट प्राप्त है।

### लालू प्रसाद के परिवार संबंधी बयान पर प्रधानमंत्री मोदी का पलटवार

# 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार

आदिलाबाद, (तेलंगाना), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परिवार ना होने' को लेकर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के हमले पर पलटवार करते हुए सोमवार को पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक 'खुली किताब' बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम आयु में ही घर छोड़ दिया था।

जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने 'परिवारवादी दलों' पर हमला बोला और कहा कि उनके अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने रविवार को पटना में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष किया था। उन्होंने कहा था, 'अगर नरेंद्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। जब मोदी की मां की मृत्यु हुई तो उन्होंने ऐसा नहीं किया।"

प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के इस आरोप पर सोमवार को पलटवार किया और कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे 'इंडी गठबंधन' के नेता बौखलाते जा रहे हैं। उन्होंने हुए, 'अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। कल ये ऐसा भी कह सकते हैं कि तुम्हें कभी जेल की सजा नहीं हुई, इसलिए तुम राजनीति में भी नहीं आ सकते।' मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार बताया और कहा कि जिसका कोई नहीं है, वह भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। उन्होंने कहा, 'मेरा भारत-मेरा परिवार, इन्हीं भावनाओं का विस्तार लेकर मैं सपनों को संकल्प के साथ सिद्ध करने के लिए आपके लिए जी रहा हूं, आपके लिए जूझ रहा हूं और आपके लिए जूझता रहूंगा। एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। मैं देशवासियों के लिए जिऊंगा, ये सपना लेकर निकला था। मेरा पल-पल सिर्फ और सिर्फ आपके लिए होगा। मेरा कोई निजी सपना नहीं होगा।'

### यह चुनावी सभा नहीं, विकास उत्सवः मोदी

प्रधानमंत्री ने मोदी ने तेलंगाना में 56,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास के अवसर पर कहा कि जैसे ही मैंने करोड़ों रुपये की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया, कुछ लोगों ने इसे 'चुनावी सभा' कहा है। मैं उन 'विश्लेषकों' को बताना चाहता हूं कि अभी चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है। यह 'चुनावी सभा' नहीं, बल्कि तेलंगाना में 'विकास उत्सव' है, जिसे मनाने के लिए मैं आया हूं।

### कांग्रेस का कटाक्ष- टेनी और बृजभूषण हैं मोदी के असली परिवार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भाजपा द्वारा सोशल मीडिया मंचों पर 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू किए जाने के बाद सोमवार को दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के निरंतर बढ़ने से भाजपा के नेता परेशान हो गए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा सांसद अजय मिश्रा टेनी और बृजभूषण शरण सिंह प्रधानमंत्री मोदी का 'असली परिवार' हैं। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बृजभूषण शरण सिंह के 'एक्स' प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए कटाक्ष किया, 'मोदी का परिवार बृजभूषण शरण सिंह का स्वागत करता है।'

### भाजपा नेताओं ने बायो में लिखा 'मोदी का परिवार'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पूरे देश को अपना परिवार बताए जाने के कुछ देर बाद सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने 'एक्स' के 'प्रोफाइल' पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा और इस संबंध में एक अभियान शुरू कर दिया। सबसे पहले भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने अपने प्रोफाइल में यह बदलाव किया और उसके बाद गृहमंत्री शाह ने। कुछ देर बाद केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, गिरिराज सिंह, स्मृति ईरानी, मीनाक्षी लेखी, भूपेंद्र यादव और अनुराग ठाकुर सहित कई नेताओं ने 'एक्स' प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' जोड़ दिया।

# उत्तराखंड पुलिस ने अंतर्राज्यीय साइबर ठग को किया गिरफ्तार

### साइबर सेल की टीम ने आरोपी को जयपुर से दबोचा

### शिक्षा विभाग के कर्मी से 30 लाख की ठगी का है आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड साइबर पुलिस ने अंतर्राज्यीय साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। ठग ने अल्मोड़ा में तैनात शिक्षा कर्मी से ट्रेडिंग के नाम पर 30 लाख रुपये की ठगी की थी। आरोपी से कई सिम कार्ड व फर्जी मुहर भी बरामद हुई हैं। पुलिस आरोपी से साइबर अपराध की अन्य घटनाओं को लेकर भी पूछताछ कर रही है।

साइबर सेल प्रभारी ललित जोशी ने सोमवार को बताया कि अल्मोड़ा में शिक्षा विभाग में तैनात एक कर्मी से ट्रेडिंग के नाम पर 30 लाख रुपये की ठगी की गई। पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस जांच कर रही थी। जांच में ठग की पहचान चंदन यादव निवासी भागलपुर बिहार के रूप में हुई। पुलिस ठग को पकड़ने के लिए जुट गई। इस बीच स्पेशल टास्क फोर्स को सुराग मिला कि ठग यादव बिहार में है। इस पर एक टीम यादव को पकड़ने के लिए बिहार गई लेकिन उसको भनक गई। यादव ने अपनी लोकेशन बदल दी और वह राजस्थान भाग गया। बाद में टीम ने मॉडर्न इंटेलीजेंस का इस्तेमाल करते यादव को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया। ठग में पूछताछ ने बताया कि फेसबुक आईडी पर ट्रेडिंग कारोबार में तीन गुना मुनाफा देने का लालच दिया था। अल्मोड़ा के शिक्षा विभाग में तैनात कर्मचारी ने फेसबुक लिंक को खोला और 30 लाख रुपये का भुगतान किया। बाद में उनके फेसबुक डेस्क पर 90 लाख रुपये की रकम दिखाई। इस पर कर्मी संतुष्ट हो गया लेकिन जब बैंक खाते में रकम नहीं पहुंची तो ठगी का एहसास हुआ। आरोपी से तीन मोबाइल, एक लैपटॉप, सात चेक बुक, पासबुक, सात डेबिट कार्ड, आधार व पैन कार्ड, कई फर्जी मुहरें भी बरामद हुई हैं।

आरोपी (लाल घेरे में) के साथ खुलासा करते साइबर सेल प्रभारी।

# दंगाइयों से होगी निजी व सरकारी संपत्ति की क्षति की वसूली

ब्यूरो, देहरादून

- देश के सबसे कठोर दंगारोधी कानून पर धामी सरकार की मुहर, नकलरोधी कानून के बाद एक और बड़ा फैसला
- संपत्ति की भरपाई के साथ ही 8 लाख तक का जुर्माना व दंगा नियंत्रण में सरकारी अमले का खर्चा भी भरना होगा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने "दंगारोधी" यानी दंगे के दौरान होने वाले संपूर्ण नुकसान की भरपाई के लिए देश के सबसे कठोर (अध्यादेश) कानून को मंजूरी दे दी है। इस कानून के तहत अब निजी और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर दंगाइयों से क्षति की पूरी वसूली की जाएगी। साथ ही 8 लाख तक का जुर्माना लगाने के साथ ही दंगा नियंत्रण में सरकारी अमले और अन्य कार्य पर होने वाले खर्चे की भरपाई भी दोषियों से की जाएगी। सोमवार को प्रदेश मंत्रिमंडल ने इस कानून को मंजूरी देकर राज्यपाल की स्वीकृति के लिए भेज दिया है।

देवभूमि में धामी सरकार ने देश का सबसे बड़ा नकलरोधी कानून लागू करने तथा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को मंजूरी देने के बाद सोमवार को मुख्यमंत्री कैबिनेट ने दंगा रोकने तथा दंगाइयों से निपटने के लिए उत्तराखंड लोक (सरकारी) तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली (अध्यादेश) कानून 2024 पर मुहर लगा दी है। इस कानून से दंगा, फसाद, हड़ताल, बंद के दौरान उपद्रव और अशांति में निजी और लोक संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले बच नहीं पाएंगे।

दंगा नियंत्रण को पुलिस, प्रशासन या अन्य एजेंसियों पर दंगे के दौरान होने वाले पूरे खर्चे की वसूली भी की जाएगी। सरकार ने दंगाइयों पर इस कानून के तहत 8 लाख तक का जुर्माना लगाने का भी निर्णय लिया है। दंगाइयों से सख्ती से निपटने को सरकार ने विधिवत दावा अधिकरण (क्लेम ट्रिब्यूनल) गठित करने को भी मंजूरी दे दी है। ताकि कानून लागू होते ही अधिकरण के माध्यम से दंगाइयों पर कड़ी नकेल कसी जा सके।

देहरादून सचिवालय में मंत्रिमंडल की बैठक लेते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

> देवभूमि में कानून व्यवस्था और स्वरूप को बिगाड़ने की किसी को भी छूट नहीं है। कानून तोड़ने वालों को कड़ी सजा दी जाएगी। हमने दंगाइयों से निपटने को सख्त कानून को मंजूरी दे दी है। दंगाइयों को सजा भी दी जाएगी और नुकसान की पूरी भरपाई कराई जाएगी। इस कानून का राज्य में कड़ाई से पालन कराया जाएगा।
>
> -पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री

### कैबिनेट ने लिए ये महत्वपूर्ण निर्णय

- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी विभाग सुमाड़ी, श्रीनगर को तकनीकी शिक्षा विभाग की 5.335 एकड़ भूमि निशुल्क स्थानांतरित होगी।
- उत्तराखंड आवास नीति में संशोधन को मंजूरी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को अब डेढ़ लाख की धनराशि राज्य सरकार देगी।
- देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल व ऊधमसिंहनगर में चाइल्ड और जनरल काउंसलर की नियुक्ति होगी।
- संयुक्त निदेशक खनन व संयुक्त निदेशक जियोलॉजी को अब संयुक्त निदेशक नाम से जाना जाएगा।
- माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत अशासकीय विद्यालयों में भर्ती पर रोक लगी है। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत इस हेतु पहले से कमेटी गठित है। यही कमेटी माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत अशासकीय विद्यालयों को लेकर रिपोर्ट देगी।
- वित्त विभाग के अधीनस्थ लेखा संवर्ग के कर्मियों के अधिकार वित्त विभाग के अधीन ही होंगे। एक सम्मिलित कैडर बनाया है।
- समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत अनसूचित जाति दशमेतर छात्रवृत्ति योजना में मिलने वाली छात्रवृत्ति की धनराशि को बढ़ाया गया। केंद्र सरकार द्वारा जो संशोधन इस हेतु किये गए हैं, राज्य द्वारा अंगीकृत किये जाने को मंजूरी दी गई।

# कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईडी का आरोप : लुईस खुर्शीद और दो अन्य ने की सरकारी धन की हेराफेरी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद और दो अन्य ने अपने निजी लाभ के लिए केंद्र सरकार के 71.50 लाख रुपये का शोधन किया। ईडी ने एक बयान में कहा कि उसने धनशोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में स्थित 15 कृषि भूखंड और डॉ जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की कुल 45.92 लाख रुपये की कुछ बैंक जमा राशि को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। ईडी ने दावा किया कि एक जांच में यह पाया गया है कि ट्रस्ट को प्राप्त 71.50 लाख रुपये के अनुदान का इस्तेमाल भारत सरकार द्वारा स्वीकृत शिविरों के आयोजन के लिए नहीं किया गया था, बल्कि इसका इस्तेमाल ट्रस्ट के प्रतिनिधि प्रत्यूष शुक्ला, सचिव मोहम्मद अतहर और परियोजना निदेशक लुईस खुर्शीद द्वारा ट्रस्ट के हित और अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए किया गया था।

# पेट के कैंसर से पीड़ित हैं इसरो प्रमुख सोमनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- आदित्य एल-1 की लॉंचिग के दिन चला था पता

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ पेट के कैंसर से पीड़ित हैं। जिस दिन भारत का आदित्य-एल1 मिशन अंतरिक्ष में लॉन्च हुआ था, उसी दिन इसरो प्रमुख में कैंसर का पता चला। मीडिया से एक बातचीत में सोमनाथ ने इसकी पुष्टि की है कि जांच के दौरान शरीर में अनियंत्रित कोशिकाओं की वृद्धि के बारे में पता चला जिसके आधार पर कैंसर का निदान किया गया है।

सोमनाथ ने बताया कि दो सितंबर 2023 को आदित्य-एल1 मिशन लॉन्च की सुबह मेरी स्कैनिंग की गई, इसमें पता चला कि पेट में अनियंत्रित रूप से कैंसर कोशिकाएं बढ़ रही हैं। मिशन लॉन्च के बाद मैं चेन्नई गया, वहां दोबारा स्कैनिंग और कई और जांच की गई। रिपोर्ट्स से पता चला कि ये वंशानुगत रोग है। डॉक्टर्स ने ऑपरेशन की सलाह दी। डॉक्टर्स की टीम ने कैंसर की सर्जरी और फिर कीमोथेरेपी की। डॉक्टर्स ने नियमित स्कैनिंग की सलाह दी है। फिलहाल मैं ठीक हूं।

**सुहाना मौसम** मूसलाधार बारिश के बाद जमकर ओलावृष्टि व हल्की बर्फबारी, सैलानी उमड़े, उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश की संभावना

हिमालय दर्शन में बर्फ के साथ मस्ती करते सैलानी। ● अमृत विचार

# आखिरकार मार्च में नैनीताल में हुई बर्फबारी

**नैनीताल।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार सरोवर नगरी में रविवार देर रात मूसलाधार बारिश के बाद जमकर ओलावृष्टि व ऊंचाई वाले क्षेत्र हिमालय दर्शन, नयना पीक में हल्की बर्फबारी हुई। नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटकों ने बर्फबारी के साथ खूब मस्ती की।

बीते शनिवार से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने रविवार देर शाम विकराल रूप धारण कर लिया। रात 12 बजे तक हुई बारिश के बाद ओलावृष्टि शुरू हो गई। जब सोमवार सुबह लोग उठे तो घरों की छतों और सड़को पर ओलावृष्टि से चारों ओर सफेदी छा गई थी। हालांकि तेज धूप के बाद दोपहर तक माल रोड, बड़ा बाजार आदि क्षेत्रों में ओले पिघल चुके थे। लेकिन बारापत्थर, हिमालय दर्शन आदि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पाला गिरने से आने वाले कुछ दिनों तक बर्फबारी का दीदार किया जा सकता है।

इधर, मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों में बारिश होने की संभावना है। शेष जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। राज्य में 3200 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की भी संभावना है।

देहरादून में बर्फवारी के बाद सड़कों पर कुछ यूं रेंगते नजर आए वाहन। ● अमृत विचार

नैनीताल हिमालय दर्शन में बर्फ के साथ मस्ती करते सैलानी। ● अमृत विचार

दो दिनों से हो रही बारिश के बाद मौसम खुला तो हल्द्वानी से पहाड़ों का खूबसूरत नजारा दिखाई दिया। ● राजेश श्रीवास्तव

# मार्च में टूटे सारे रिकॉर्ड, 79.5 मिमी बरसा पानी

## पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से दो दिन हुई मूसलाधार बारिश, न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस रहा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पश्चिमी विक्षोभ की वजह से ऐसी बारिश होगी यह किसी ने नहीं सोचा था। रविवार को मूसलाधार बारिश हुई और सिलसिला मध्यरात्रि तक चलता रहा। मार्च में 24 घंटे के दौरान इतनी बारिश पहले कभी दर्ज नहीं की गई है।

रविवार को दिन भर रुक-रुक कर बारिश होती रही लेकिन रात को नौ बजे के बाद मौसम पूरी तरह से बदल गया। गरज के साथ बारिश होने लगी। साथ ही तेज हवाएं भी चलने लगीं। मध्यरात्रि के दौरान मौसम पूरी तरह से डरावना हो गया। रात को करीब दो बजे बारिश रुकी है। सुबह के समय धूप निकली लेकिन आसमान में बादल छाए रहे। सिंचाई विभाग से जानकारी मिली कि गौला बैराज में लगे मीटर के अनुसार 24 घंटे के अंदर ही 79.5 मिमी बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार बीती 2 मार्च को एक ही दिन में 58.2 मिमी बारिश दर्ज हुई थी जो अभी हल्द्वानी और उसके आसपास के इलाकों में दर्ज की गई सबसे ज्यादा बारिश है।

रविवार को बारिश के सभी पुराने रिकॉर्ड टूट गए हैं। इधर हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री रहा और न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री रहा। दिन के समय चटक धूप निकली लेकिन शाम के समय ठंडी हवाएं चलने लगी।

### भीमताल झील का जलस्तर दो इंच बढ़ा

**भीमताल :** भीमताल और आस पास के क्षेत्र में पिछले चौबीस घंटे में रूक रूक कर बारिश होने से जहां झील के जल स्रोत अब भी सूखे हैं वहीं भीमताल झील का जल स्तर दो इंच बढ़ गया है। भीमताल में सिंचाई विभाग के कार्यालय में लगी मशीन के मुताबिक 24 घंटे पहले झील का जलस्तर 38.9 फीट था वहीं आज सवेरे विभागीय कर्मचारियों द्वारा ली गई माप में इसका जल स्तर 39 फीट पहुंच गया। मालूम हो कि भीमताल के डैम की क्षमता 45 फीट की है। लेकिन पुराना होने के कारण इसको वर्तमान में मात्र 44 फीट तक ही भरा जाता है। ऐसे में अब भी भीमताल झील का जल स्तर इसकी अधिकतम क्षमता से पांच फीट कम है।

### बारिश और ओलावृष्टि नैनीझील के लिए वरदान तो काश्तकारों के लिए अभिशाप

**नैनीताल :** बीते दिन हुई मूसलाधार बारिश व ओलावृष्टि सूखने की कगार पर पहुंची नैनी झील के लिए वरदान साबित हुई है। प्राकृतिक जल स्रोत एक बार फिर से पुनर्जीवित हो चुके हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में ओलावृष्टि से काश्तकारों की आलू, मटर, प्याज, टमाटर,आड़ू, पुलम, खुमानी सहित अन्य फसलों व फलों की पैदावार बर्बाद हो चुकी है, जिससे अब काश्तकारों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं।

### पीरुमदारा में गेहूं की फसल चौपट

**पीरूमदारा/रामनगर।** बारिश और ओलावृष्टि से पीरुमदारा क्षेत्र में गेहूं की फसल को भारी नुकसान हुआ है। तेज हवाओं से किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई है। तेज हवा के साथ ओले पड़ने के कारण अनेक स्थान पर बौर झड़ चुके हैं। दीवान कटारिया और नवजोत ग्रेवाल ने कहा गेहूं की गुणवत्ता व उत्पादन पर 50 प्रतिशत असर पड़ने की संभावना है।

# दो दिन की बारिश में खुली लोनिवि के कार्यों की पोल

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** दो दिन की बारिश में भवाली-भीमताल मार्ग और हल्द्वानी-भीमताल मार्ग पर लोक निर्माण विभाग और जल संस्थान द्वारा कराए गए कार्य की गुणवत्ता की पोल खुल गई। मामला महरागांव का है।

यहां के निवासियों के मुताबिक जल संस्थान द्वारा इस क्षेत्र में पेयजल लाइन को डालने का कार्य किया गया है। कार्य को करते समय ग्रामीणों ने कर्मचारियों से खोदे गए स्थान से मलबे को हटाने को कहा था। मांग पर सुनवाई नहीं हुई नतीजतन सारा मलबा बहकर भीमताल भवाली मार्ग पर आ गया। इससे दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई। वहीं कार्य अधूरा होने पर लोगों की चहारदीवारी को खतरा उत्पन्न हो गया। स्थानीय निवासी कंचन दरियाल ने बताया कि मामले की जानकारी जल संस्थान के अधिकारियों को दे दी गई है। शीघ्र ही समस्या का निस्तारण करने का



महरागांव में सड़क पर फैली रेता बजरी।

आश्वासन दिया गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा भवाली से हल्द्वानी तक अभी कुछ माह पूर्व करोड़ों की लागत से डामरीकरण का कार्य किया गया है। यह डामर एक बरसात भी नहीं सहन कर सका है। नतीजतन बाईपास मार्ग, थाने के नीचे हल्द्वानी मार्ग और भीमताल हल्द्वानी मार्ग पर कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं। भीमताल की जनता ने जल संस्थान और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से गुणवत्ता और अच्छी सामग्री के साथ कार्य करने की मांग की है।

# ओला प्रभावित जंगलिया गांव का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

▸▸ किसानों ने 90 प्रतिशत फसल प्रभावित होने की बात कही

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव में भारी ओलावृष्टि से फसल चौपट हो गई। ग्राम प्रधान राधा कुलियाल की सूचना के बाद कृषि विभाग और उद्यान विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर नुकसान का जायजा लिया।

क्षेत्र में तैनात उप राजस्व निरीक्षक चंद्र नाथ गोस्वामी और उद्यान निरीक्षक निहारिका शर्मा ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। ग्रामीण गोपाल दत्त पलडिया, टीकाराम पलडिया, सुरेश चंद्र आर्य, ललित मोहन, सुरेंद्र सिंह पोखरिया, मदन सिंह पडियार, राजेंद्र सिंह कुलियाल, लक्ष्मण सिंह कुलियाल, देवेंद्र सिंह कुलियाल, सुरेश चंद्र सिंह कुलियाल, त्रिलोक चंद्र पाटनी समेत अन्य ग्रामीणों ने शासन से मुआवजा देने की मांग की है। इन काश्तकारों के मुताबिक क्षेत्र में 90 प्रतिशत से अधिक का नुकसान हुआ है।

खेत का निरीक्षण करतीं राजस्व विभाग की अधिकारी। ● अमृत विचार

सभी फील्ड कर्मचारियों को निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के लिए पत्र लिखा गया है। तीन चार दिन बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।
**-डॉ. बीकेएस यादव,** मुख्य कृषि अधिकारी

ओलावृष्टि से भीमताल ब्लॉक के सभी गांवों में खेतों में खड़ी मटर, आलू, प्याज, गेहूं की फसल को भी ओलावृष्टि के चलते भारी नुकसान हुआ है। बागवानी में लग रहे आड़ू पुलम अन्य के फूल गिरने से किसान मायूस हैं। सरकार को प्रभावित किसानों को नुकसान का शीघ्र मुआवजा देना चाहिए।
**-डॉ. हरीश सिंह बिष्ट,** ब्लॉक प्रमुख

कई लोगों ने ऋण लेकर बीज की व्यवस्था की थी। ऐसे में मौके पर ही नुकसान का आकलन कर तुरंत मुआवजा राशि दे देनी चाहिए। शीघ्र मुआवजा नहीं दिया गया तो काश्तकारों के साथ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।
**-कार्तिक कर्नाटक,** जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस

# बीडी पांडे अस्पताल की पार्किंग का ठेका रचना साह को मिला

बीडी पांडे अस्पताल की पार्किंग को लेकर बैठक करते अधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ डीएसए व मेट्रोपोल पार्किंग की निविदा 11 मार्च को खोली जाएगी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पालिका में सोमवार को प्रशासक केएन गोस्वामी, ईओ राहुल आनंद, लोक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना व गठित टीम के नेतृत्व में बीडी पांडे पार्किंग सहित नाला नम्बर 23, घोड़ा स्टैंड, व बारापत्थर मोड़ समेत कुल चार पार्किंगों की निविदा खोली गई। इसमें बिमल बिष्ट व रचना साह के दो आवेदन आए थे। लेकिन बिमल बिष्ट के आवेदन को निरस्त कर दिया था।

ऐसे में एकमात्र रचना साह की फाइनेंसियल बिट खोली गई। इसमें रचना साह द्वारा 50 लाख 52 हजार एक सौ रुपये का टेंडर डाला गया था। दूसरा आवेदक नहीं होने के चलते अगले एक वर्ष तक पार्किंग का संचालन रचना साह को दिया गया। जबकि बीते वर्ष पार्किंग का ठेका 41 लाख 61 हजार में हुआ था।

उधर, एसडीएम केएन गोस्वामी ने बताया कि मेट्रोपोल व डीएसए पार्किंग की निविदा अब 11 मार्च को खोली जाएगी। कहा कि दूसरी बार भी कोई आवेदन नहीं आने से एक बार फिर से निविदा जारी की गई है। अब अगर तीसरी बार भी कोई आवेदन नहीं आता है तो फिर पालिका डीएसए पार्किंग का खुद भी संचालन कर सकती है।

## कांवड़ियों के लिए रोडवेज लगाएगा 8 अतिरिक्त बसें

**हल्द्वानी :** महाशिवरात्रि पर कांवड़ियों के लिए हरिद्वार जाने के लिए रोडवेज अतिरिक्त बसों व्यवस्था करने में जुट गया है। कांवड़ियों को महाशिवरात्रि के मौके पर हल्द्वानी व अन्य आसपास इलाकों से हरिद्वार जाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़े इसके लिए रोडवेज 8 बसों का संचालन करेगा। एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि निगम की ओर से 8 बसों का संचालन डिपो से करेगा।

### रूद्रा लायंस ने 257 रन से जीता मैच

**हल्द्वानी :** जीएनजी क्रिकेट मैदान में आयोजित कुमाऊं कप अंडर क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए रूद्रा लायंस 8 विकेट के नुकसान पर 398 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए अभिमन्यु कांडपाल ने 18 चौके व 5 छक्कें की बदौलत 143 रन का योगदान दिया वहीं जवाब में उतरी उत्तराखंड क्रिकेट एकेडमी की टीम 141 रन ही बना पाई और रूद्रा लायंस रुद्रपुर ने 257 रन से मैच अपने नाम किया।

# खेल मैदान का होगा कायाकल्प

▸▸ डीएसए मैदान में बनेगा बॉक्सिंग रिंग

▸▸ सौंदर्यीकरण की जिम्मेदारी ग्रामीण निर्माण विभाग को

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल के एकमात्र खेल मैदान डीएसए में अब खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा मिल पाएगी। जिला प्रशासन ने मैदान के सौंदर्यीकरण का प्लान तैयार किया है।

149.96 लाख से मैदान का समतलीकरण कर चारों ओर से रेलिंग व फेंसिंग लगाई जाएगी। दर्शकों के बैठने के लिए बेंच व खिलाड़ियों के लिए शौचालय बनाए जाएंगे। ग्रामीण निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता केके जोशी ने बताया कि खेल मैदान से क्रिकेट बाल और फुटबाल बाहर न जाए, इसलिए पंत पार्क की ओर दीवार के ऊपर फेंसिंग निर्माण किया जाएगा।

कोतवाली से मस्जिद तिराहे तक संकरी सड़क होने के कारण अक्सर जाम की समस्या रहती है। ऐसे में मैदान की ओर कालम खड़े कर सड़क को करीब सात फीट चौड़ा किया जाएगा। मैदान के ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए नालों का निर्माण व मौजूदा पार्किंग को भी बेहतर किया जाना है। बाक्सिंग रिंग का न्यू क्लब के पास निर्माण कराया जाएगा। दूसरे चरण में मैदान में झील किनारे लगी क्लाइम्बिंग वाल भी न्यू क्लब के पास शिफ्ट की जानी है।

### राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खेलों का गवाह रहा है मैदान

शहर के डीएसए मैदान का गौरवशाली इतिहास रहा है। 1880 भूस्खलन के बाद इस मैदान का निर्माण हुआ, जिसमें अंग्रेजों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए। ब्रिटिशकाल के दौरान स्थापित यह मैदान तमाम राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों का गवाह रहा है। देखरेख के अभाव में मैदान की वर्तमान स्थिति जर्जर हो चुकी है। डीएम वंदना सिंह ने बताया कि जिला विकास प्राधिकरण से कार्यदायी संस्था को बजट जारी करवाकर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## ट्रैकिंग को नियंत्रित व सुरक्षित बनाने के लिए मांगे सुझाव

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शासन उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ट्रैकिंग को सुरक्षित बनाने के लिए तत्पर है। सोमवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने वर्चुअली उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ट्रैकिंग को नियंत्रित करने के लिए राज्य आपदा प्राधिकरण की ओर से तैयार की गई एसओपी के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि ट्रैकर्स का पंजीयन अनिवार्य हो, ट्रैकर्स को नियमित तौर पर प्रशिक्षण दिया जाए, ट्रैकर्स के पास जीपीएस, मेडिकल जांच व त्वरित राहत के लिए चिकित्सकीय उपकरण होना आवश्यक है। सरकारी पोर्टल में उनका पंजीयन होना आवश्यक है। अभी तक सरकार के पास अलग-अलग क्षेत्रों में गए ट्रैकर्स का डाटा उपलब्ध नहीं है।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि ट्रैकिंग नियंत्रित व सुरक्षित करने के लिए एसओपी बनाई जा रही है इसके लिए सभी स्टेक होल्डर्स के सुझाव लिए जा सकते हैं। मंडलायुक्त दीपक रावत ने कुमाऊं मंडल में ट्रैकर्स, ट्रैवल्स एजेंसियों से एसओपी को लेकर सुझाव मांगे हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित अपने सुझाव मंडलायुक्त कार्यालय नैनीताल/हल्द्वानी, ई-मेल से दे सकते हैं।

# छोटा कैलाश में शिवरात्रि मेले की तैयारी जोरों पर

**भीमताल :** सात मार्च से प्रारंभ होने जा रहे छोटा कैलाश शिवरात्रि मेले की तैयारियां जोरों पर हैं।

जहां लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना विभाग ने मार्ग पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है तो बिजली विभाग ने चोटी तक तीन फेस की लाइन पहुंचा दी है। आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलडिया ने बताया कि तीन फेस की लाइन आ जाने के कारण तीन किमी के पैदल मार्ग पर पथ प्रकाश व्यवस्था अच्छी हो जाएगी। बताया कि आदि कैलाश विकास समिति चोटी पर पानी की व्यवस्था कर रही है। श्रद्धालुओं ने बताया कि तीन दिन से बिजली नहीं आने के कारण क्षेत्र में बिजली का संकट है। अवगत कराया कि शिवरात्रि मेले के आयोजन को कुछ ही घंटे बचे हैं ऐसे में अलानी गधेरे से पंपिंग योजना प्रभावित है। विभाग पर भीमताल हैड़ाखान फीडर जो कि 120 किमी लंबा फीडर है उसको अलग करने की मांग पर भी कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से फीडर को पृथक करने की मांग की है।

**आंकलन** शासन की ओर से मतदान के लिए उपलब्ध कराई गई हैं सुविधाएं

# लोकसभा चुनाव में वोट करेंगे 5999 दिव्यांग

▸▸ प्रत्येक विधानसभा के लिए नामित आदर्श दिव्यांग मतदाता केंद्र बनाए गए

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** नैनीताल ऊधमसिंह नगर लोकसभा चुनाव में 5999 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे।

लालकुआं में 843, भीमताल में 1288, नैनीताल में 893, हल्द्वानी में 839, कालाढूंगी में 1209, और रामनगर में 927 दिव्यांग मतदाता हैं। वहीं लालकुआं में 536 पुरुष 307 महिला, भीमताल में 801 पुरुष 487 महिला, नैनीताल में 557 पुरुष 336 महिला, हल्द्वानी में 522 पुरुष और 317 महिला, कालाढूंगी में 756 पुरुष और 453 महिला, और रामनगर में 560 पुरुष और 367 महिला दिव्यांग मतदाता हैं।

### आदर्श दिव्यांग मतदाता केंद्र बनाए गए

लोकसभा के लिए विधानसभा वार आदर्श दिव्यांग मतदाता केंद्र बना दिए गए हैं। नोडल अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि लालकुआं विधानसभा क्षेत्र के लिए नवाड़खेड़ा आरएन नंबर वन जहां दिव्यांग जनों की संख्या 32 है, भीमताल विधानसभा में जंगलिया गांव जहां दिव्यांग जनों की संख्या 67, नैनीताल विधानसभा ल्वेशाल जहां मतदाताओं की संख्या 35, हल्द्वानी विधान सभा के लिए कुष्ठ रोग आश्रम धर्मशाला जहां दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 25, कालाढूंगी विधानसभा के लिए बंदरजुड़ा जहां मतदाताओं की संख्या 30, रामनगर के लिए नयागांव तेलीपुरा जहां दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 30 है को आदर्श दिव्यांग मतदाता केंद्र बनाया गया है।

जिनको नामित आदर्श मतदाता केन्द्र बनाया गया है। इन केन्द्रों में शासन द्वारा दिए गए निर्देश के तहत दिव्यांग जनों को मतदान के दिन सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।
**-दीपांकर घिल्डियाल,** नोडल अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी

नैनीताल ऊधम सिंह नगर लोकसभा में 3732 पुरुष व 2267 महिला मतदाता हैं। शासन से इनको मत देने के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

# पार्कों को गोद लेने की अपील

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पालिका की ओर से डीएसए मैदान के पास ई रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट बनाया गया है। इसका सोमवार को पालिका प्रशासक एसडीएम केएन गोस्वामी और अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद की ओर से निरीक्षण किया गया।

साथ ही पंत पार्क के समीप बने तीनों पार्क चिल्ड्रन पार्क, बाल्मीकि पार्क और बोट हाउस क्लब पार्क का भी निरीक्षण किया गया। तीनों पार्कों के संरक्षण व रखरखाव के लिए पार्कों को गोद लेने के लिए संस्थाओं से अपील भी की गई। पूर्व में जिन संस्थाओं को पार्कों को गोद दिया गया था। उनकी ओर से पार्कों का उचित रखरखाव नहीं किया गया। जिस कारण पालिका पुनः पार्कों को गोद देने के लिए अन्य संस्थाओं को खोज रही है। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने बताया कि ई रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट बना दिया गया है। जल्द ही 14 और ई रिक्शा लाए जाएंगे। साथ ही जो संस्थाएं पार्क को गोद लेना चाहती हैं। वह पालिका कार्यालय आकर संपर्क कर सकते हैं।

ई-रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट का निरीक्षण करते प्रशासक व ईओ। ● अमृत विचार

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

## एक नजर

### जहर खाने से युवक की मौत

**हल्द्वानी :** टीपीनगर में एक युवक की विषैला पदार्थ खाने से मौत हो गई। टीपीनगर चौकी प्रभारी सुशील जोशी ने बताया कि सीएमटी कॉलोनी डहरिया निवासी रवि आर्या (28 वर्ष) पुत्र चंदन राम ने दो मार्च शाम को संदिग्ध परिस्थिति में विषैला पदार्थ गटक लिया। उसी दिन एसटीएच में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### चतुर्थ वर्गीय राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक आज

**हल्द्वानी :** चतुर्थ वर्गीय राज्य कर्मचारी महासंघ की हल्द्वानी शाखा के महामंत्री हरकेश भारती ने बताया कि शाखा का कार्यकाल पूरा हो गया है, इसलिए चुनाव कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस बाबत आज दोपहर दो बजे तिकोनिया स्थित चतुर्थ श्रेणी वन कर्मचारी संघ भवन में बैठक होगी।

### अग्रवाल समाज व अग्रसेन युवा समिति पिता-पुत्री की मदद को आई आगे, धानमिल में दिलवाया किराया का घर, दोनों की काउंसलिंग भी की जाएगी

# अब किराए के घर में पुत्री के साथ रहेंगे पूर्व लैब असिस्टेंट सतीश

**खबर का असर**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज से सेवानिवृत्त पूर्व लैब असिस्टेंट और उनकी बेटी को रोडवेज पर रात गुजारनी होगी न भीख मांगकर पेट पालना होगा। अग्रवाल समाज व अग्रसेन युवा समिति उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए आगे आए हैं। पिता-पुत्री को रहने के लिए एक भवन किराए पर दिलवाया गया है। उनकी जरूरतें पूरी करने के लिए वस्तुएं दी गई हैं। उनको फिर से ऐसी नारकीय जिंदगी नहीं गुजारने पड़े इसलिए उनकी काउंसलिंग भी की जाएगी।

बस अड्डे से अपना सामान रिक्शे में भरते सतीश अग्रवाल व सामान लेकर जाती उनकी बेटी। ● अमृत विचार

बता दें कि बीते 2 मार्च को अमृत विचार ने एमबीपीजी कॉलेज के पूर्व लैब असिस्टेंट बेटी संग मांग रहे भीख शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। जिसके बाद अग्रवाल समाज ने खबर का संज्ञान लिया और सोमवार को उनकी मदद के लिए रोडवेज पहुंचे। एमबीपीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग में लैब असिस्टेंट के पद पर कार्यरत रहे सतीश अग्रवाल और उनकी बेटी काफी समय से सड़क पर हैं। वह दिनभर भटकते हैं, उनकी बेटी पूरे दिन यहां-वहां भीख मांगती थी। पिता-पुत्री रात रोडवेज में बिताते थे। सतीश ने इसकी वजह अपनी पारिवारिक और आर्थिक स्थिति को खराब होना बताया था। उनका बैंक खाता फ्रीज है और उनकी सारी पूंजी खर्च हो चुकी है। जिसकी वजह से उन्हें बेटी संग भीख मांगना पड़ा रहा था। फिलहाल, अब दोनों धानमिल में किराए के घर में रह रहेंगे।

### मदद और खाता चालू करने का दिया भरोसा

**हल्द्वानी :** अग्रवाल सभा और महाराजा अग्रसेन युवा समिति ने सतीश को भरोसा दिया है कि वह उनकी हर संभव मदद करेंगे। उन्होंने सतीश के फ्रीज हो चुके बैंक खाते को दोबारा चालू कराने में मदद का आश्वासन दिया। साथ ही सतीश की बेटी को ट्यूशन पढ़ाने के लिए प्रेरित किया। बता दें सतीश की बेटी एमएससी गणित से पास की है। बावजूद इसके परिस्थितियां ऐसी बनीं कि होनहार बेटी को भी सड़क पर बैठ कर भीख मांगना पड़ गया।

### अमृत विचार को दिया धन्यवाद

**हल्द्वानी :** अग्रवाल समाज के देवेश अग्रवाल ने बताया कि अमृत विचार में खबर पढ़ने के बाद उनको सतीश की इस हालत के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि खबर पढ़ने के बाद अग्रवाल समाज के लोगों ने बैठक की और सतीश व उनकी बेटी की हर तरह से मदद करने का निर्णय लिया। उन्होंने अमृत विचार को प्रमुखता से खबर प्रकाशित करने व जनहित से जुड़े मुद्दे उठाने के लिए धन्यवाद दिया।

### वरिष्ठ नागरिकों ने डीएम को लिखा पत्र

**हल्द्वानी :** अमृत विचार के बीते 19 फरवरी के अंक में वृद्धाश्रम नहीं होने से रोडवेज परिसर में रात बिता रहे वृद्ध शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे ने बताया कि असहाय बुजुर्गों की मदद के संबंध में एक पत्र जिलाधिकारी व समाज कल्याण विभाग को भेजा है। बता दें कि तीन महिलाएं लंबे समय से रोडवेज परिसर में रहती हैं। एक महिला को यहां 7 साल हो गए हैं। चौखुटिया अल्मोड़ा की बसंती देवी के पिता सेना थे। पिता की मृत्यु के बाद उन्हें पेंशन नहीं मिली और अविवाहित होने के चलते बसंती का यह हाल हो गया।

# मलिक के घर पर 2.68 करोड़ की वसूली का नोटिस चस्पा

### तहसील प्रशासन ने सोमवार को लाइन नंबर आजाद नगर स्थित घर पर लगाया नोटिस, आज जेल में तामील कराया जाएगा नोटिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तहसील प्रशासन ने बनभूलपुरा बवाल के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के घर 2.68 करोड़ रुपये की वसूली का नोटिस चस्पा कर दिया है। आज जिला जेल नैनीताल में मलिक को नोटिस तामील कराया जाएगा।

बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में कंपनी बाग में नजूल भूमि से अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम, प्रशासन, पुलिस की संयुक्त टीम पर उपद्रवियों ने पथराव व आगजनी की और बनभूलपुरा पुलिस थाना फूंक दिया था। अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम की जेसीबी, वाहन, अन्य उपकरणों को भी क्षतिग्रस्त किया था। इस पर पूर्व नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने नुकसान का आकलन करने के बाद भरपाई के लिए अब्दुल मलिक निवासी लाइन नंबर-8, आजाद नगर की 2,68,40002 रुपये की आरसी काट दी थी।

इसमें 2.44 करोड़ रुपये जुर्माना, 24.40 लाख रुपये वसूली शुल्क व 2 रुपये साइटेशन शुल्क शामिल हैं। तहसील प्रशासन पहले तो फरार अब्दुल मलिक की तलाश कर रहा था लेकिन उसकी गिरफ्तारी के बाद वसूली के लिए उसकी चल-अचल संपत्ति ढूंढने में लग गया था। साथ ही जेल में बंद बंदी को नोटिस तामीली को लेकर भी कानूनी दावपेच समझे जा रहे थे। इधर, सोमवार को संग्रह अमीन ने मलिक के आजाद नगर स्थित घर पर वसूली का नोटिस चस्पा कर दिया है। संभावना है कि आज जिला जेल में बंद मलिक को जेल में ही नोटिस तामील कराया जाएगा।

अब्दुल मलिक के आजाद नगर स्थित घर पर नोटिस चस्पा करते तहसील कर्मी।

### बोले तहसीलदार

अब्दुल मलिक के घर पर वसूली का नोटिस चस्पा कर दिया है। आज जिला जेल नैनीताल में उसको नोटिस तामील कराया जाएगा। यदि वह रकम जमा नहीं करता है तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

–**सचिन कुमार**, तहसीलदार, हल्द्वानी

### बनभूलपुरा में पुलिस का फ्लैग मार्च

चुनाव को देखते हुए पुलिस और आईटीबीपी ने बनभूलपुरा में फ्लैग मार्च किया। बता दें कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हुई हिंसा के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया था। 21 फरवरी को क्षेत्र कर्फ्यू मुक्त हुआ। पहले से ही संवेदनशील बनभूलपुरी हिंसा के बाद अति संवेदनशील इलाकों में शामिल हो गया। सोमवार को थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने पुलिस टीम और आईटीबीपी के जवानों के साथ बनभूलपुरा में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान लोगों से शांति कायम रखने और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

बनभूलपुरा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालते आईटीबीपी और पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

## पुलिस को नहीं मिली मोईद की रिमांड

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा का मास्टर माइंड कहे जा रहे अब्दुल मलिक दोबारा जेल पहुंच चुका है। जिसके बाद पुलिस ने अब्दुल मोईद की रिमांड के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई, लेकिन न्यायालय ने रिमांड देने से इंकार कर दिया। पुलिस मोईद की रिमांड को जरूरी मान रही है और रिमांड के लिए पुलिस दोबारा कोशिश करेगी।

बता दें कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हिंसा भड़की थी और इसकी शुरुआत मलिक का बगीचा में उस जमीन से हुई, जिस पर अब्दुल मलिक अपना दावा कर रहा था। पुलिस अब्दुल मलिक को हिंसा का मास्टर माइंड मान रही है। 23 फरवरी को मलिक की दिल्ली से गिरफ्तारी हुई, जिसके बाद उसे कोर्ट की संस्तुति के बाद रिमांड पर लिया गया। रिमांड खत्म होने के बाद मलिक दोबारा नैनीताल जेल पहुंच चुका है।

रिमांड के दौरान मलिक से करीब दो सौ सवाल पूछे गए। इस बीच अब्दुल मोईद की भी गिरफ्तारी हो गई। सूत्रों का कहना है कि मलिक से पूछे गए सवालों को वेरीफाई करने के लिए पुलिस ने न्यायालय से मोईद के रिमांड की डिमांड की, लेकिन कोर्ट ने रिमांड देने से इंकार कर दिया। अब पुलिस दोबारा रिमांड के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी।

## बनभूलपुरा थाना फूंकने वाला एक और पहुंचा जेल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा थाना फूंकने में शामिल एक और शातिर सलाखों के पीछे पहुंच चुका है। हिंसा से जुड़े कुल तीन लोगों की पुलिस ने गिरफ्तारी की है। इस मामले में अब तक 92 लोग सलाखों के पीछे पहुंच हैं और आरोपियों की शिनाख्त अब भी जारी है।

बनभूलपुरा में भड़की हिंसा के बाद आरोपियों के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज किए गए थे। पहला मुकदमा बनभूलपुरा थाना, दूसरा मुखानी थाना और तीसरा नगर निगम की ओर से दर्ज कराया गया था। बनभूलपुरा थाने की ओर से दर्ज मुकदमे में अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद को भी आरोपी बनाया गया था। इन दोनों की भी गिरफ्तारी हो चुकी है। रविवार की देर रात हिंसा के मामले में पुलिस ने आजादनगर बनभूलपुरा निवासी जहीर, उत्तर उजाला बनभूलपुरा निवासी मो. शाकिर और लाइन नंबर 18 बनभूलपुरा निवासी दानिश खान को गिरफ्तार किया है। सोमवार की सुबह तीनों आरोपियों का पुलिस ने बेस अस्पताल में मेडिकल कराया। सभी को सेशन कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इनमें से जहीर बनभूलपुरा थाने की ओर से दर्ज मुकदमे का आरोपी है।

**शिकंजा**

- हिंसा से जुड़े तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- अब तक कुल 92 लोगों की हुई है गिरफ्तारी

## मौत के बाद मिला इंसाफ, नाबालिग के दुष्कर्मी को 20 साल कैद की सजा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नाबालिग हिंदू लड़की के दुष्कर्मी को सजा मिलती, इससे पहले ही लड़की की मौत हो गई। मामले में मजिस्ट्रेट के बयान और डीएनए सैंपल की बदौलत दोष सिद्ध हुआ और न्यायालय ने समुदाय विशेष के दोषी को 20 साल कारावास के साथ 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

पीड़िता की ओर से मामले की पैरवी कर रहे एडीजीसी नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि 11 नवंबर 2020 को रामनगर क्षेत्र की एक 15 वर्षीय किशोरी रात करीब 11 बजे अपने घर से लापता हो गई थी। 12 नवंबर 2020 की सुबह किशोरी पड़ोस में रहने वाले समुदाय विशेष के युवक के साथ क्षेत्र के ही एक स्कूल के पास मिली। किशोरी के पिता ने युवक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया और मुकदमा दर्ज कराया। किशोरी के बयान हुए तो पता चला कि आरोपी उसे शादी करने की बात कहकर रात करीब 11 बजे घर से ले गया और जबरन शारीरिक संबंध बनाए।

पुलिस ने छह जनवरी 2021 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। 21 अक्तूबर 2021 को कोर्ट ने मामले की सुनवाई शुरू की, लेकिन कोर्ट में बयान दर्ज कराने से पहले लड़की की मौत हो गई। घटना के अगले दिन मौके पर मिले किशोरी और आरोपी के कपड़ों को फॉरेंसिक जांच के लिए देहरादून लैब भेजा गया। जांच रिपोर्ट में युवक के दुष्कर्म करने की पुष्टि हुई। एडीजीसी ने लड़की के 164 के बयान लेने वाली मजिस्ट्रेट की भी कोर्ट में गवाही दिलाई और नौ गवाह पेश किए गए। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये एफएसएल देहरादून के उप निदेशक डा.मनोज अग्रवाल ने भी गवाही दी।

इसके आधार पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट नंदन सिंह की कोर्ट ने सोमवार को तेलीपुरा रामनगर निवासी सुबहान को दोषी करार हुए 20 साल सश्रम कारवास और 20 हजार रुपये आर्थिक दंड की सजा सुनाई।

## युवती के अपहरण के आरोपी की न्यायिक हिरासत बढ़ी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** ग्रामीण क्षेत्र से लापता होने के बाद मल्लीताल से बरामद की गई युवती के अपहरण के आरोपी की न्यायिक हिरासत को 17 मार्च तक बढ़ा दिया है। युवती को कोर्ट में पेश नहीं किया जा सका है। पुलिस के जांच करने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

शहर के समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में बीते शुक्रवार को 22 वर्षीय युवती गुम हो गई थी। 24 घंटे तक वन विभाग, राजस्व की टीम व ग्रामीण उसे जंगल में तलाशते रहे मगर वह दूसरे दिन युवती मल्लीताल स्थित एक गेस्ट हाउस में बरामद हो गई। मामले में राजस्व पुलिस ने नैनीताल निवासी आसिफ जलाल के विरुद्ध आईपीसी की धारा 365, 366 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे एक दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा था। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि सोमवार को दोबारा पेशी में कोर्ट ने आरोपित की न्यायिक हिरासत को 17 मार्च तक बढ़ा दी है। युवती को कोर्ट में पेश नहीं किया जा सका। मामले की जांच पुलिस को हस्तांतरित कर दी गई है। आगे की जांच पुलिस ही करेगी। एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि जांच हस्तांतरण को फोन पर वार्ता हुई है। दस्तावेज पहुंचने के बाद मंगलवार से जांच पुलिस कर्मियों को सौंप दी जाएगी।

## मदरसों में आधुनिक शिक्षा दें ताकि बच्चे डॉक्टर-इंजीनियर बन सकें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने सोमवार को बनभूलपुरा स्थित मदरसा इशातुल हक का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मदरसा प्रबंधक से संवाद कर बच्चों की दीनी तालीम की जानकारी ली।

मुफ्ती कासमी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनका लाभ अल्पसंख्यक समाज को मिल रहा है। उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद की समकक्ष मान्यता के संबंध में शीघ्र ही निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी मदरसों का पंजीयन अनिवार्य रूप से होना चाहिए। मुख्यमंत्री धामी का विजन है कि मदरसों में आधुनिक शिक्षा होनी चाहिए ताकि यहां तालीम लेने वाले बच्चे भी डॉक्टर व इंजीनियर बनकर देश की सेवा कर सकें। उन्होंने बनभूलपुरा घटना की निंदा करते हुए सभी से अमन, शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की और समय से राहत देने जिला प्रशासन का आभार जताया है। इस दौरान पीसीएस ऋचा सिंह, ओवैस, रहमत अली, मुफ्ती जाबिर अली, सीमा परवीन, मौलाना अहमद अली नूरी, मौलाना इरशाद मुफ्ती नईम अजहरी मौजूद रहे।

इशातुल हक मदरसे में प्रेस वार्ता करते मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी।

**विरोध** | गौला खनन मजदूर उत्थान समिति ने मोटाहल्दू गेट पर हुई बैठक में लिया फैसला

## जब तक 29 का रेट नहीं, बेमियादी हड़ताल रहेगी जारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौला खनन मजदूर उत्थान समिति ने ऐलान किया है कि जब तक स्टोन क्रशर्स 29 रुपये का रेट नहीं देते हैं तब तक बेमियादी हड़ताल जारी रहेगी।

सोमवार को मोटाहल्दू उपखनिज निकासी गेट पर समिति की बैठक हुई। गेट अध्यक्ष भगवान सिंह धामी ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में रॉयल्टी के रेट तय हुए थे। अब रेट के साथ छेड़छाड़ क्यों की जा रही है। बेरीपड़ाव गेट अध्यक्ष जीवन वोरा ने कहा कि स्टोन क्रशर्स वाहन स्वामियों की मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं। हल्दूचौड़ गेट प्रभारी रमेश कांडपाल ने कहा कि जब तक 29 रुपये का रेट नहीं मिलता है तब तक बेमियादी हड़ताल की जाएगी। समिति अध्यक्ष रमेश चंद जोशी ने कहा शासन-प्रशासन से वार्ता की जाएगी। यदि फिर भी स्टोन क्रशर्स स्वामियों ने बात नहीं मानी तो हड़ताल मुखर की जाएगी। ठेकेदार, श्रमिक, वाहन स्वामियों सब एक साथ सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे। इस दौरान हेमचंद दुर्गापाल, इंद्र सिंह नयाल, रमेश चंद्र जोशी, नफीस चौधरी, नरेंद्र सिंह राणा, सुरेश चंद्र जोशी, पूरन पाठक, मदन उपाध्याय, गोकुल कांडपाल, शेखर कांडपाल, हरीश कांडपाल, चंद्रशेखर पंत, नवीन चंद्र जोशी, इंद्र सिंह, अमनदीप, गुरचरण सिंह, हरिश्चंद्र तिवारी, संजय शर्मा, मोहन पलड़िया, गणेश चंद्र, राजेंद्र बल्लभ जोशी मौजूद रहे।

मोटाहल्दू गेट पर बैठक करते वाहन स्वामी। ● अमृत विचार

### डंपर एसोसिएशन ने हड़ताल से किया इंकार

डंपर एसोसिएशन ने किसी भी किस्म की हड़ताल में शामिल होने से इंकार किया है। एसोसिएशन की एक बैठक सोमवार को आंवला चौकी गेट पर हुई। डंपर स्वामियों ने कहा कि क्रशर स्वामियों ने अभी तक नए रेट की सूची चस्पा नहीं की गई है। जब तक घटी हुई रेट लिस्ट चस्पा नहीं होती है तब तक उनका विरोध नहीं होगा। सभी डंपर स्वामी पूर्व की तरह ही नदी से उपखनिज लाकर क्रशर्स को देते रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह से गौला नदी के उपखनिज निकासी गेट बंदी, हड़ताल से कोई लेना देना नहीं है। आरोप लगाया कि राजनीति की वजह से लोग गेट बंद करने की झूठी खबरें फैला रहे हैं। उनका इससे कोई लेनादेना नहीं है। इस दौरान संरक्षक इंद्र बिष्ट, संजय वोहरा, हरीश पांडे, पप्पू नेगी, कंचन जोशी आदि मौजूद रहे।

## वाजपेयी ने संभाला सिटी मजिस्ट्रेट का कार्यभार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पीसीएस अधिकारी अब्ज प्रसाद वाजपेयी ने सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट का पदभार ग्रहण कर लिया। वाजपेयी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता शहरी क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, अंतर विभागीय समन्वय स्थापित कर विकास योजनाओं का क्रियान्वयन, आगामी लोकसभा व निकाय चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से बनाना है। इसी के साथ ही जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण में बतौर संयुक्त सचिव नक्शा स्वीकृति के लिए सरलीकरण व समाधान पर जोर देना है। जन समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा।

## बजूनियाहल्दू व आंवलाकोट में अवैध क्लीनिक का चालान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग और ड्रग्स इंस्पेक्टर ने ने कोटाबाग में क्लीनिक व मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। जांच में अवैध पाने पर दो क्लीनिकों को चालान किया गया और मेडिकल स्टोर संचालकों को भी नोटिस दिए गए।

सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम और ड्रग्स इंस्पेक्टर मीनाक्षी बिष्ट कोटाबाग पहुंचीं। टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही बजूनिया हल्दू और नौदा में दो क्लीनिकों पर ताला मार दिया गया। आंवलाकोट और बजूनियाहल्दू में जांच में पता चला कि दो क्लीनिक अवैध तौर पर चलाए जा रहे हैं। इन क्लीनिकों को मेडिकल इस्टबलिसमेंट एक्ट में चालान किया गया। कुछ मेडिकल स्टोरों में भी खामियां मिलीं। मेडिकल स्टोर स्वामियों को नोटिस दिए गए। इस दौरान एसीएमओ डॉ. रजत भट्ट, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप मर्तोलिया, राघवेंद्र सिंह रावत, गीतेश पांडे रहे।

## सार-संक्षेप

श्रमिकों को कंबल व छाते बांटते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

### विधायक कैड़ा ने 350 श्रमिकों को बांटे कंबल व छाते

**भीमताल :** श्रम विभाग की ओर से रामगढ़ ब्लॉक के नथुवाखान रिठा पोखरा में शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक राम सिंह कैड़ा ने किया। उन्होंने कहा कि नवीनीकरण नहीं होने से सैकड़ों श्रमिकों का पंजीयन निलंबित हो गया था, इस वजह से उन्हें सरकारी मदद नहीं मिल पा रही थी। शिविर में इन श्रमिकों का पंजीयन नवीनीकरण कराया गया। इस मौके पर 350 श्रमिकों को कंबल, छाता, सैनिटरी पैड वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार का प्रयास है कि गांव के अंतिम छोर के व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके, इसलिए गांव-गांव कैंप लगाए जा रहे हैं। इस बार 400 पार के नारे के साथ राज्य की पांचों संसदीय सीटों पर भाजपा पांच लाख से अधिक मतों से जीत दर्ज करेगी और नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

चुनाव में विजेता पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ का चुनाव संपन्न

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी डिपो के उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ का वार्षिक चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। इसमें अध्यक्ष कनिष्ठ लिपिक मीता जोशी, उपाध्यक्ष परिचालक महेश चंद्र सिंह, उपाध्यक्ष परिचालक राजेश दुम्का, मंत्री परिचालक गौरव जोशी, उपमंत्री परिचालक मिथलेश यादव, संगठनमंत्री परिचालक कुसुम गौड़, कोषाध्यक्ष कार्यालय सहायक गिरीश चंद्र बिरखानी चुने गए। इस मौके पर नवनीत कपिल, रूप सिंह, ललित मोहन पांडेय, विरेंद्र सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

### भंडारे के साथ हुआ कथा का पारायण

**हल्द्वानी :** शीशमहल स्थित संकटमोचन मंदिर में सोमवार को भंडारे के साथ श्रीमद भागवत कथा का पारायण हुआ। इससे पहले कथा में कथाव्यास पं. मनोज कृष्ण जोशी ने बताया कि भगवान के नाम की महिमा अपरमपार है। कहा कि मन लगे या ना लगे भगवान का भजन जरूर करना चाहिए। भागवत समस्त ग्रंथों का सार है। इस मौके पर शंकर सिंह कोरंगा, पीडी जोशी, गिरीश चंद्र, उमेश चंद्र, गिरीष चंद्र, प्रेम बल्लभ, जगन्नाथ कपकोटी, देवेंद्र मेहरा आदि उपस्थित रहे। इधर, चारधाम मंदिर में भागवत कथा में सोमवार को व्यास कपिल देव ने भगवान विष्णु के 24 रूपों का वर्णन किया। भगवान विष्णु के वराह अवतार से कथा प्रारंभ कर भगवान की अनेक लीलाओं का वर्णन सुनाया। इस मौके पर नवीन जोशी, स्वामी नयन दास, प्रमोद बोरा, जमन सिंह, गोपाल, प्रधान कमल पड़लिया, प्रमोद आदि मौजूद रहे।

लालकुआं में आश्रम में आयोजित सत्संग में प्रतिभाग करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### भव्य कलश यात्रा के साथ शिवरात्रि महोत्सव शुरू

**लालकुआं :** बिंदुखत्ता के श्री हंस प्रेम योग सतपाल महाराज आश्रम में भव्य कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कलश यात्रा का शुभारंभ समाजसेवी प्रमोद कॉलोनी तथा वीना जोशी ने संयुक्त रूप से किया। कलश यात्रा के बाद श्रद्धालुओं ने यहां आश्रम में सत्संग का आनंद उठाया। इस अवसर पर सत्संग सम्मेलन में महात्मा सत्यबोधानंद, प्रचारिका बाई विशेषानंद, विद्युतानंद, सुनीता बाई, सारिका बाई, स्नेहा बाई, नगीना बाई, प्रभाकरानंद, आलोकानंद, मानसानंद, आभाबाई आदि संत महात्माओं ने शिव तत्व विवेचन पर प्रकाश डाला। सत्संग के बाद आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से बिंदुखत्ता संघर्ष समिति के अध्यक्ष कुंदन सिंह मेहता, अजय उप्रेती, राजेंद्र दुर्गापाल प्रदीप सिंह बथ्याल, पवन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

हवन यज्ञ में उपस्थित महिलाएं और अन्य लोग। ● अमृत विचार

### भक्तों ने लिया हवन में भाग, भजन-कीर्तन भी हुए

**हल्द्वानी :** कमलुवागांजा स्थित विशेष टाउनशिप विहार में श्रीमद् भागवत कथा का पारायण भंडारे के साथ हुआ। भंडारे में काफी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। इससे पहले हवन यज्ञ हुआ और भक्तों ने भजन-कीर्तन का आनंद लिया। मुख्य यजमान मोहन सिंह कैड़ा और कथाव्यास आचार्य कमल पांडे थे। इस अवसर पर निवर्तमान महापौर डॉ. जोगिंदर पाल सिंह रौतेला, कॉलोनी के अध्यक्ष कैप्टन (कै.) खुशाल सिंह मेहरा, कै. टीएस जेठा, सोबन सिंह, रमेश गैड़ा, दयाकिशन फुलारा आदि उपस्थित रहे।

वन्य जीवों के चित्रों पर रंग भरते बच्चे। ● अमृत विचार

### कैनवास पर बनाए वन्य जीवों के चित्र

**रामनगर :** विश्व वानिकी दिवस पर ज्योतिबा फूले सायंकालीन स्कूल पुछड़ी में कई कार्यक्रम हुए। वरिष्ठ चित्रकार सुरेशलाल ने वन्य जीवों से संबंधित चित्रों को बनाया। इस दौरान नवेंदु मठपाल, शबनम, सुजल आर्य, शिवम, रितेश, मोहित तिवारी, राखी, शिवानी मौजूद रहे।

---

ऊर्जा निगम ने 50 छोटे-बड़े बकायेदारों को दिया नोटिस, लक्ष्य के मुताबिक 25 करोड़ रुपये हैं वसूलने

# बिजली देने और वसूली करने में ऊर्जा निगम फिसड्डी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ऊर्जा निगम सही से बिजली देने में तो फिसड्डी है ही साथ ही ऊर्जा निगम बिजली बिलों की वसूली भी नहीं कर पा रहा है।

वित्तीय वर्ष की वसूली की बात करें तो ऊर्जा निगम को लक्ष्य के मुताबिक 25 करोड़ रुपये वसूलने हैं लेकिन अभी तक महज 40 फीसदी ही बकायेदारी वसूली कर पाया है।

ऊर्जा निगम के बकाएदारों में सरकारी विभाग भी शामिल हैं। कई बड़े सरकारी महकमों पर तो करोड़ों रुपये के बिजली बिल की बकाएदारी है। शहरी बिजली उपकेंद्र के अंतर्गत ऊर्जा निगम बकायेदारों से अभी तक 10 करोड़ रुपये ही वसूल कर पाया है। 15 करोड़ रुपये की बकायेदारी अभी भी शेष बची हुई है। उधर ऊर्जा निगम 5 से 10 हजार रुपये की बिजली के बिल की बकायेदारी होने पर आम उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने में जरा भी चूक नहीं करती लेकिन बड़े बकायेदारों के खिलाफ ऊर्जा निगम के जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं।

ऊर्जा निगम की माने तो 50 छोटे-बड़े बकायेदारों को नोटिस देने की कार्रवाई की गई है। इधर शहरी विद्युत वितरण खंड के ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि बकाएदारी के लिए निगम ने टीम गठित कर रखी वसूली के लिए अभियान भी चालाया हुआ है, आने वाले दिनों में लक्ष्य सापेक्ष के मुताबिक बकायेदारी की धनराशि पूरी कर ली जाएगी।

**40** फीसदी बिजली बिलों की हुई वसूली

### नगर निगम पर 5.70 करोड़ रुपये की बकायेदारी

**हल्द्वानी :** बिजली बिल की बकायेदारी की बात करें तो नगर निगम पहले स्थान पर है निगम पर 5.70 करोड़ रुपये बिजली के बिल की बकायेदारी शेष बनी हुई है। वहीं अन्य सरकारी विभाग पर भी करोड़ों रुपपे की बिजली के बिल की देनदारी बची हुई हैं। एक ओर बिजली विभाग दावा करता है की बिजली बिल के बकायेदारी में तेजी लाई जाएगी तो दूसरी ओर सरकारी विभागों से बिजली बिल के वसूली के नाम पर सुस्त बनी हुई है।

### बिजली कटौती की समस्या से नहीं मिल रही निजात

**हल्द्वानी :** बिजली कटौती की समस्या से आम उपभोक्ताओं को निजात मिलती नजर नहीं आ रही है। सोमवार को भी शहर से लेकर ग्रामीण हिस्सों में करीब 3 घंटे बिजली कटौती की परेशानी लोगों को झेलनी पड़ी। शहर के समता आश्राम गली, रामपुर रोड, राजपुरा, बनभूलपुरा समेत अन्य इलाकों में घंटे बिजली गुल रही वहीं कई इलाकों में बिजली के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा जबकि ग्रामीण इलाकों में मुखानी, कठघरिया, देवलचौड़ समेत अन्य हिस्सों में बिजली कटौती की समस्या बनी रही। ईई डीडी पांगती ने बताया कि लाइन मरम्मत के चलते आपूर्ति बाधित रही कार्य पूरा होते ही आपूर्ति फिर से सुचारू से बहाल कर दी गई।

---

# सात मार्च को चुना जाएगा अध्यक्ष नीलू निर्विरोध सदस्य निर्वाचित

एक प्रत्याशी ने नाम लिया वापस, जांच में सही मिले सभी नामांकन पत्र, 30 उम्मीदवार मैदान में

बार एसोसिएशन के चुनाव के दौरान प्रत्याशी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अब तस्वीर पूरी तरह साफ हो चुकी है। अध्यक्ष समेत 13 पदों के लिए 30 उम्मीदवार मैदान हैं और सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच के बाद एक महिला सदस्य से अपना नाम वापस ले लिया। जिसके बाद नीलू को निर्विरोध सदस्य चुन लिया गया है। जांच में सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए। अब 907 अधिवक्ता 7 मार्च को 30 उम्मीदवारों के फैसला करेंगे।

सोमवार को चुनाव अधिकारी दीवान सिंह बिष्ट और सहायक चुनाव अधिकारियों ने नामांकन पत्रों की जांच की। जांच में सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए। इसके बाद एक बजे से लेकर चार बजे तक नाम वापसी हुई। नाम वापसी में सदस्य (महिला) पद पर दो नामांकन हुए थे। इसमें से हिना बोरा ने अपना नाम वापस ले लिया। अब इस पद में नीलू शर्मा ही बची हैं। वह निर्विरोध निर्वाचित हो गई हैं। इसके बाद चुनाव अधिकारी ने चुनाव में खड़े सभी प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। कहा कि सात मार्च को नौ बजे से चार बजे तक मतदान होगा। चार बजे बाद मतगणना होगी। चुनाव प्रकिया संपन्न करने में भुवन गुणवंत, महेश सोराड़ी, महेंद्र सिंह, निर्मल थापा, गोकुल पनेरू, दलीप सिंह रावल किशोर जोशी, ललित मोहन जोशी, बृजेश बिष्ट, सौरभ बिष्ट सहायक चुनाव आयुक्त सहयोग कर रहे हैं।

### 13 पदों पर इनकी है दावेदारी

- अध्यक्ष पद पर गोविंद सिंह बिष्ट, किशोर पंत
- उपाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र सोलंकी, सुनील सिंह पुंडीर, संजय कुमार, जितेंद्र सिंह बोरा, संजय कुमार
- सचिव पद पर मोहन सिंह बिष्ट, संतोष कुमार नेगी, ललित मेर, जितेंद्र सिंह बिष्ट,
- महिला उपाध्यक्ष पद पर भगवती पलड़िया, सुलक्षणा श्रीवास्तव
- संयुक्त सचिव पद पर योगेश कुमार लोहानी, विपिन कुमार एवं प्रदीप लोहनी,
- संयुक्त सचिव प्रेस पर योगेश कुमार पाठक, रविंद्र पाल सिंह तोमर, सुधांशु तिवारी,
- कोषाध्यक्ष पर आदित्य कुमार, चंदन बोरा
- लेखाधिकारी पर राजेंद्र प्रसाद पांडे, गौरव सिंह बिष्ट
- पुस्तकालय अध्यक्ष पर वशीरत जहां, मो आसिफ सिद्दीकी, भरत सिंह बिष्ट
- सदस्य के चार पदों पर पंकज कंबडवाल, मोहित पांडे, लोकेश राज चौधरी, हरेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार सागर, विवेक कुमार गुप्ता, विनोद कुमार श्रीमाली

पंकज कंसल का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

## पंकज प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष बने

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दवा व्यापारी पंकज कंसल को प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर केमिस्ट बंधु और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने फूल माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

कंसल ने कहा कि वह व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करेंगे। सदैव व्यापारी बंधु के साथ खड़े रहेंगे। इस दौरान नीरज कांडपाल, संजय त्यागी, आलोक मित्तल, राशि जैन, अरशद समद, पंकज फुलेरा, गौतम, बलविंदर, प्रकर्ष कंसल, प्रदोत्त कंसल, तनिष्क त्यागी, ऋतिक तिवारी, अवधेश तिवारी, नंदावल्लभ तिवारी, पवन बिष्ट, धर्मेंद्र जोशी, कमल जोशी, योगेश भारद्वाज, सुमित, कमल, भुवन चंद्र सती, मनोज जोशी, हर्षवर्धन पांडे, मनोज जायसवाल मौजूद रहे।

### एसटीएच में ई-बिलिंग शुरू होने की संभावना

**हल्द्वानी :** सुशीला तिवारी अस्पताल में फिर से ई-बिलिंग करवाने के लिए अस्पताल प्रबंधन ने कोशिशें शुरू कर दी हैं। अस्पताल प्रबंधन की ओर से शासन में पत्र भेजा गया है। एसटीएच में पूर्व में ई-बिलिंग की ही सुविधा थी। बाद में मरीज बढ़ते चले गए। जिस वजह से सिस्टम पर भार बढ़ गया और ई-बिलिंग सिस्टम बंद करना पड़ा।

---

# सर्वे सैंपल ने तीन गुना बढ़ा दी खाद्य पदार्थों की जांच

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में खाद्य सुरक्षा के लिए जाने वाले सैंपलों की संख्या को बढ़ाकर तीन गुना कर दिया है। सर्वे सैंपल की वजह से यह संख्या बढ़ी है। विभाग अगले वित्तीय वर्ष में सर्वे सैंपलों की संख्या को और बढ़ाएगा।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिला नैनीताल में वित्तीय वर्ष 2022-23 में 249 सैंपल लिए थे। यह लीगल सैंपल थे। लीगल सैंपल लेने के बाद अगर जांच में नमूना मानकों पर नहीं पाया जाता है तो कानूनी कार्रवाई करना अनिवार्य होता है। विभाग ने बीते साल अगस्त से सर्वे सैंपल की भी शुरुआत की। सर्वे सैंपल में खाद्य सुरक्षा के लिए खाद्य पदार्थों का सैंपल लिया जाता है और उसकी जांच की जाती है।

अगर सैंपल मानक पर खरे नहीं उतरते तो उसके बाद लीगल सैंपल लिए जाते हैं। कार्रवाई केवल लीगल सैंपल की जांच के बाद ही होती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अभी तक विभाग ने कुल 726 सैंपल लिए हैं। जिनमें से 251 लीगल सैंपल हैं और बाकी के सर्वे सैंपल हैं। विभाग का कहना है कि सर्वे सैंपल ज्यादा तादाद में किए जाते हैं। इससे विभाग का काम करने का तरीका और तेज हो गया है।

**अगले वित्तीय वर्ष में सर्वे सैंपलों की संख्या और बढ़ाई जाएंगी**

सर्वे सैंपल लेने की संख्या काफी रही है। सर्वे सैंपल के बाद खाद्य पदार्थों का लीगल सैंपल लिया जाता है। सर्वे सैंपल से काम करने का तरीका और भी अधिक पुरजोर हो गया है।
**-संजय कुमार सिंह**, अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा विभाग, हल्द्वानी

### रुद्रपुर की लैब से 282 रिपोर्ट आईं

**हल्द्वानी :** इस वित्तीय वर्ष में अभी तक लीगल सैंपल की बात करें तो कुल 282 नमूनों की रिपोर्ट आ गईं हैं। रुद्रपुर स्थित प्रयोगशाला में खाद्य पदार्थों के नमूनों को जांच के लिए भेजा जाता है। होली और दीवाली के अवसर पर जांच बढ़ जाती है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि होली आने से पहले ही विभाग सक्रिय हो गया है और अब खाद्य पदार्थों की जांच बढ़ा दी जाएगी।

धरने पर बैठे ग्रामीण व महिलाओं को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य। ● अमृत विचार

## यह पूंजीपतियों की है सरकार : आर्य

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** एथेनॉल प्लांट के विरोध में चकलुवा, कालाढूंगी, बैलपड़ाव व कोटाबाग क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण धरने पर डटे रहे। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सोमवार को ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठे।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह सरकार गरीबों व किसानों की नहीं है केवल पूंजीपतियों व उघोगपतियों की है। आधे महीने से अधिक दिनों से ग्रामीण धरना दे रहे हैं मगर यहां के विधायक व सांसद को ग्रामीणों की परवाह नहीं है। सोमवार को धरने पर बैठे ग्रामीणों व महिलाओं को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविन्द सिंह कुंजवाल व कांग्रेस प्रदेश महासचिव महेश शर्मा सहित अनेक विपक्ष नेताओं का समर्थन मिला। इस दौरान राहुल छिम्वाल, तारा नेगी, त्रिभुवन कन्याल,दीपेन्द्र जलाल, सतीश नैनवाल, कुलदीप तडियाल, दीप चंद्र सती, संजय किरौला, मधु सागुडी, ग्राम प्रधान पूजा, पूरन खन्नी, मोहन नेगी, देवेन्द्र बिष्ट, प्रदीप नेगी, दिनेश बधानी आदि उपस्थित रहे।

---

**सरगर्मी** यशपाल, सुमित, प्रकाश और दीपक में किसी एक को टिकट देने की मांग

# कांग्रेस का बड़ा चेहरा ही दे सकता है भाजपा प्रत्याशी को टक्कर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने नैनीताल-ऊधमसिंहनगर लोकसभा सीट पर अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है और एक बार फिर अजय भट्ट ही जनता के बीच जाएंगे। भाजपा के प्रत्याशी को देखते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भी प्रदेश अध्यक्ष को चार नाम सुझाए हैं और मांग की है कि उक्त लोकसभा सीट को जीतने के लिए बड़ा चेहरा चुनावी मैदान में उतारना होगा।

बता दें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए वर्ष 2019 में भाजपा ने अजय भट्ट को नैनीताल-ऊधमसिंहनगर लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था। उनके सामने कांग्रेस का सबसे बड़ा चेहरा हरीश रावत थे। बावजूद इसके अजय भट्ट ने 7,72192 वोट हासिल किए।

जबकि उनके प्रतिद्वंदी पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को सिर्फ 4,33,099 वोट मिले और अजय भट्ट ने 3,39,096 वोट से रिकार्ड जीत दर्ज की। अब एक बार फिर लोकसभा चुनाव सामने हैं और भाजपा प्रदेश की सभी लोकसभा सीटें का दंभ भर रही है।

ऐसे में कांग्रेसी भी अजय भट्ट के सामने बड़ा चेहरा उतारने की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष और राज्य आंदोलनकारी राजेंद्र सिंह बिष्ट ने इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को पत्र लिखा है और नैनीताल-ऊधमसिंहनगर सीट पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव प्रकाश जोशी और प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया में से किसी एक को टिकट देने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देनी है और सीट को जीतना है तो बड़े चेहरे को टिकट देना चाहिए।

### 16 मार्च से होगा हल्द्वानी किताब कौतिक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एचएन इंटर कॉलेज में 16 मार्च से किताब कौतिक शुरू होगा। 16 और 17 मार्च को होने वाले हल्द्वानी किताब कौतिक में देशभर से लेखक, रंगकर्मी और सामाजिक कार्यकर्ता पहुंचेंगे। दो दिन के इस कार्यक्रम की थीम आओ, दोस्ती करें किताबों से रखी गई है।

कार्यक्रम में बिक्री और प्रदर्शनी के लिए अलग-अलग विषयों की लगभग 70 हजार किताबें उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ ही साहित्य, शिक्षा, संस्कृति और खेल आदि विषयों पर एक दर्जन से अधिक वार्ताएं होंगी। वर्कशॉप के माध्यम से विशेषज्ञ स्कूली बच्चों को चित्रकला, रंगमंच, विज्ञान और शतरंज की विस्तृत जानकारी देंगे। कार्यक्रम की तैयारियों के लिए सोमवार को एक बैठक हुई जिसमें शहर के साहित्य प्रेमियों ने भाग लिया। इस मौके पर डॉ. बीएस कालाकोटी, डॉ. सतीश पंत, नरेंद्र टोलिया, तनुजा जोशी, डॉ. ललित रखोलिया, त्रिभुवन बिष्ट, दीपक पंत, नरेंद्र बंगारी मौजूद रहे।

मैराथन में प्रतिभाग करने पहुंचीं महिलाएं एवं छात्राएं। ● अमृत विचार

### ललिता, बीना व चंद्रकला ने मारी मैराथन में बाजी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** गौलापार स्थित अंतरर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को शक्ति मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस, युवा कल्याण, होमगार्ड, स्कूली बच्चों एवं महिला कार्मिकों ने सहभागिता की। मैराथन का शुभारंभ खेड़ा चौराहा गौलापार से होते हुए अंतरर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न हुई। मैराथन में ललिता परगांई पहले, बीना नेगी दूसरे और चंद्रकला तीसरे स्थान पर रही जबकि प्रथम 10 स्थानों पर आने वाली महिलाओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मैराथन को सहायक खेल निदेशक रशिका सिद्दकी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर भावना मेहरा, कल्पना बोरा, जानकी कार्की, आरती बिष्ट, मंजू बिष्ट समेत कई लोग मौजूद रही।

## खेतीबाड़ी बचाने को टीम पर होगी विशेष जिम्मेदारी

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से सटे सिरसा गांव में फसल सुरक्षा समिति की बैठक में तमाम महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। चौपट होती जा रही खेतीबाड़ी बचाने को गहन मंथन किया गया। सर्वसम्मति से तय हुआ की बंदरों व जंगली जानवरों से खेती बचाने को छह सदस्यीय टीम गठित की जाएगी।

प्रत्येक परिवार से शुल्क लेकर टीम के सदस्यों को प्रतिमाह भुगतान भी किया जाएगा। गोवंशीय पशुओं को आवारा छोड़ने वालों से भी जुर्माना वसूला जाएगा। रामगढ़ ब्लॉक के सिरसा गांव स्थित पंचायत भवन में फसल सुरक्षा समिति की पहली बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हरेन्दर सिंह जीना ने की। वक्ताओं ने कहा की बंदर व जंगली जानवर खेती बाड़ी के लिए अभिशाप बन चुके हैं। कभी गांव में सब्जियों की बंपर पैदावार हो चुकी है पर लगातार नुकसान होने से खेत बंजर हो चुके हैं। वर्तमान में किसान बाजार से सब्जियां खरीदने को मजबूर हो चुके हैं।

### 24 साल से अदालतों की धूल फांक रही है सड़क, कुमाऊं-गढ़वाल को जोड़ता है मार्ग, उत्तराखंड सरकार आज तक कोई मजबूत पैरवी नहीं कर सकी

# सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कंडी मार्ग की आखिरकार उपेक्षा क्यों?

विनोद पपनै, रामनगर

**अमृत विचार:** अब इसे जनप्रतिनिधियों की बेरुखी कहें या तंत्र की काहिली। राज्य बनने के 24 साल बाद भी कुमाऊं और गढ़वाल को जोड़ने वाली कंडी सड़क का निर्माण आज तक नहीं हो पाया है। बात केवल कुमाऊं गढ़वाल को जोड़ने की नहीं बल्कि देश के लिए सामरिक दृष्टि से भी कंडी मार्ग महत्वपूर्ण है। मगर कुछ एनजीओ द्वारा उच्चतम न्यायालय में जाकर इस पर रोक लगवा दी गई लेकिन उत्तराखंड सरकार आज तक इस दिशा में कोई मजबूत पैरवी नहीं कर सकी।

लगभग 200 साल पुराना कंडी मार्ग जिसे लोग सब माउंटेन सड़क के नाम से भी पुकारा करते थे यह वही मार्ग है जो अविभाजित उत्तरप्रदेश के समय पहाड़ और मैदान के मानक तय करती थी। ब्रह्मदेव मंडी टनकपुर से लेकर कोटद्वार तक जाने वाली इस सड़क के नीचे की ओर तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों को हिल अलाउंस का भत्ता नहीं दिया जाता था और इस सड़क के ऊपर की ओर स्थापित कार्यालयों में तैनात कर्मचारियों को पर्वतीय भत्ता दिया जाता था। राज्य बनने से पहले से ही इस मार्ग को चालू करने की मांग की जाती रही है। राज्य बनने के बाद इस मांग ने जोर पकड़ा।

कांग्रेस और भाजपा की सरकारों ने इस मार्ग को बनाने में अपनी सहमति तो जताई लेकिन इच्छा शक्ति अभी तक की सरकारों की बहुत कमजोर रही। पहले इस मार्ग पर रामनगर से कोटद्वार तक एक बस चला करती थी। मगर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद यह भी बंद है। बताते चलें कि कुमाऊं गढ़वाल को जोड़ने वाला कंडी मार्ग का लगभग 43 किलोमीटर का क्षेत्र कार्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आता है। इसे आम आदमी के लिए खोले जाने की अनुमति 1999 में केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा दे दी गयी थी। राज्य बना तो उत्तराखंड सरकार ने कार्बेट से गुजरने वाले 43 किलोमीटर मार्ग को आलवेदर रोड बनाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा भी। किन्तु भनक लगते ही एनजीओ से जुड़े लोगों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा दिया। उनकी दलील थी सड़क बन जाने की वजह से बाघों व अन्य वन्यजीवों के जीवन पर संकट आ जाएगा।

### इन दिग्गजों के प्रयास भी धराशायी

बात करे राजनेताओं की तो पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी के साथ-साथ 2017 में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र रावत ने इस मार्ग को बनाने की पहल की। इस बीच सर्वे भी किया गया। पौड़ी के सांसद तीरथ सिंह रावत, निवर्तमान राज्य सभा सांसद अनिल बलूनी, पूर्व वनमंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने भरसक प्रयास जरूर किए गए मगर उनके प्रयास भी फिलहाल एनजीओ के सामने धराशायी होते नजर आते हैं।

दो सौ साल से भी पुरानी कंडी सड़क को बनाने के लिए साल 2005 में सुप्रीम कोर्ट गए। 2010 में जब वह हाईकार्ट गए तो कोर्ट ने इसे बनाने में सहमति जता आदेश भी दिए। 2014 में वह फिर हाईकोर्ट गए तो उनके खिलाफ दो दर्जन से अधिक एनजीओ ने रिट दायर कर दी तब मजबूरन उन्हें रिट वापस लेनी पड़ी। अब फिर से एक एनजीओ ने सुप्रीम कोर्ट में रिट दायर कर दी है। उनकी ओर से भी एक रिट लगा दी गयी है जिसकी जल्द सुनवाई होनी है। कहते एक बस रामनगर से कोटद्वार के लिए चला करती थी जिस पर कोर्ट के जरिये रोक लगा दी गयी। अगर राज्य सरकार और केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में मजबूत तरीके से पैरवी करे तो जनता के हित से जुड़ी इस मांग को पूरा करने से कोई नहीं रोक सकता। - **पीसी जोशी**, समाजिक कार्यकर्ता

### कंडी मार्ग बनने से यह होंगे फायदे

यूपी से होकर जाने में यह दूरी 165 किलोमीटर बैठती है। जबकि इस मार्ग के बन जाने से यह दूरी महज 88 किलोमीटर होगी। इस मार्ग से देहरादून राजधानी कम समय में पहुंचा जा सकता है। रामनगर, कोटद्वार के बीच व्यापार व पर्यटन भी बढ़ेगा। कुमाऊं और गढ़वाल की सांस्कृतिक सभ्यता का आदान-प्रदान हो सकेगा।

### बेहद महत्वपूर्ण है मार्ग

कोटद्वार के समीप लेंसडौन में गढ़वाल राइफल्स का मुख्यालय है तो कुमाऊं के रानीखेत में कुमाऊं रेजिमेंट का मुख्यालय है। अगर चीन ने युद्ध की कभी हिमाकत दिखाई तो कुमाऊं गढ़वाल की फौजें आसानी से जल्द चायना बॉर्डर पर पहुंच जाएंगी।

## सार संक्षेप

### आश्वासन मिलने पर हड़ताल ली वापस

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड रोडवेज इम्पालाइज यूनियन ने सोमवार से हल्द्वानी व देहरादून मंडल में प्रस्तावित हड़ताल वापस ले ली है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश वर्मा ने उप महाप्रबंधक कार्मिक को भेजे पत्र में बताया कि निगम में कार्यरत परिचालकों को पदोन्नति दिए जाने समेत अन्य मांगों के समाधान की कर्मचारी लगातार मांग उठा रहे हैं। मांग पर महाप्रबंधक के आश्वासन मिलने के बाद हड़ताल का निर्णय वापस ले लिया गया है।

### स्वर्ण पदक विजेता ममता को मिलेगी दो वेतन वृद्धि

डॉ. ममता पाठक

**रामनगर :** डॉ. ममता जोशी पाठक को आल इंडिया लेवल पर एथलेटिक्स में दो स्वर्ण, एक रजत, एक कांस्य पदक जीतने के उपलक्ष्य में दो वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट) का लाभ दिया गया है। यह लाभ प्राप्त करने वाली वे उत्तराखंड की पहली कर्मचारी शिक्षिका हैं। डॉ. ममता जोशी पाठक वर्तमान में राजकीय इंटर कॉलेज पवलगढ़, कोटाबाग में व्यायाम शिक्षिका हैं। उन्होंने 2021 में करनाल हरियाणा में 100 मीटर दौड़ में कांस्य तथा लंबी कूद में रजत पदक प्राप्त किया था तथा 2022 में गुरु ग्राम हरियाणा में 100 मीटर तथा लंबी कूद में दो स्वर्ण पदक प्राप्त किए थे। इसके लिए मार्च 2023 में मुख्यमंत्री द्वारा 60 हजार के नकद पुरस्कार से भी सम्मानित किया था। इसी उपलब्धि के लिए दो वेतन वृद्धि 2021 और 2022 से दी गई है।

### छात्र-छात्राओं ने सीखे सफल उद्यमी बनने के गुर

पीएनजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। प्रशिक्षण के पांचवें दिन छात्र-छात्राओं ने एक सफल उद्यमी की विशेषताओं को जाना। प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पांडे ने समस्त प्रतिभागियों से प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय प्रतिभाग कर अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही। देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डॉ.अनुराग श्रीवास्तव ने एक सफल उद्यमी की विशेषताओं को बताया। कार्यक्रम में डॉ. सिराज अहमद, डॉ. डीएन जोशी आदि उपस्थित रहे।

### सीडीओ ने दुग्ध संघ के प्लांट का निरीक्षण किया

नैनीताल दुग्ध संघ का निरीक्षण करते सीडीओ। ● अमृत विचार

**लालकुआं :** मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल अशोक पांडे ने राष्ट्रीय डेयरी विकास योजना के अंतर्गत दूध की गुणवत्ता की जांच के लिए 82 लाख रुपये की लागत से नैनीताल दुग्ध संघ में स्थापित एफटीवन मिल्क एनालाइजर मशीन का निरीक्षण करने के साथ-साथ दुग्ध संघ के प्लांट का निरीक्षण किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने दुग्ध संघ के प्रशासनिक कार्यालय में कर्मचारियों को शत प्रतिशत एवं निष्पक्ष मतदान के लिए शपथ दिलाई। अवसर पर उत्तराखंड कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के प्रशासक मुकेश सिंह बोरा, दुग्ध संघ के सामान्य प्रबंधक निर्भय नारायण सिंह, कारखाना प्रबंधक प्रहलाद सिंह, प्रभारी वित्त उमेश पढ़ालनी, प्रभारी विपणन संजय भाकुनी, सुभाष बाबू मौजूद थे।

### नवनियुक्त थानाध्यक्ष का स्वागत किया

चोरगलिया में नवागत थानाध्यक्ष का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

**चोरगलिया :** नवनियुक्त थानाध्यक्ष एसआई भुवन सिंह राणा का पदभार ग्रहण करने पर लोगों ने बुके देकर स्वागत किया। नए थानाध्यक्ष ने लोगों से इलाके के बारे में जानकारी ली। इस दौरान पूर्व प्रधान महेश बेलवाल, बीडीसी मेंबर नितेश बुधनी, पूर्व प्रधान सुरजीत कौर, मोहन सिंह चौहान आदि उपस्थित थे।

### पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे पर जताया आभार

मुख्यमंत्री से वार्ता करते प्रांतीय सदस्य।

**रामनगर :** दून में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री से भेंट वार्ता कर प्रारंभिक शिक्षा एवं शिक्षकों के लंबित मुद्दों के शीघ्र निदान की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री द्वारा महानिदेशक विद्यालय शिक्षा बंशीधर तिवारी को संगठन प्रतिनिधियों के साथ बैठक करवाने के निर्देश दिए गए। प्रदेश के 30000 से भी अधिक शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे बड़े संगठन कि विगत में लंबे अंतराल से लंबित मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के साथ शासन एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक करने को लेकर शिक्षक मुखर थे। संगठन के प्रांतीय सदस्य मनोज तिवारी ने पुरानी पेंशन का लाभ दिए जाने को लेकर मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

# प्रस्ताव धूल फांक रहे, सड़कें बनीं जानलेवा

### समता गली आश्रम व शिवानी कॉलोनी की सड़कों के कई बार प्रस्ताव तैयार हो चुके हैं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** लोग खराब सड़कों पर आए दिन चोटिल हो रहे हैं, लेकिन सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव अधिकारियों की मेजों पर धूल फांक रहे हैं। सोमवार को रामपुर रोड में स्थित समता गली आश्रम व शिवानी कॉलोनी की दर्जनों महिलाएं नगर निगम के ऑफिस पहुंचीं और उन्होंने जल्द दोनों गलियों के निर्माण की मांग की व सहायक नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया।

महिलाओं ने बताया कि दोनों जगहों की सड़कें इतनी ज्यादा टूट-फूट चुकी हैं कि उन पर चलना तक दूभर हो रहा है। उन्होंने बताया कि बीते दिनों हुई बारिश से सड़कों का और भी बुरा हाल हो गया है। उन्होंने बताया कि शिवानी कॉलोनी में एक जगह पुलिया ध्वस्त हो गई है, जिससे आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन बार-बार शिकायत करने के बावजूद अधिकारी आश्वासन देकर लौटा देते हैं। उन्होंने बताया कि सड़क की दुर्दशा देखकर ई-रिक्शा वाले तक गलियों में नहीं आते, जबकि यहां दो निजी अस्पताल भी हैं। उन्होंने बताया कि समता गली आश्रम अन्य गलियों की अपेक्षा चौड़ी और रामपुर-बरेली रोड को आपस में जोड़ती है, इसलिए गली के लोगों के साथ ही सैकड़ों लोग इसका इस्तेमाल करते हैं। स्थानीय पार्षद हेमंत शर्मा ने बताया कि नगर निगम के अधिकारी दोनों सड़कों का मुआयना करके एस्टीमेट तक बना चुके हैं। ज्ञापन देने वालों में सरिता, सुप्रिया, मीना सेठ, सरोज देवी, विनीता शर्मा, प्रियंका शर्मा, राज बाला, मीना राठौर शामिल रहीं।

बदहाल गली। ● अमृत विचार

### सड़क निर्माण का 4 साल से बना है एस्टीमेट

पार्षद हेमंत शर्मा ने बताया कि बीते 4 साल से शिवानी कॉलोनी की सड़क, नालियों, पुल आदि का लगभग 24 लाख रुपये का एस्टीमेट बना हुआ है। इसी तरह, पिछले एक साल से समता गली आश्रम की करीब 900 मीटर लंबी सड़क का दो बार एस्टीमेट तैयार हो चुका है, जिसका एक बार 10 लाख रुपये व दूसरी बार 25 लाख रुपये का एस्टीमेट बनाया गया लेकिन अधिकारी आज तक फाइल दबाए बैठे पड़े हैं।

### नालियां भी रहती हैं चोक

महिलाओं ने बताया कि गलियों की नालियां भी कीचड़ से जाम रहती हैं, जिससे उसका पानी भी सड़कों पर आ जाता है। उन्होंने बताया कि नगर निगम का एक कर्मचारी यहां आता है लेकिन वह नालियों की सफाई नहीं करता। उन्होंने कहा कि लोगों के मकान ऊंचे व सड़क नीची होने से बारिश में नालियों का पानी लोगों के घरों में घुस जाता है।

### बोलीं महिलाएं

सड़क जगह-जगह टूटी पड़ी है, लोगों का चलना-फिरना तक दूभर हो रहा है, कई बार शिकायत कर दी लेकिन अधिकारी सुनते ही नहीं हैं। - **मीना सेठ, निवासी, समता गली आश्रम**

पुल क्षतिग्रस्त होने से वहां गड्ढा बन गया, जिसमें मेरे पति गिर गए थे, उन्हें हाथ व सिर में गंभीर चोटें आईं। कई अन्य लोगों के साथ भी हादसा हो चुका है। - **प्रियंका शर्मा, निवासी, शिवानी कॉलोनी**

सड़क पर कीचड़ होने से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियां हो रही हैं। स्कूटी से चलने पर पुलिया पर बने गड्ढे से मेरे साथ भी दुर्घटना हो चुकी है।

- **विनीता शर्मा, निवासी, शिवानी कॉलोनी**

मामले की जानकारी मिली है, इस पर नगर आयुक्त के साथ वार्ता की जाएगी, उनके निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। - **गणेश भट्ट, सहायक आयुक्त, नगर निगम**

### एक ही बारिश में धंसी हीरानगर की सड़क

सुशीला तिवारी अस्पताल से हीरानगर को जाने वाली सड़क एक बारिश भी नहीं झेल पाई व एक जगह सड़क पूरी तरह धंस गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बीती रविवार को हुई बारिश में यह सड़क जगह-जगह धंस व टूट-फूट गई है, जिससे लोगों को अपनी गाड़ियां सड़क पर ले जाने पर डर लग रहा है। कहा कि कुछ दिन पहले हीरानगर में जल संस्थान का कार्य चल रहा था, जिससे यहां खुदाई की गई, जिससे रविवार बारिश से सड़क एकदम से धंस गई। इसके नजदीक ही एक जगह सड़क की हालत इतनी खराब है कि लोगों को आवागमन में खासी दिक्कतें हो रही हैं।

हीरानगर में धंसी सड़क। ● अमृत विचार

जीजीआई से बोर्ड की परीक्षा देकर लौटतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# किसी को सरल तो किसी को कठिन लग रहा पेपर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** सीबीएसई और उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाएं इन दिनों चल रही हैं। सोमवार को इंटरमीडिएट की 12वीं कक्षा की भौतिक विज्ञान की परीक्षा हुई। अगली परीक्षा 9 मार्च को गणित की होगी। सोमवार सुबह दस बजे से परीक्षा शुरू हुई। जिले में हाईस्कूल में 8186 व इंटर में 7508 छात्र-छात्राएं परीक्षा पंजीकृत हैं। इसके लिए हल्द्वानी में कई परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा देने के बाद बाहर निकले इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों से बातचीत की तो उन्होंने अपनी मिली-जुली प्रतिक्रिया दी।

पेपर ठीक था। केस स्टडी के प्रश्न ज्यादा थे। बाकी पेपर अन्य सालों की तरह ही था। अगले पेपर के रिवीजन के लिए चार दिन का समय मिला है। गणित के पेपर की तैयारी में जुट जाउंगी। - **चेतना**, इंटरमीडिएट छात्रा

पेपर में न्यूमेरिकल आधारित प्रश्न अधिक थे। केस स्टडी के प्रश्न कठिन लगे। बाकी पेपर सामान्य था। अगला पेपर गणित का होना है जिसके लिए रिवीजन शुरू कर दिया है। - **कनिका**, इंटरमीडिएट छात्रा

### अब निजी बसों के टिकटों में दर्ज होगी पूरी जानकारी

असर

**रामनगर :** अमृत विचार में दो मार्च को निजी बसों में यात्रियों को दिए जा रहे ब्लैंक टिकट का असर हुआ है। अब निजी यात्री बसों के टिकटों में यात्री बस का नम्बर, किराया और यात्रा की दूरी के साथ टिकट की धनराशि भी उपलब्ध होगी। यह जानकारी एआरटीओ संदीप वर्मा द्वारा बरेली कालेज के विधि विभाग के प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार को फोन पर दी है। बता दें कि बरेली कालेज के विधि विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार ने मुख्यमंत्री के पोर्टल के अलावा मंडलायुक्त दीपक रावत को टिकट में कोई भी विवरण नहीं होने की शिकायत की थी। डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि एआरटीओ ने यह भी जानकारी दी है कि एक हफ्ते में यह व्यवस्था शुरू हो जाएगी। अब ई टिकटिंग की व्यवस्था भी कराई जा रही है इसका रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी की बैठक में लिया गया है।

# यूजर चार्ज व स्वच्छता से संबंधित कार्यों की समीक्षा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** नगर निगम कार्यालय के सभागार में नव नियुक्त नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने निगम द्वारा गठित बैणी सेना की महिलाओं के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने यूजर चार्ज व स्वच्छता से संबंधित कार्यों की समीक्षा की।

नगर आयुक्त ने बैणी सेना की महिलाओं से यूजर चार्ज से संबंधित अनुभवों को साझा व पूर्ण मनोयोग से कार्य करने के लिए उत्साहवर्धन किया। उन्होंने महिलाओं को आश्वासन दिया कि निगम उनके प्रत्येक योजना में सहयोग करेगा।

इसके बाद, नगर आयुक्त के नेतृत्व में महिलाओं सहित निगम के कर्मचारियों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त, रुद्रपुर नरेश दुर्गापाल, सहायक आयुक्त गणेश भट्ट, डॉ. आईपी पंत आदि उपस्थित रहे।

मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए जागरूक करते नगर आयुक्त।

**आयोजन** विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के लिए मिला सम्मान

# 12 महिलाओं को किया सम्मानित

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** पुष्कर सोसायटी की ओर से महिला दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली करीब 12 महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

खत्री सभा भवन में कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत, भाजपा नेता गणेश रावत, बिक्रीकर अधिकारी मितेश्वर आनन्द, आयोजक पूनम गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस दौरान निवर्तमान सभासद रूबीना सैफी, डॉ. सुनैना शर्मा, डॉ. नुपुर सिन्हा, डॉ. नेहा सिंघल, प्रिंसीपल मीना पांथरी, नारी शक्ति की शबाना सैफी, समाजसेविका हिना, चम्पा बिष्ट, बलबिंदर कौर, रीतू बेलबाल, बुड केसल रिसोर्ट जीएम मीनाक्षी असवाल, फॉरेस्ट गार्ड शंकुतला सहित दर्जन भर महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रबुद्ध मोर्चे के जिला संयोजक गणेश रावत रहे तथा संचालन अनीता रावत ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेत्री भावना भट्ट, आशा बिष्ट, ममता गोस्वामी, माया रावत सहित एडवोकेट प्रियंका अग्रवाल, डॉ. रंजना भारती, आदेश गर्ग, स्वीटी गर्ग, सतेश्वरी रावत, अमिता लोहनी, विमला आर्या मौजूद रहीं।

रामनगर में सम्मान पाने वाली महिलाएं आयोजकों के साथ। ● अमृत विचार

## एक नजर

### बस स्टेशन के पास मिला अज्ञात वृद्ध का शव

**काशीपुर।** रोडवेज बस स्टेशन के पास पुलिस को एक अज्ञात वृद्ध का शव मिला। सोमवार को कटोराताल चौकी क्षेत्र में पुलिस को रोडवेज बस स्टेशन पर एक वृद्ध का शव पड़े होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को एक 60 वर्षीय व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। जिसे पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में भेजकर उसकी शिनाख्त शुरू कर दी है। कटोराताल चौकी प्रभारी ने बताया कि रोडवेज स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। जिसकी शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है।

### चोरी की योजना बनाते तीन लोग गिरफ्तार

**शक्तिफार्म।** पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान चोरी की योजना बना रहे तीन लोगों को दो चाकू और आला नकाब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सुरेंद्रनगर निवासी सूरज शील (23) पुत्र बबलू शील, टोनी मंडल (34) पुत्र खगेन मंडल एवं टैगोर नगर निवासी उज्जवल दास (32) पुत्र अरविंद दास के रूप में हुई है। सभी को सिडकुल मार्ग पर स्थित शक्तिफार्म एन्क्लेव के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने नशे का आदी होना तथा छोटी-मोटी चोरियां करने एवं बचाव के लिए अपने पास चाकू रखने की बात कबूल की।

### चाकू सहित एक को दबोचा

**काशीपुर।** पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया। बांसफोड़ान चौकी प्रभारी सुनील सुतेड़ी ने गश्त के दौरान रात्रि में संदिग्ध अवस्था में घूमते एक युवक को रोककर जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक चाकू बरामद किया। आरोपी ने अपना नाम मोहल्ला कटारामालियान निवासी अनिल कश्यप बताया। पुलिस ने आरोपी का धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम में चालान किया है।

### फार्मेसी जागरूकता यात्रा का स्वागत किया

**काशीपुर।** फार्मा लॉक टीम द्वारा फार्मेसी जागरूकता यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समापन 6 मार्च को नैनीताल में होगा। यात्रा का उद्देश्य फादर ऑफ फार्मेसी प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफ के फार्मेसी एजुकेशन में योगदान एवं महत्व को फार्मेसी शिक्षकों और छात्रों को अवगत करना है। जिपर में यात्रा का स्वागत धूमधाम से किया गया। फार्मा लॉक के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित झा ने प्रोफेसर श्रॉफ के फार्मेसी के योगदान के बारे में छात्रों को अवगत कराया। वहां पर संस्थान के निदेशक डॉ. दीपक तेवतिया, प्रो एमएल श्रॉफ, विवेक सिंह, डॉ. शिशिर नंदी, मुनीर आलम, विनीता पांडेय, स्वाति टम्टा, अंजलि नेगी आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी तेज, व्यवस्थाएं परखीं

## पुष्कर सिंह धामी करेंगे विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास, विधायक, डीएम और एसएसपी ने किया गांधी पार्क का निरीक्षण

सतर्कता

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के रुद्रपुर में 6 मार्च को प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर विधायक शिव अरोरा ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के साथ कार्यक्रम स्थल गांधी पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय पर व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए।

सोमवार को निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोनिवि को मंच, सेफ हाउस, कुर्सी, वेरिकेटिंग आदि व्यवस्थाएं करने के साथ ही अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग को विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास की व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बुधवार को गांधी पार्क में विभिन्न विभागों के विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। साथ ही नजूल भूमि एवं पीएम आवास के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे।

उन्होंने मौके पर पार्क की साफ-सफाई कराने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र के लिये यह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की बहुत बड़ी सौगात है। जो मालिकाना हक मिलने का सपना हमारे बस्तियों के लोगों ने देखा था वह पूरा होने जा रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर, मनोज कत्याल, उप जिलाधिकारी गौरव पांडेय, शिप्रा, अधिशासी अभियंता लोनिवि राजकुमार, अधिशासी अभियंता आरडब्लूडी पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

गांधी पार्क का निरीक्षण करते विधायक, डीएम और एसएसपी। ● अमृत विचार

### 2600 लोगों को मिलेगा मालिकाना हक : अरोरा

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने कहा कि रुद्रपुर के नजूल भूमि पर वर्षों से रह रहे हजारों गरीब परिवारों का सपना अब साकार होने जा रहा है। 50 वर्ग मीटर से नीचे के 2600 परिवारों की फाइल प्रक्रिया तैयार हो गयी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं 6 मार्च को गांधी पार्क में उनके आशियाने का स्वामित्व पत्र पट्टा सौंपने आ रहे हैं। इसके लिए सभी पट्टाधारकों को घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं। सोमवार को सिटी क्लब में पत्रकारों को जानकारी देते हुए विधायक अरोरा ने कहा कि नजूल पर मालिकाना हक रुद्रपुर का सबसे बड़ा मुद्दा हैं जिसको लेकर पूर्व के जनप्रतिनिधियों द्वारा सिर्फ वादों की खोखली राजनीति की ओर धरातल पर जनता को निराशा ही हाथ आयी। विधानसभा चुनाव 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिपाही के रूप में रुद्रपुर की सेवा के लिए उनको प्रत्याशी बनाया गया। उनके 12 बिंदुओं के चुनावी संकल्प पत्र जिसमें उन्होंने कहा था कि विधायक बनने के बाद वह अपने वादे को निभाएंगे। 25 मार्च को सदन में उन्होंने सबसे पहले नजूल भूमि पर मालिकाना हक के विधायक को सदन में रखा। 11 मई 2022 को पंतनगर में ऊधमसिंह नगर की विधानसभावार समीक्षा बैठक हुई। इसमें उन्होंने नजूल नीति जो वर्ष 2021 में आई आ रही तकनीकी जटिलता के बारे में बताया। इसके बाद तीन पेज का ड्राफ्ट संबंधित सचिव को दिया और 16 मई को मुख्यमंत्री ने कैबिनेट में लाकर नजूल नीति के संशोधन को पास कर पॉलिसी जारी कर दी। जिसके बाद से जिला शासन स्तर पर पहले चरण में 2600 लोगों को उनके भूमि का मालिकाना हक मिलने जा रहा है।

### 10 हजार लोगों को दिया जाना है हक

विधायक अरोरा ने कहा कि पहले चरण में इंद्रा बंगाली कालोनी, रम्पुरा, भदईपुरा, दूधिया नगर, पहाड़गंज के लोगों को मुख्यमंत्री उनका स्वामित्व पत्र सौंपेंगे। जिसके बाद से वह भूमि हर प्रकार से उपयुक्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके बाद अन्य लोगों को भी मालिकाना हक दिया जाएगा। करीब 10 हजार लोगों को इसका हक दिया जाना है। इस अवसर पर दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, जिला महामंत्री अमित नारंग, विनय बत्रा, धीरेंद्र मिश्रा, भाजपा नेता सुरेश कोली, मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, मयंक कक्कड़, योगेश वर्मा, राधेश शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।

### जानलेवा हमले में एक को दबोचा

**खटीमा।** झनकईया थाने की पुलिस ने धारदार हथियार से एक व्यक्ति को घायल करने वाले तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

वार्ड संख्या 10 बंगाली कॉलोनी पकड़िया निवासी विनोद ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि गांव के ही सूरज, अरविंद और राकेश ने जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से उसके भाई दिनेश की गर्दन पर कई बार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने धारा 307/504/506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। उप निरीक्षक प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने रविवार को पीलीभीत रोड से एक आरोपी सूरज को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने वह चाकू भी बरामद कर लिया जिससे हमला किया गया था। पुलिस ने अवैध चाकू सहित मोबाइल को कब्जे में ले लिया है। वहीं पुलिस ने दर्ज मुकदमे में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की है। बाद में आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया। टीम में थानाध्यक्ष रवींद्र सिंह बिष्ट, उपनिरीक्षक प्रदीप शर्मा, रमेश जीना आदि थे।

# बेतरतीब गाड़ियों को देख बिफरे कप्तान

मुआयना

▸▸ दो होमगार्डों को भेजा वापस पार्किंग के दिए आदेश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने पुलिस कार्यालय का वार्षिक मुआयना करते हुए व्यवस्था और रखरखाव का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय परिसर में बेतरतीब पुलिस कर्मियों के वाहनों को देखकर एसएसपी का पारा चढ़ गया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात दो होमगार्डों को वापस उनके कार्यालय भेज दिया और अधीनस्थों को दोबारा गाड़ी खड़ी होने पर चालान काटने का आदेश दिया।

सोमवार को एसएसपी,सीओ संचार रेवाधर मठपाल सहित अधीनस्थों के साथ पुलिस कार्यालय के बाहर इलाके का भ्रमण किया और कार्यालय की चारदीवारी से सटे भूखंड को साफ कर मौके पर अतिशीघ्र पार्किंग स्थल बनाने का आदेश दिया। इसके अलावा उन्होंने आदेश दिया कि किसी भी व्यक्ति का वाहन पुलिस कार्यालय के अंदर खड़ा नहीं होगा। इसके अलावा जब वह मुख्य गेट के नजदीक पहुंचे तो पाया कि कार्यालय में तैनात पुलिस कर्मियों के वाहन बेतरतीब तरीके से खड़े हैं। जिसे देखकर एसएसपी ने सीओ संचार को आदेशित किया कि ड्यूटी में तैनात दोनों होमगार्ड जवान को उनके कार्यालय वापस किया जाए और एक रिपोर्ट बनाकर कमांडेंट होमगार्ड को भेजी जाए।

साथ ही उनके स्थान पर छह होमगार्ड जवानों की तैनाती की जाए। वहीं एसएसपी ने एसपी सिटी कलर्क कार्यालय, लेखा जोखा कार्यालय, साइबर सेल कार्यालय, एलआईयू कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों में जाकर दस्तावेजों के रखरखाव, सफाई व्यवस्था के अलावा तैनात कर्मियों के कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक मनीष शर्मा, महिला हेल्पलाइन प्रभारी मंजू पांडेय आदि मौजूद रहे।

खटीमा में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति पाने वाले छात्रों को किया सम्मानित।

# छात्रवृत्ति के लिए चुने गए छात्रों को सम्मानित किया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सतीश भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में छात्रवृत्ति के लिए चुने जाने वाले छात्रों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

भाजपा के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, राहुल सक्सेना, कमल चौहान, आकाश वर्मा, रोहित जोशी, महिमा राजपूत, पंकज सिंह, निकिता, संचित सिंह, शुभम भट्ट, शरद राणा, मुस्कान, दीपक सामंत, अमित जोशी, वंश सोनकर, आशीष नंदा, आदर्श चौबे, आकाश प्रभाकर, रोहन सावंत आदि उपस्थित थे। संचालन पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुमित बहादुर पाल एवं निखिल पांडे ने किया। आयोजक उपाध्यक्ष शुभम पटवा महासचिव अर्पित कॉलोनी एवं उपसचिव कशिश राणा ने मुख्यमंत्री द्वारा महाविद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रोत्साहित करने पर आभार जताया।

# एक आरोपी को गिरफ्तार कर ले गई एमपी पुलिस

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** डेढ़ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के दो आरोपियों की तलाश में मध्य प्रदेश पुलिस काशीपुर पहुंची। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक आरोपी फरार हो गया है। गिरफ्तार आरोपी को मध्य प्रदेश पुलिस अपने साथ ले गई है।

सोमवार को मध्यप्रदेश पुलिस ने काशीपुर कोतवाली में अपनी आमद दर्ज कराई और मध्यप्रदेश के इंदौर में हुई करीब 1.7 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के दो आरोपियों की लोकेशन काशीपुर में बताई, जिसके मध्य प्रदेश पुलिस ने स्थानीय पुलिस के साथ दोनों का पता कर उनके घर पर छापा मारा, जहां पुलिस ने नई बस्ती विजयनगर निवासी यासीन खान को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक अन्य आरोपी सब्जी मंडी निवासी आदिल फरार हो गया।

धोखाधड़ी का मामला

▸▸ धोखाधड़ी का दूसरा आरोपी हो गया फरार

गिरफ्तार यासीन को पुलिस अपने साथ मध्यप्रदेश ले गई। उधर बताया जा रहा है कि दोनों आरोपियों ने इंदौर मंडी में एक आढ़त की दुकान खोली थी और वहां एक नासिर खान नाम के व्यक्ति से आलू व प्याज की खरीद की और करीब 1.7 करोड़ रुपये हड़प लिये और वहां से भाग आये थे, जिसके बाद पीड़ित ने इंदौर में दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था।

कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी ने बताया कि मध्यप्रदेश पुलिस को धोखाधड़ी के दो आरोपियों की लोकेशन काशीपुर में मिली थी। जिनमें से एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक फरार है।

### जिला किक बॉक्सिंग के अध्यक्ष बने मिंटू सैनी

**काशीपुर।** ड्रैगन मार्शल आर्ट्स अकादमी सभागार में जिला किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर की जिला इकाई की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कार्यकारिणी के चुनाव कराये गये। इस अवसर पर जनपद ऊधमसिंहनगर के सभी ब्लॉक के कोच मौजूद रहे। चुनाव के लिए सर्वसम्मति से मिंटू कुमार सैनी जिलाध्यक्ष, यतेंद्र कुमार महासचिव, कृष्ण कुमार आनंद कोषाध्यक्ष, मुकेश सैनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रवीण मौर्य उपाध्यक्ष, वसीम खान, अभिषेक राजपूत, केशव पंवार, किशन चौहान उपाध्यक्ष, नरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह उपसचिव पद पर चुने गए। सभी नये पदाधिकारियों का वहां मौजूद सदस्यों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना (नाम परिवर्तन)
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Kamlesh से बदलकर Kamlesh Rani कर लिया है। अब भविष्य में मुझे Kamlesh Rani के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।
- Kamlesh Rani W/o Breet Kumar, नि० बकैनिया, उधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

# शहद उत्पादन में बुघानी दंपति राजभवन में हुए सम्मानित

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** भरतपुर निवासी सेवानिवृत जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी भुवन चंद्र बुघानी व उनकी पत्नी ऊषा बुघानी ने शहद उत्पादन पर आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में पुरस्कार प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

शांतिपुरी के बुघानी दंपति ने देहरादून राजभवन में 1 से 3 मार्च तक शहद उत्पादन एवं उसकी गुणवत्ता पर आयोजित तीन दिवसीय बसंतोत्सव एवं प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था, जिसमें शहद के व्यवसाय से जुड़े प्रदेश भर के दर्जनों प्रतिभागियों द्वारा अपनी-अपनी इकाइयों द्वारा उत्पादित शहद का प्रदर्शन किया गया। बसंतोत्सव में शहद प्रदर्शन हेतु नौ पुरस्कार निर्धारित थे, जिसमें निर्णायक मण्डल द्वारा बुघानी एपीकल्चर सर्विसेज शांतिपुरी के मालिक भुवन चंद्र बुघानी को क्रमशः दूसरा एवं उनकी पत्नी बुघानी एपिरी शांतिपुरी की स्वामिनी ऊषा बुघानी को तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। बीते रविवार को कार्यक्रम के समापन पर राजभवन में उन्हें प्रदेश के महामहिम राज्यपाल गुरमीत सिंह एवं कृषि तथा उद्यान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बुघानी दंपति न केवल अपने व्यसाय के लिए अच्छे गुणवत्ता के शहद का उत्पादन करते हैं बल्कि वह क्षेत्र में जगह-जगह निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर लगा कर दूसरों को भी मौन पालन को स्वरोजगार के रूप में अपनाने की प्रेणा देते रहे हैं। उनकी इस सफलता पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं मौन प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है।

भुवन चंद्र बुघानी।

ऊषा बुघानी।

### श्रीराम संस्थान के छात्रों का उच्च प्रदर्शन

**काशीपुर।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा बीसीए व बीबीए तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, के छात्र-छात्राओं का उच्च प्रदर्शन रहा।

बीसीए तृतीय सेमेस्टर में प्रथम स्थान भूमिका पिमोली 82.80 प्रतिशत, द्वितीय स्थान नेहा रौतेला 80.40 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान राहुल बिष्ट 80 प्रतिशत, बीसीए पंचम सेमेस्टर में प्रथम स्थान रिशिका रोहिला 75 प्रतिशत, द्वितीय स्थान दीपांशू जोशी 73.40 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान अमन रावत 71.40 प्रतिशत, बीबीए तृतीय सेमेस्टर में प्रथम स्थान अंकित चौबे 69.57 प्रतिशत प्राप्त किए।

### दहेज में महंगी गाड़ी और 20 लाख नहीं मिलने पर पहाड़ी से धक्का दिया

**काशीपुर।** दहेज में फॉर्च्यूनर गाड़ी व 20 लाख नहीं लाने पर पत्नी को पति से घर से निकाला।

सरवर खेड़ा निवासी महिला ने थाना कुंडा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह वर्ष 2022 को मोहल्ला बाड़वान कस्बा व थाना धामपुर, बिजनौर निवासी राहुल कुमार चौहान के साथ हुआ था। विवाह में उसके परिजनों से अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के बाद उसका पति दहेज में एक फॉर्च्यूनर गाड़ी व बीस लाख रुपये की मांग करने लगे। आरोप है कि जिसको लेकर पति व ससुराली उसके साथ मारपीट करने लगे और उसको मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला ने आरोप लगाया कि इस बीच उसका पति अपने नौकरी वाले स्थान किश्तवाड़ ले गया, जहां उसके एक पहाड़ी से उसको धक्का दे दिया, जिसमें वह घायल हो गई। जिसका उपचार भी आरोपी पति ने नहीं कराया। महिला ने आरोप लगाया कि उसके ससुराली उसके परिजनों को झूठे मुकदमे में फंसाने व उसके पति की दूसरी जगह शादी करने की धमकी दे रहे है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर अनुसार मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

आयोजन | जीबी पंत विश्वविद्यालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान व भारतीय बीज विज्ञान संस्थान मऊ (उप्र) की ओर से हुई संगोष्ठी

# गुणवत्ता युक्त बीजों से सुधरेगी किसानों की स्थिति : डॉ. परोदा

संवाददाता, रुद्रपुर/पंतनगर

**अमृत विचार:** जीबी पंत विश्वविद्यालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान-भारतीय बीज विज्ञान संस्थान मऊ (उ.प्र.) की ओर से गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादनः राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा की रीढ़ विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पद्म भूषण व पूर्व महानिदेशक एवं सचिव डेयरी डॉ. आरएस परोदा, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री सचिव पीआरडीएफ गोरखपुर डॉ.राम चेत चौधरी, निदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ डॉ.संजय कुमार उपस्थित थे।

सोमवार को अनुसंधान निदेशालय द्वारा गांधी हाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. परोदा ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में आना उनके लिए एक गर्व की बात है। किसानों की हालत सुधारने के लिए उच्च गुणवत्ता युक्त बीज उपलब्ध कराकर प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक के विकसित देश के सपनों को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वे एक किसान हैं और किसानों की आवश्यकता से भली-भांति परिचित हैं। आज के युग में स्मार्ट फोन में किसानों की फसल संबंधित समस्याओं का समाधान उपलब्ध है।

संगोष्ठी में कुलपति डॉ.मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि शोध निदेशालय के वैज्ञानिक नयी-नयी प्रजातियों के गुणवत्तायुक्त बीज के विकास में लगे हुए हैं। पिछले वर्ष दलहन की 7 प्रजातियां विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित की गयी है। उन्होंने कहा कि इस संगोष्ठी के माध्यम से नवीन सोच एवं तकनीक अमल में लायी जाएगी। इससे किसानों को गुणवत्तायुक्त स्वस्थ बीज प्राप्त हो सकेगा। संगोष्ठी के संयोजक एवं निदेशक शोध डॉ. एएस नैन ने रूपरेखा के बारे में बताया। प्रदर्शनी में करीब 20 से अधिक विश्वविद्यालय के साथ संस्थाओं द्वारा बीज की गुणवत्ता के लिए नवाचार का प्रस्तुतीकरण किया, जिसका अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया। इस दौरान विभिन्न संस्थाओं से विश्वविद्यालय द्वारा एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। साथ ही वैज्ञानिकों द्वारा लिखित पुस्तकों का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर आयोजन सचिव एवं संयुक्त निदेशक नाईबो फसल अनुसंधान केंद्र डॉ. एसके, धानुका एग्रोटेक के डॉ.अजीत तोमर, निदेशक वीपीकेएस डॉ. लक्ष्मीकांत, निदेशक बायोटेक हल्दी डॉ. संजय कुमार समेत विश्वविद्यालय के कुलसचिव, महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

संगोष्ठी में एमओयू के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

उप जिला निर्वाचन अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक, कहा-निर्वाचन व्यय के लिए प्रत्येक प्रत्याशी को बनाना होगा व्यय रजिस्टर

# आयोग से प्रत्याशी का निर्वाचन व्यय 95 लाख रुपये निर्धारित

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रचार-प्रसार के लिए प्रयोग में लायी जाने वाली सामग्री दरों के निर्धारण को बैठक आयोजित की। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी का निर्वाचन व्यय आयोग ने 95 लाख निर्धारित किया है।

सोमवार को जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन व्यय के लिए प्रत्येक प्रत्याशी द्वारा अपना व्यय रजिस्टर बनाया जाएगा। साथ ही नामांकन से पूर्व प्रत्याशी को नया बैंक खाता खोलना होगा। प्रत्याशी ने सभी प्रचार माध्यमों से किये जाने वाले व्यय को निर्धारित सामग्री व्यय दरों के अनुसार ही लेखा में अंकन करना होगा। उन्होंने बताया कि इन्हीं निर्धारित दरों के आधार पर व्यय लेखा टीम द्वारा भी व्यय अंकन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रत्याशी को निर्वाचन के दौरान तीन वार व्यय प्रेक्षक के समक्ष अनिवार्य रूप से लेखा रजिस्टर परीक्षण कराना अनिवार्य होगा। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को यह भी बताया कि निर्वाचन के दौरान दस हजार तक ही कैश के रूप में खर्च किया जा सकेगा। दस हजार से अधिक का व्यय चेक या ऑनलाइन किया जाएगा। साथ ही फर्म या व्यक्ति से भी दस हजार से ज्यादा कैश लिया भी नहीं जा सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रिंटिंग प्रेस में प्रचार सामग्री छापने के लिए प्रत्याशी अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि द्वारा लिखित आर्डर अनिवार्य रूप से प्रिंटिगं प्रेस को देना होगा। प्रचार-प्रचार वाहनों व रैलियों की पूर्व स्वीकृति अनिवार्य होगी। उन्होंने कहा कि प्रचार सामग्री का परिवहन करने के लिए सभी प्रकार की स्वीकृति भी अनिवार्य होगी।

अधिकारियों के साथ बैठक करते उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी। ● अमृत विचार

### बैठक में ये लोग रहे मौजूद

नोडल व्यय व मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ल, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, एआरटीओ चक्रपाणि मिश्रा, उप निदेशक खनन अमित गौरव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी, सहायक अभियंता लोनिवि सहित सांसद प्रतिनिधि भाजपा योगेश वर्मा, जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला कार्यालय मंत्री गजेंद्र प्रजापति, महामंत्री महानगर कांग्रेस सुनील आर्या, लोकसभा प्रभारी बीएसपी चंद्रकेश्वर राव आदि।

# घर में घुस मारपीट, हाथ तोड़ने के आरोपी बरी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** तृतीय एसीजे की अदालत ने घर में घुसकर मारपीट करने और हाथ की हड्डी तोड़ने के आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त करार दिया।

मोहल्ला कटरामालियान निवासी कैलाश प्रजापति ने 24 मार्च 2016 को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने घर पर था। मोहल्ले में रहने वाला आकाश उर्फ बंटी पुत्र हरिसिंह उसके घर के बाहर गाली गलौज कर रहा था। टोकने पर वह आग बबूला हो गया और लाठी लेकर उसके घर में घुस आया। आरोपी ने जान से मारने की नियत से उसके भाई पर लाठी से प्रहार किया। रोकने के प्रयास में उसके भाई के हाथ पर लाठी लग गई, जिससे उसके हाथ की हड्डी टूट गई। इसके बाद आरोपी अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कोर्ट में अभियोग पत्र दायर किया। केस की सुनवाई एसीजे तृतीय की अदालत में हुई। बचाव पक्ष की ओर से पैरवी नरेश कश्यप एडवोकेट ने की। दोनों पक्षों को सुनने और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर तृतीय एसीजे हर्षिता शर्मा की अदालत ने आरोपी आकाश को साक्ष्यों के आधार पर दोषमुक्त करार दिया।

## एक नजर

### मारपीट कर तलाक देने की धमकी का मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** एक विवाहिता ने अपने पति पर दहेज के लिए मारपीट करने व तलाक देने की धमकी देने आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम कुंडा निवासी एक महिला ने अपनी तहरीर में बताया कि उसका विवाह चार साल पहले अलीगंज थाना स्वार, रामपुर, यूपी निवासी इसकत के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से उसका पति दहेज की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट करता है और उसको एक साल पहले दहेज के खातिर उसे घर से निकाल दिया। महिला के उसके पति से दो पुत्र भी है। उन्हें वह साथ ले जाने और महिला तलाक देने की धमकी देता है। मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हिस्ट्रीशीटर को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया

**काशीपुर।** पुलिस ने तमंचा लेकर घूम रहे एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया। जिसके खिलाफ पुलिस ने शस्त्र अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर किया है। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र से एक युवक को गिरफ्तार किया, जो कि अल्ली खां मोहल्ले का हिस्ट्रीशीटर जुनैद उर्फ कुंजा निकला। पुलिस ने आरोपी के पास से एक 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद किया है। आरोपी पर पूर्व में भी शस्त्र अधिनियम समेत 11 मुकदमे काशीपुर कोतवाली व एक मुकदमा ठाकुरद्वारा में दर्ज है।

# ओवरसीज के व्यवसाय के नाम पर एक करोड़ हड़प लिए, परिवार गायब

## हॉस्पिटल संचालक ने पीड़ित को बनाया था फर्म का साझीदार, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

ठगी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** शहर की पॉश कॉलोनी स्थित हॉस्पिटल संचालक के ओवरसीज का व्यवसाय करने की आड़ में एक करोड़ रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप था कि रकम का भुगतान करने के बाद आरोपी का परिवार गायब हो गया और मोबाइल बंद होने पर रकम हड़पने की भनक लगी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गाबा चौक निवासी बख्शीश सिंह ने बताया कि ग्रीन पार्क निवासी राजेश कुमार अपनी कॉलोनी में ही एक हास्पिटल का संचालन करते हैं और उनका बेटा ओवरसीज का कारोबार करता है, जो विदेश जाने वाले युवाओं के दस्तावेज बनाकर विदेश भेजने का कार्य करता है। शिकायतकर्ता का आरोप था उसने मैसर्स आरबी ओवरसीज गाबा चौक के साझीदार तीसरे पार्टनर अंश मलिक व पिता राजेश कुमार ओबराय से ओवरसीज का व्यवसाय प्रारंभ किया था, जिसकी एवज में पिता-पुत्र ने नवंबर 2023 को 60 लाख रुपये बैंक खाते और 40 लाख रुपये का गूगल-पे से भुगतान कर व्यवसाय में साझेदार बना था।

आरोप था कि दो मार्च की सुबह साढ़े सात बजे अचानक आरोपी पिता राजेश कुमार और बेटा अंश मलिक घर से फरार हो गए। जब उनके सभी मोबाइल नंबरों पर कॉल की तो सभी के मोबाइल फोन बंद आने लगे।

शिकायतकर्ता का आरोप था कि काफी खोजबीन के बाद भी जब आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा और मोबाइल से संपर्क नहीं हुआ तब जाकर एक करोड़ की धनराशि हड़पने की भनक लगी। शिकायतकर्ता का कहना था कि रकम का भुगतान बाप और बेटे दोनों के खाते में किया गया था। आशंका जताई कि इस जालसाजी प्रकरण में आरोपी राजेश की बेटी तन्नु और पुत्र सन्नी में शामिल है और जो वर्तमान में दिल्ली में रहते हैं। उन्होंने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ठगी के आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और खुलासे के लिए एक टीम का गठन किया है जो आरोपियों की सीडीआर व सर्विलांस से पड़ताल करेगी।

### भूमि की खरीद-फरोख्त में विक्रेता ने की 55 लाख की धोखाधड़ी

**बाजपुर।** भूमि की खरीद-फरोख्त के दौरान विक्रेता द्वारा क्रेता के साथ 55 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है, जिसमें पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मां-बेटा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहल्ला श्यामनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी मोहम्मद अकरम पुत्र अब्दुल रशीद ने पुलिस को बताया कि उसने मोहल्ले की ही ऊषा रानी पत्नी स्व .किशोरी लाल व उसके पुत्र गौरव कुमार शर्मा से खाता-242 खसरा संख्या-783 संक्रमणीय 14 बीघा भूमि 28 दिसंबर 2021 को 77 लाख में खरीद की थी जिसमें इसी दिन 15 लाख रुपये बयाना के तौर पर दिए गए, जबकि 40 लाख रुपये 17 नवंबर 2022 को दे दिए। शेष रकम 22 लाख रुपये 17 अप्रैल 2023 को देना तय हुआ था। आरोप है कि बैनामा की निर्धारित तिथि को वह सब रजिस्ट्रार कार्यालय बाजपुर पहुंच गया और सुबह 10 से सायं 5 बजे तक इंतजार के बावजूद ऊषा रानी, गौरव कुमार शर्मा बैनामा करवाने नहीं पहुंचे। उनसे संपर्क किया तो दोनों ने रजिस्ट्री करवाने व पैसे वापस करने से मना कर दिया। बाद में आपसी सहमति होने पर आरोपितों द्वारा दिया गया 55 लाख रुपये का चेक भी बैंक से अनादित हो गया जिसका मुकदमा अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय काशीपुर में विचाराधीन है। आरोप है कि इसी बीच ऊषा रानी व गौरव कुमार शर्मा ने इसी 14 बीघा भूमि में से 0 .4050 हेक्टेयर भूमि मोहल्ला नेतानगर निवासी मोहम्मद युसूफ पुत्र अब्दुल शफीक के नाम रजिस्टर्ड बैनामे के माध्यम से विक्रय कर दी जिसमें ऊषा रानी द्वारा झूठा शपथपत्र लगाया गया है, जोकि नियमों का उल्लंघन है। दोनों मां-बेटा ने सबकुछ जानने के बावजूद उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए 55 लाख रुपये हड़प लिए हैं।

# सड़क नहीं तो मतदान भी नहीं

प्रदर्शन

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** क्षतिग्रस्त गांव के लिंक मार्ग के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने सांकेतिक प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने नारे लगाते हुए कहा कि सड़क नहीं तो लोकसभा चुनाव में वोट नहीं। उन्होंने लोकसभा चुनाव से पूर्व सड़क बनाने की मांग की।

सोमवार को ग्राम पंचायत मदनापुर के ग्राम खटोला नंबर-दो निवासी ऊषा मंडल ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय विधायक अरविंद पांडेय व ग्राम प्रधान हेमगिरी गोस्वामी उर्फ हिमांशु ने छह माह के अंदर सड़क निर्माण की घोषणा की थी। प्रधान का कार्यकाल समाप्त होने वाला है एवं पांडेय को विधायक जीते हुए लगभग दो वर्ष हो चुके हैं। दोनों जनप्रतिनिधियों ने सड़क निर्माण की सुध तक नहीं ली। सड़क क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि लोकसभा चुनाव से पूर्व सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में शकुंतला देवी, शोभा, मीना कार्की , कमला चौहान, पुष्पा देवी, मीना, रेखा, उर्मिला मंडल, शांति, पायल, भावेश मंडल, मंगल सिंह आदि थे।

दिनेशपुर में सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

सुल्तानपुर पट्टी में नगर पंचायत के खिलाफ प्रदर्शन करते मोहल्लावासी।

### टाइल्स रोड के विरोध में नारेबाजी

**सुल्तानपुर पट्टी।** नगर के मोहल्ला टांडा बंजारा के मोहल्लेवासियों ने नगर पंचायत के खिलाफ प्रदर्शन कर बनने वाली टाइल्स रोड का विरोध किया। सोमवार को समाजसेवी राजीव सैनी के नेतृत्व में मोहल्लेवासियों ने प्रदर्शन कर टाइल्स रोड की जगह सीसी रोड बनाने की मांग की। बताते चलें कि नगर पंचायत द्वारा अवस्थापना विकास निधि मत से टाइल्स रोड का निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। मोहल्लेवासी प्रवीण कुमार ने बताया कि नगर पंचायत की ओर से जो टाइल्स रोड का निर्माण कराया जा रहा है। वह सरासर गलत है। पुरानी सड़क को उखाड़कर टाइल्स रोड की जगह सीसी रोड का निर्माण होना चाहिए। प्रदर्शन करने वालो में मास्टर रामकुंवर, सुमेर सिंह, संदीप, रितिक, ऋषव, मन्जो देवी, सुजाता देवी, सरन देई, सुनीता देवी, उर्मिला आदि थे।

# खनन वाहनों के विरोध में जाम

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचारः** खनन वाहनों के जबरन गांव की सड़कों से आवाजाही शुरू करने से हो रही परेशानियों से आक्रोशित ग्रामीण महिलाओं ने सोमवार को खनन वाहनों का रास्ता रोक कर जाम लगा दिया।

सोमवार को गांव से निकल रहे उपखनिज के वाहनों का विरोध कर रही डाम की महिलाएं वाहनों के आगे खड़े हो गईं। महिलाओं का आरोप है कि उनके गांव से कोई खनन निकासी रूट नहीं है। ना ही गांव की सड़क इतनी मजबूत व चौड़ी है कि वह भारी वाहनों का लोड झेल सके। महिलाओं का नेतृत्व कर रही दीपा काण्डपाल ने बताया कि वैसे ही सड़क बड़ी मुश्किल से 20 वर्ष में बन पाई है।

सड़क कम चौड़ी होने के कारण बच्चों के एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है। बावजूद इसके बड़ी संख्या में खनन वाहन अपना समय बचाने व डब्लूआर की पकड़ से बचने के लिए गांव के एकांत रास्ते निकलते हैं।

महिलाओं ने दस-बार वाहन स्वामियों को वापस भेजा। जाम लगाने वालों में मोहनी पांडे, पुष्पा पांडे, प्रेमा पांडे, लीला कांडपाल, रेनू भट्ट, प्रेमा कांडपाल, दीप्ति कांडपाल, बिमला पांडे, चंपा कांडपाल, पूनम पांडे, दीपा कांडपाल, रेखा कांडपाल, चंद्रा कांडपाल, पूजा कुनियाल, माधवी शर्मा, सीमा कांडपाल, निर्मला पांडे, भावना पांडे, नेहा पांडे आदि मौजूद रहीं।

शांतिपुरी में गांव से निकल रहे खनन वाहनों को रोककर जाम लगातीं महिलाएं।

## घर से निकालने पर पति सहित दो पर केस

**काशीपुर।** विवाहिता ने पति व ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने व मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। ग्राम दोहरी वकील कुंडेश्वरी निवासी एक महिला ने बताया कि पिछले एक वर्ष से उसका पति देवेंद्र सिंह अपनी मां के कहने पर दहेज के लिए प्रताड़ित करता है। घर से निकाल दिया। पंचायत पर वह ससुराल आ गई। बीती 10 जनवरी को फिर उसके पति ने शराब पीकर मारपीट की, जिसमें उसे गुम चोटें आई। मारपीट की घटना मायके वालों को बताने पर जब उसके परिजन घर आये तो उसके पति ने सबके सामने मारपीट की तथा डीजल पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। तहरीर में बताया कि उसका पति कोई घटना को अंजाम देता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

# पति से तंग होकर खुदकुशी की

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** दो मार्च को विवाहिता के आत्महत्या के प्रकरण में पुलिस ने पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पीड़िता के पिता का आरोप था कि दामाद बार-बार बेटी को कम दहेज लाने का ताना देकर प्रताड़ित करता था, जिससे तंग आकर उसकी बेटी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम गंगोसी थाना बिल्सी बदायूं निवासी रामपाल ने बताया कि उसने अपनी 20 वर्षीय बेटी पूजा की शादी 10 फरवरी 2023 को रिति रिवाज के साथ मूलरूप से पंचकूला हरियाणा व वर्तमान निवासी शांतिपुरी दो थाना पंतनगर निवासी अरुण कुमार के साथ की थी। शादी में हैसियत के हिसाब से कन्या धन भी दिया था। आरोप था कि शादी के कुछ माह बाद ही दामाद ने बेटी को कम दहेज लाने का ताना मारना शुरू कर दिया और बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जब बेटी ने विवशता बताते हुए इंकार किया तो दामाद ने शारीरिक एवं मानसिक यातनाएं देनी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि पति की प्रताड़ना को लेकर बेटी रोज फोन पर आप बीती बताती थी। बेटी का घर बसाने को लेकर कई बार दामाद से गुहार लगाई और पारिवारिक जीवन बसाने को लेकर पंचायत भी की।

बावजूद प्रताड़ना बंद नहीं हुई और बेटी ने तंग आकर 2 मार्च 2024 को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जिसका पोस्टमार्टम और दाह संस्कार तीन मार्च को किया गया। मृतका के पिता ने थाना पंतनगर पुलिस को तहरीर देकर दामाद पर बेटी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा। पुलिस ने आरोपी दामाद के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**मुकदमा**

- पीड़ित पिता ने दामाद पर लगाया दहेज के लिए प्रताड़ना का आरोप
- शादी में हैसियत के हिसाब से कन्या धन भी दिया था

## कांवड़ लेने गए किशोर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**काशीपुर।** हरिद्वार से गंगा जल लेने गए किशोर की संदिग्ध परस्थितियों में मौत हो गई। बीती शनिवार को मोहल्ला काजीबाग निवासी 13 वर्षीय हर्षित अपने चाचा और दोस्तों के साथ कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार गया था। रविवार की सुबह हरिद्वार हरकी पौड़ी से जलभर कर वह कांवड लेकर चले। चलते-चलते अचानक हरिद्वार में बड़ी मूर्ति के पास हर्षित चक्कर खाकर गिर पड़ा। कांवड़ियों ने एंबुलेंस की मदद से उसे हरिद्वार अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार शाम को हर्षित का शव घर लाया गया जहां परिवारों वालो का रो-रो कर बुरा हाल है।

भटकाव

कक्षा 9 के बाद छोड़ दी थी पढ़ाई, फिर सीखे पैंतरे, शॉट कट अपनाकर बनना चाहता था धनवान

# पढ़ाई में नहीं लगा मन तो चंदन बन गया साइबर क्रिमिनल

मनोज आर्या, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** जहां एक ओर युवा पीढ़ी शिक्षित बनकर अपने सपनों को साकार करने की कोशिश करते हैं, वहीं भागलपुर का रहने वाले शातिर साइबर ठग चंदन का जब पढ़ाई में मन नहीं लगा तो उसने साइबर क्राइम की दुनिया में कदम रखा और साइबर क्रिमिनल बनकर पढ़े लिखे लोगों को चूना लगाना शुरू कर दिया।

साइबर सेल थाना प्रभारी ललित मोहन जोशी ने बताया कि जयपुर राजस्थान से गिरफ्तारी होने के बाद जब साइबर ठग चंदन से पूछताछ की गई तो आरोपी ने बताया कि बचपन से उसका मन पढ़ाई में नहीं लगता था। बावजूद पिता का निधन होने के बाद उसने कक्षा 9 तक की पढ़ाई कर छोड़ दी और शॉट कट अपनाकर अधिक धनवान बनने की चाह मन में आई। उसने वहीं के एक साइबर कैफे में काम किया और इंटरनेट का सारा काम सीखने के बाद उसने साइबर अपराध के जरिए पैसा कमाने के लिए पहले उसने फर्जी खाते खोलने शुरू किए। शादी होने और दो बच्चों की जिम्मेदारी आने के बाद उसने फेसबुक पर प्रलोभन वाला व्यापार व कई तरीकों से लोगों को ठगना शुरू किया। साइबर का धंधा इतना तेजी से हुआ कि उसके धनवान बनने की चाह असीमित हो गई।

आरोपी चंदन।

### 11 राज्यों में कर चुका है ठगी का अपराध

साइबर सेल प्रभारी ललित मोहन जोशी ने बताया कि जब पकड़े गए आरोपी चंदन का आपराधिक इतिहास खंगाला गया तो पता चला कि वह दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, यूपी, तेलंगाना, कर्नाटक, झारखंड, उत्तराखंड सहित कई प्रदेशों में साइबर ठगी की घटना को अंजाम दे चुका है। जिसका खुलासा आरोपी के मोबाइल पर हुए ऑनलाइन आदान प्रदान की सूची से हुआ। जिसमें आरोपी द्वारा बनाए गए फर्जी बैंक खातों से एक करोड़ से अधिक का पैसा दूसरे खातों में ट्रांसफर किया है। जिसकी जांच साइबर सेल की टीम कर रही है।

### डीटीजा मैक्स एप्लिकेशन से करता था धोखाधड़ी

पकड़े गए साइबर ठग ने अपने लैपटॉप पर डीटीजा मैक नाम का मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड किया हुआ था। जब कोई शिकार उसके जाल में फंस जाता था और बताए गए खाते में रकम का भुगतान करता था तो एप्लिकेशन के माध्यम से मुनाफा पीड़ित के डैशबोर्ड पर दिखाई देने लगता था। इससे पीड़ित भ्रमित होकर तीन गुना मुनाफा पाने की चाह में लाखों रुपये का भुगतान कर डालता और जैसे ही मोटी रकम खाते में आती तो एप्लिकेशन के माध्यम से रकम को दूसरे खाते में डाल दिया जाता था।

### फर्जी दस्तावेज लगाकर देता था गच्चा

30 लाख की ठगी के आरोप में गिरफ्तार चंदन इतना शातिर था कि शिकार करने के बाद वह अपना सिम कार्ड सहित खाते को खाली कर बंद कर देता था। एटीएम के जरिए पैसा निकाल लिया जाता था। जब साइबर सेल ने जयपुर में दबिश दी तो उसके पास से कई फर्जी सिम कार्ड और पासबुक मिली। जांच में सभी सिम व खाते दूसरे व्यक्तियों के नाम से खोले गए थे। इसी कारण सुरागरसी होने के बाद भी बदलते मोबाइल की लोकेशन दिखाकर आरोपी पुलिस को लगातार गच्चा दे रहा था और भागलपुर से भागकर जयपुर पहुंच गया।

# प्रेमी ने की थी महिला की हत्या

गिरफ्तार

- श्रीपुर बिछुआ में महिला की मौत के मामले का खुलासा

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** श्रीपुर बिछुआ गोठ में तीन दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में घर में मृत मिली महिला का मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। महिला की हत्या उसके ही प्रेमी ने डंडे से पीटकर की थी। मृतका के पति द्वारा नामजद दर्ज कराई गई रिपोर्ट के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ।

एक मार्च देर शाम ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने श्रीपुर बिछवा गोठ निवासी माया देवी 45 पत्नी छोटे सिंह का शव बरामद किया था। जिसके सिर में घाव को देखते हुए पुलिस ने मामले की संदिग्ध माना था। इधर बीते दिवस मृतका के पति छोटे सिंह ने कुमरहा निवासी श्याम सिंह राणा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया था। जिसमें बताया गया था कि वह अल्मोड़ा में रहकर काम करता है जबकि घर में उसकी पत्नी अकेली रहती है। यह भी कहा था कि उसकी गैरमौजूदगी में श्याम सिंह का उसके घर में आना-जाना लगा रहता था और उसी ने उसकी पत्नी की हत्या की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू करते हुए टीम गठित कर आरोपी श्याम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर आला कत्ल भी बरामद कर लिया गया। सीओ विमल कुमार ने बताया कि आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया है।

खटीमा में पकड़े गए हत्यारोपी के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

रुद्रपुर के बिगवाड़ा में बारिश और तेज हवा से खेत पर बिछी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

बाजपुर में हुई ओलावृष्टि। ● अमृत विचार

### गेहूं, लाई, आलू समेत अन्य फसलें प्रभावित

# बेमौसम बारिश से बढ़ी किसानों की चिंता

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** जनवरी और फरवरी में होने वाली बारिश अमूमन फसलों के लिए लाभकारी मानी जाती है, लेकिन इस साल मार्च के शुरुआती दिनों में हुई मूसलाधार बारिश और ओलों ने किसानों के चेहरों पर परेशानी की लकीरें खड़ी कर दी हैं। महज दो दिन हुई बारिश से काशीपुर में गेहूं की 35 प्रतिशत, लाई की फसल को 32 प्रतिशत और आलू को 15 प्रतिशत का अनुमानित नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। साथ ही अन्य सब्जियों को भी भारी नुकसान होने का अनुमान है।

# बारिश से 20 फीसदी तक गेहूं को नुकसान का अनुमान

## किसान बोले, फसलें 70 फीसदी तक चौपट, कृषि विभाग ने तहसीलदार के नेतृत्व में टीम गठित कर आंकलन शुरू किया

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** विगत दिवस सुबह से हुई रुक-रुककर हुई बारिश और देर रात में तेज बारिश के साथ आंधी चलने से किसानों की गेहूं की फसल खेतों में लेट गयी है। इससे करीब 15 से 20 फीसदी तक फसल के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। इसके अलावा सरसों को भी बारिश से नुकसान पहुंचा है। वहीं कृषि विभाग ने तहसीलदार के नेतृत्व में टीम गठित कर नुकसान का आंकलन करना शुरू कर दिया है।

यहां बता दें कि शनिवार को और रविवार की सुबह तराई में बारिश हो रही थी, लेकिन विगत देर रात बारिश के साथ तेज हवा चलने से खेतों में तैयार गेहूं की फसल लेट गयी है। एक मोटे अनुमान के अनुसार तराई में करीब 15 से 20 फीसदी तक गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। किसानों के अनुसार तेज हवा से 60 से 70 फीसदी तक फसल के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

बारिश और हवा से किसानों को फसल का कितना फीसदी नुकसान पहुंचा है। यह कृषि विभाग की टीम के सर्वे के बाद ही पता चला पाएगा। कारण नुकसान का अनुमान लगाने के लिए कृषि विभाग ने तहसीलदार के नेतृत्व में कृषि विभाग, उद्यान विभाग और अन्य को इसके आकलन के लिए लगा दिया है। यहां बता दें कि ऊधमसिंह नगर जनपद में करीब एक लाख हेक्टेयर में गेहूं का उत्पादन होता है। करीब एक लाख 29 हजार गेहूं की बुवाई करते हैं।

### तराई में 48.2 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड

**रुद्रपुर।** तराई में विगत दिवस 48 .2 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी है। इससे तापमान में गिरावट आयी है। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि रविवार को तराई का अधिकतम तापमान 23 .5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 .4 डिग्री सेल्सियस रहा। वातावरण में नमी की मात्रा 53 फीसदी रही, जबकि उत्तर पश्चिम दिशा से 5 .2 किमी . प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। बारिश से गेहूं की फसल के साथ सरसों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने किसानों से खेतों से पानी निकासी की व्यवस्था करने की अपील की है।

### बोले किसान

तेज हवा के साथ बारिश से फसल को 60 प्रतिशत नुकसान पहुंचा है। सरकार को मौके पर नुकसान का जायजा लेकर मुआवजा देना चाहिए। ताकि किसानों को नुकसान की भरपाई हो सके।
**-विजेंद्र यादव**, प्रगतिशील किसान

बारिश और तेज हवा के कारण किसानों की फसल को 70 फीसदी तक नुकसान पहुंचा है। इससे प्रति एकड़ पांच कुंतल पैदावार कम होगी। इससे किसान की लागत बढ़ेगी और आर्थिक नुकसान होगा। सरकार किसानों की फसल का सर्वे कर उचित मुआवजा दे।
**-विक्रम जीत सिंह विर्क**, किसान

विगत रात्रि आयी बारिश और तेज हवा से जनपद में करीब 15 से 20 फीसदी तक गेहूं के फसल के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। सर्वे के लिए तहसीलदार के नेतृत्व में टीम गठित की गयी है जो नुकसान का आकलन करेगी। इसके बाद ही नुकसान का पता चल पाएगा। किसान फसल को बचाने के लिए खेतों से पानी की निकासी का उचित प्रबंध करें। ताकि कम से कम नुकसान हो।
**-एके वर्मा**, मुख्य कृषि अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

# पैदावार व क्वालिटी पर पड़ेगा असर

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** दो दिन से हो रही बारिश से गेहूं और लाई की फसल को काफी नुकसान हुआ है। बारिश से गेहूं की फसल बुरी तरह प्रभावित हो गई है। बारिश के साथ चली हवा से गेहूं बुरी तरह खेतों में लेट गई है। गेहूं लेटने से पैदावार और क्वालिटी पर असर पड़ेगा।

इसके अलावा इस समय लाई की फसल बिल्कुल पैक कर तैयार थी बारिश से सबसे ज्यादा असर लाई पर ही पड़ेगा। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में 10 से 15% गेहूं की फसल खराब हो गई है। उनका कहना था कि प्रशासन राजस्व अधिकारियों को मौके पर भेज कर फसल का नुकसान की जांच करें और किसान को हुए नुकसान मुआवजा दिया जाए ताकि उसकी आर्थिक स्थिति ठीक रह सके।

जलभराव वाले क्षेत्रों में गेहूं को ज्यादा नुकसान हुआ है। उनका कहना था कि क्षेत्र में 10% गेहूं का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि खेत में लेटी गेहूं से क्वालिटी और पैदावार पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बीमा कंपनियां मौके पर जाकर सर्वे करें और नुकसान की भरपाई करें।
**-राजेंद्र पाल सिंह**, प्रगतिशील किसान

बारिश से क्षेत्र में गेहूं को काफी नुकसान हुआ है। जिलाधिकारी राजस्व विभाग के अधिकारियों को मौके पर जांच के लिए भेजे और जांच के बाद जिन किसानों का नुकसान हुआ उनको मुआवजा दिया जाए।
**-गुरविंदर विर्क**, अध्यक्ष प्रधान संगठन

लाई की फसल पककर तैयार थी। बारिश से फसल बिल्कुल खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि खराब हुई फसल का सरकार किसानों को जल्द मुआवजा दे।
**- प्रमोद कम्बोज**, कोषाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल, सकैनिया

दो दिन की बारिश से फसल खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग मौके पर जाकर गेहूं के नुकसान की जांच करे और जल्द सरकार को रिपोर्ट दे। उन्होंने कहा खराब हुई फसल का किसानों को मुआवजा दिया जाए।
**-मुख्तयार सिंह**, किसान

### बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं की फसल खेतों में बिछी

**बाजपुर।** क्षेत्र में बूंदाबांदी के बाद रविवार की रात हुई तेज बारिश ने फिर से ठंड लौटा दी। मौसम में बार-बार बदलाव हो रहा है और क्षेत्र में पिछले कई दिनों से रुक-रुक कर बूंदाबांदी हो रही है। इसी बीच रविवार रात मौसम में तब्दीली आ गई और आसमान में घने बादल घिर आए। अचानक गड़गड़ाहट के साथ कुछ देर तक बूंदाबांदी के बाद तेज हवाओं के साथ बारिश होने लगी। कुछ जगहों पर ओलावृष्टि भी हुई, जिसके चलते ठंड बढ़ गई। वहीं बारिश, ओलावृष्टि व आंधी-तूफान के कारण गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई है जिससे किसानों को काफी नुकसान बताया जा रहा है। भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने कहा कि गतवर्ष भारी बारिश के चलते धान की फसल को काफी नुकसान हुआ था और अभी किसान सही ढंग से खड़ा भी नहीं हो पाया था कि इस बारिश ने गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है जिसका सर्वेक्षण कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। वहीं किसान नेता जोराबर सिंह भुल्लर, विक्की रंधावा, रजनीत सिंह सोनू ने भी सरकार से किसानों को मुआवजे की मांग की है।

### बीमा का हर किसान को नहीं मिलता लाभ

पिछले दो दिनों से बारिश पड़ रही है, लेकिन रविवार की रात ज्यादा बारिश पड़ने से गेहूं, आलू, लाई, देर से बोई मटर एवं सब्जियों में काफी नुकसान हुआ है। रविवार शाम तक गेहूं की फसल बहुत अच्छी खड़ी थी, लेकिन सोमवार सुबह जाकर देखा तो 10 एकड़ गेहूं की फसल जमीन में लेटी हुई मिली।
**-वेद प्रकाश शर्मा**, किसान, लालपुर कॉलोनी, काशीपुर

समय-समय पर प्रकृति की मार किसान को भारी क्षति पहुंचाती है। फसल बीमा का हर किसान को लाभ नहीं मिल पाता है, क्योंकि उसके मानकों को सरकार ने इतना कठिन बना रखा है की कुल संख्या में 5 से 10 प्रतिशत किसानों को ही इसका लाभ मिल पाता है, यानि कि जब पूरी तहसील या पूरा ब्लॉक को फसल का नुकसान होगा तभी उसको फसल बीमा का लाभ मिलेगा। **- अरुण कुमार शर्मा**, प्रदेश अध्यक्ष, किसान विकास क्लब

किसानों को इस रवि की फसल से बहुत उम्मीद थी, लेकिन बेमौसम बरसात के कारण गेहूं की फसल पूरी तरह से चौपट हो गई है। किसान पहले से ही कर्ज में दबा हुआ था, फसल खराब होने से किसान सदमे में है।
**-संजय रावल**, लालपुर कॉलोनी, काशीपुर

गेहूं की बाली में मिट्टी एवं पानी के संपर्क में आने पर फंगस की बीमारी लग जाएगी। जिससे दाना काला पड़ जाएगा। जिसको आढ़ती खरीदने में आना कानी करेंगे तथा उत्पादन में भारी नुकसान हो जाएगा। फसल का सर्वे कर उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए।
**-ललित कुमार**, किसान मानपुर।

बरसात व ओलों से गेहूं, लाही, लीची को बहुत नुकसान हुआ है। कहीं-कहीं आम के कोपलें व बोर को भी नुकसान हुआ है। सरकार को चाहिए कि वह सर्वे कर किसानों को उचित मुआवजा दिलाए।
**- रविन्द्र प्रताप सिंह राणा**, राष्ट्रीय सचिव भाकियू( अ)

### दिनेशपुर में गेहूं की फसल जलमग्न

**दिनेशपुर, अमृत विचार :** रविवार की रात्रि तेज बारिश व हवा से जमीन पर गिरी गेहूं की फसल जलमग्न हो गयी। एक दिन पूर्व हुई वर्षा व हवा से क्षेत्र में 25 प्रतिशत गेहूं की फसल गिर गई थी। दूसरे दिन रात्रि में तेज वर्षा के साथ आई हवा गेहूं की लगभग 60 प्रतिशत फसल खेतों में गिरकर जलमग्न हो गई। क्षेत्र में गेहूं की फसल जलमग्न होने से फसल खराब होने के डर से दुखी किसान मायूस दिख रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि उन्हें बीमा कंपनियों और सरकार से आर्थिक सहयोग नहीं मिला तो उनकी स्थिति खराब हो जाएगी।

## आईआईएम में एमबीए की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**काशीपुर।** भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम ) में द्विवर्षीय एमबीए (एनालिटिक्स) की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह प्रोग्राम विशेष रूप से ऐसे विद्यार्थियों के लिहाज से डिजाइन किया गया है, जो डेटा और एनालिटिक्स का गहन अध्ययन करना चाहते हैं। दो वर्षीय पाठ्यक्रम पूरी तरह से आवासीय है।

इस कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि सात मार्च निर्धारित है। जिसमें उम्मीदवार आईआईएम की वेबसाइट पर आवेदन कर सकता है। आईआईएम में 24 महीने का यह प्रोग्राम प्रतिभागियों को विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करने और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाता है। कार्यक्रम में प्रवेश के लिये किसी भी विषय में पूर्णकालिक स्नातक की डिग्री या समकक्ष शैक्षणिक उपलब्धि होना आवश्यक है।

# कांवड़ यात्रा मार्ग पर बंद रहेंगीं मीट की दुकानें

संवाददाता, रुद्रपुर

**आदेश**

**▸▸ पांच से आठ मार्च तक रहेगी व्यवस्था, एसएसपी ने जारी किया जिला पुलिस को आदेश**

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि को लेकर जनपद पुलिस ने अपनी तैयारी शुरू कर दी हैं। जिले में किसी भी प्रकार की अराजकता नहीं हो इसके लिए महाशिवरात्रि वाले दिन तक मीट-मछली की दुकानें बंद होने का आदेश एसएसपी ने जारी कर दिया है। इसके अलावा कांवड़ियों की यात्रा सुविधाजनक को इसके लिए भी एसएसपी ने गाइडलाइन जारी की है।

सोमवार को एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि कांवड़ यात्रा व महाशिवरात्रि पर्व को देखते जिले में अलर्ट जारी कर दिया है और आदेशित किया है कि कांवड़ यात्रा वाले मार्गों से पांच मार्च से लेकर आठ मार्च तक मीट-मछली की दुकानें बंद रहेगी। जिले के हजारों-लाखों कावड़िए जल लेकर हरिद्वार से आते हैं। ऐसे में कांवड़ियों का मार्ग सुविधाजनक को इसके लिए मार्ग पर आने वाले अवरोध को समाप्त किया जाए।

कांवड़ यात्रा के मुख्य मार्गों और एक किमी दूरी के इर्द-गिर्द स्थित अंडा, मीट-मांस एवं मछली की सभी दुकानें बंद रहेगी। उन्होंने कानून एवं शांति व्यवस्था को लेकर सभी थाना प्रभारी सजग रहेंगे और मार्ग पर आवाजाही तेज करेगे। मार्ग को जाम मुक्त रखना भी पुलिस की जिम्मेदारी है। कांवड़ियों के लिए विश्राम स्थल पर बिजली, पानी आदि की समुचित व्यवस्था बनाई जाए।

# कांवड़ियों के लिए लगाया शिविर

काशीपुर में शिविर का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि एसपी अभय सिंह।

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी काशीपुर शाखा के तत्वावधान में ढेला नदी पार बैलजूड़ी तिराहे के पास चार दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसपी अभय प्रताप सिंह, सोल हेल्थ केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड निदेशक अमित गर्ग समेत अतिथियों ने किया।

मुख्य अतिथि एसपी अभय सिंह ने स्वास्थ्य सेवा और मैत्री भाव से रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा कांवड़ियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए लगाए गए शिविर की सराहना क। रेडक्रॉस सोसायटी चेयरमैन गुरनाम सिंह गामा ने अतिथियों तथा सोल हैल्थ केयर इंडिया निदेशक गर्ग समेत चिकित्सा शिविर संचालन के लिए दवाएं उपलब्ध कराने वाले सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। सचिव अरुण पंत ने बताया कि 7 मार्च तक चलने वाले रेडक्रॉस शिविर में वरिष्ठ चिकित्सकों के निर्देशन में चिकित्सकों तथा रेडक्रॉस सदस्यों की ड्यूटियां लगाई गई है। इस दौरान रेडक्रॉस सोसायटी उपाध्यक्ष डॉ. राजीव गुप्ता, कुंडा थाना इंस्पेक्टर विक्रम राठौर, अरविंद सक्सेना, अधिवक्ता विपिन अग्रवाल, विवेक जैन, अनीता पंत, सरोज ठाकुर, हेमा समेत अन्य अतिथि मौजूद रहे।

### कांवड़ियों के रूट का एसपी ने किया निरीक्षण

**काशीपुर।** हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहे कांवड़ियों को शहर से निकलने का सिलसिला जारी हो चुका है, जिसको लेकर एसपी काशीपुर अभय सिंह, कोतवाल मनोज रतूड़ी, यातायात निरीक्षक जितेंद्र सिंह व सीपीयू प्रभारी जसवंत सिंह ने कांवड़ रूट का निरीक्षण किया। इस दौरान शहर के विभिन्न जगहों पर कांवड़ियों के रहने व खाने की सामाजिक संगठनों ने व्यवस्था कर रखी है।

किच्छा में छात्रा प्रिया गंगवार को सम्मानित करते गणमान्य लोग। ● अमृत विचार

### मेधावी और होनहारों को किया सम्मानित

**किच्छा।** कुर्मी क्षत्रिय जनकल्याण महासभा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में समाज का नाम रोशन करने वाली छात्रा प्रिया गंगवार एवं रक्तदाता चेतन गंगवार को सम्मानित किया गया। नगर स्थित पटेल भवन में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि किशनपुर निवासी विक्रम गंगवार की होनहार सुपुत्री प्रिया गंगवार ने बीकॉम ऑनर्स 2021-22 एवं बीकॉम सत्र 2022-23 में महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय बरेली से कॉलेज टॉप कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है तथा पंजाबी मोहल्ला, किच्छा निवासी हरिराम गंगवार के सुपुत्र चेतन गंगवार को ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन किए जाने पर राजस्थान एवं हिमाचल सरकार द्वारा सम्मानित किए जाने से कुर्मी समाज का नाम रोशन हुआ है। वक्ताओं ने कहा कि प्रिया गंगवार एवं चेतन गंगवार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कुर्मी क्षत्रिय जनकल्याण महासभा द्वारा दोनों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में जंग बहादुर गंगवार, सीपी सिंह सिंह गंगवार, पंकज गंगवार, अमन गंगवार, रामसेवक गंगवार आदि मौजूद रहे।

**नई पहल** | किसानों में दो महिलाएं भी हैं शामिल, गुरुग्राम में दिया प्रशिक्षण, ड्रोन से दवा के छिड़काव से बचेगा समय

# ड्रोन से खेती के लिए जिले के सात किसानों का चयन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के मैदानी व पर्वतीय जिलों में अब खेती में ड्रोन का इस्तेमाल भी होने जा रहा है, जिसको लेकर इफको कंपनी ने केंद्र सरकार के साथ मिलकर एक नई पहल शुरू की है। ड्रोन की मदद से किसानों का समय व पैसा दोनों बचेगा। वही कंपनी लोगों की कमाई का जरिया भी बनाएंगी।

दरअसल खेतों में खाद्य, पानी व कीटनाशक डालने में कड़ी मेहनत के साथ किसानों का बहुत अधिक समय लगता है। साथ ही उन्हे आर्थिक बोझ भी पड़ता है। अब केंद्र सरकार की ड्रोन परियोजना के तहत इफको कंपनी ने खेती में ड्रोन के इस्तेमाल पर पहल की है, जिसको लेकर उन्होंने ऊधमसिंह नगर से सात किसानों को चिन्हित किया है, जिनमें दो महिला किसान भी शामिल हैं। कंपनी ने चयनित किसानों को ड्रोन चलाने व उससे दवा व कीटनाशक का प्रयोग करने का प्रशिक्षण हाल ही में गुरुग्राम में दिया है, जिसमें काशीपुर सर्किल के काशीपुर क्षेत्र से सुमित राणा और जसपुर से परिभाष चौधरी शामिल हैं। कंपनी इन किसानों को प्रशिक्षण के साथ एक वैन व ड्रोन भी उपलब्ध कराएगी। वैन में ड्रोन रखने के अलावा पावर बैकअप व कीटनाशक के लिए पानी इत्यादि सुविधा मुहैया कराएगी, जिससे किसान अपने खेतों के अलावा अन्य किसानों के खेता में भी कीटनाशक का छिड़काव कर सकेगा। जिसके एवज में वह अन्य किसानों से निर्धारित मूल्य भी वसूलेगा। जिससे उसकी कमाई का जरिया बढ़ेगा।

इफको कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक नीरज डोभाल ने बताया कि ड्रोन से खेतों में 10 मिनट में करीब 1 एकड़ फसल पर कीटनाशक और उर्वरक का छिड़काव कर सकता है। इसके अलावा एक दिन में 20 एकड़ तक छिड़काव करने की क्षमता है। इसमें कैमरा भी लगाया गया है जिससे कि काम करने के दौरान तस्वीरों को साफ देखा जा सके और इन तस्वीरों वीडियो और फोटो भी खींची जा सकती है। वही ड्रोन चलाने वाले व्यक्तियों को 150 से 250 रुपये अन्य किसानों को ड्रोन से छिड़काव के लिए देना होगा। जबकि छिड़काव के लिए मैनपावर का इस्तेमाल करने पर किसानों को एक एकड़ के लिए प्रत्येक व्यक्ति को करीब 300 रुपये देने पड़ते हैं। ड्रोन के इस्तेमाल से किसानों का पैसा व समय दोनों बचेगा। वहीं उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में सात किसानों को ऊधमसिंह नगर से ड्रोन संचालन के लिए चुना गया है। जिसमें दो महिला किसान भी शामिल है। यह किसान काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, सितारगंज व खटीमा क्षेत्र से है।

गुरुग्राम में ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण लेते किसान। ● अमृत विचार

# लाभार्थियों से किया संपर्क

**जानकारी दी**

**▸▸ नंदरामपुर ग्राम में अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** विकासखंड काशीपुर ग्राम नंदरामपुर में लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत लाभार्थियों से संपर्क कर पूर्व राज्य मंत्री राजेश कुमार ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास हमने 10 साल में निरंतर ऐसी योजनाएं लागू की जिसका लाभ हर व्यक्ति को सीधे मिल सके।

गरीब, किसान, युवा, महिला इनका विकास होगा तो सबका विकास होगा, चाहे किसान सम्मान निधि हो, अटल आयुष्मान से 5 लाख का इलाज हो। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक भारतीयों को मुक्त राशन दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ गरीबों को पक्का मकान मिला। जल जीवन मिशन के तहत 14 करोड़ से अधिक घरों में नल से शुद्ध पेयजल पहुंचा। 10 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन, 12 करोड़ शौचालय का निर्माण किया गया है। वहां पर विधानसभा विस्तारक विनोद, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार, प्रदेश मंत्री कमलेश कुमार, संतोष गुप्ता, मोनू वर्मा, प्रमोद कुमार, बलजीत सिंह, देशराज सिंह, सोनू दिवाकर आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते भाजपा नेता राजेश कुमार।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पैरामिलिट्री और पुलिस का फ्लैग मार्च

## एसपी सिटी और सीओ ने की जवानों की ब्रिफिंग, संवेदनशील व अति संवेदनशील वार्ड का किया भ्रमण, बूथों की सूची आने के बाद अतिरिक्त फोर्स मंगवाई जाएगी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन ने अचूक सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए केंद्र सरकार की अनुमति के बाद पैरामिलिट्री और पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। अतिसंवेदनशील एवं संवेदनशील वार्ड का भ्रमण कर मार्ग की जानकारी ली। इस दौरान आला अधिकारियों ने जवानों को ब्रिफिंग के माध्यम से जानकारी दी।

सोमवार को कोतवाली परिसर में आईटीबीपी पैरामिलिट्री की एक कंपनी और थाना-चौकी के पुलिस जवान एकत्रित हुए, जहां एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल और आईपीएस प्रशिक्षु एवं सीओ सदर निहारिका तोमर ने जवानों को पहले लोकसभा चुनाव संबंधी जानकारी दी और अतिसंवेदनशील और संवेदनशील इलाकों के मार्ग की जानकारी दी। इसके बाद एसपी सिटी और सीओ सदर की मौजूदगी में आईटीबीपी एवं पुलिस के जवानों ने रंपुरा, इंदिरा चौक, सिर गोटिया, भूत बंगला, दूधिया नगर, खेड़ा कॉलोनी होते हुए किच्छा बाईपास रोड से थाना ट्रांजिट कैंप इलाके तक फ्लैग मार्च किया।

एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि लोकसभा चुनावों को लेकर केंद्रीय पैरामिलिट्री की आवाजाही शुरू होने लगी है। वर्तमान में आईटीबीपी की एक कंपनी के 86 जवान रुद्रपुर पहुंचे हैं। अतिसंवेदनशील और संवेदनशील बूथों की सूची आने के बाद ही अतिरिक्त पैरामिलिट्री फोर्स ओर मंगवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जवानों को जिला मुख्यालय से ही जिले के लिए रवाना किया जाएगा। इस अवसर पर कोतवाल धीरेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष भारत सिंह, एसएसआई केसी आर्या, नवीन बुधानी आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर में विभिन्न वार्डों में फ्लैग मार्च करती पुलिस व पैरामिलिट्री के जवान। ● अमृत विचार

शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर मुख्य बाजार में फ्लैग मार्च निकालते पुलिस फोर्स और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान। ● अमृत विचार

### पुलिस ने आईटीबीपी के जवानों के साथ किया फ्लैग मार्च

**काशीपुर।** लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस ने आईटीबीपी के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला। सोमवार को एसपी सिटी अभय सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने आईटीबीपी के जवानों के साथ शहर भर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च एमपी चौक से होता हुआ मुख्य बाजार, किला, अल्ली खां, कटोराताल, विजय नगर, स्टेडियम, आवास विकास आदि स्थानों से होता हुआ कोतवाली में समाप्त हुआ। इस दौरान एसपी सिटी अभय सिंह ने कहा कि आगामी चुनावों को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से कराना पुलिस की प्राथमिकता है, जिसको लेकर आईटीबीपी जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया है। वही उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस चौकसी के साथ अराजक तत्वों पर नजर रखने के भी निर्देश दिये हैं। इस दौरान सीओ अनुषा बडोला, कोतवाल मनोज रतूड़ी, यातायात निरीक्षक जितेंद्र पाठक, एसएसआई प्रदीप मिश्रा, सीपीयू प्रभारी जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

### गदरपुर में भी दिया भयमुक्त होकर मतदान करने का संदेश

**गदरपुर।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए पुलिस और पैरामिलिट्री के जवानों ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला। सोमवार को लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने एवं सुरक्षित वातावरण में भयमुक्त होकर मतदान करने को लेकर सीओ एआर आर्य और थाना अध्यक्ष भुवनचंद जोशी के नेतृत्व में पुलिस तथा पैरामिलिट्री फोर्स के के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च दिनेशपुर रोड से होकर गुरुद्वारा अनाज मंडी बुध बाजार गूलरभोज रोड सकेनिया रोड होते हुए थाने में समाप्त हुआ क्षेत्राधिकार एक आर्य ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने कहा लोग शांतिपूर्ण वातावरण में निर्भीक होकर मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। फ्लैग मार्च में क्षेत्राधिकार एक आर्य थाना अध्यक्ष भुवन चंद जोशी उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह गणेश भट्ट बसंत कुमार सहित पुलिस के जवान और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान शामिल थे।

## मार्च निकाल शांति व्यवस्था की अपील

**सुल्तानपुर पट्टी :** लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है, जिसको देखते हुए पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने नगर में फ्लैग मार्च निकाल शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की है।

सोमवार को एसपी अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में बाजपुर कोतवाली पुलिस एवं पैरामिलिट्री के जवानों ने नगर में संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला, जिसमें एसपी अभय प्रताप सिंह, कोतवाल नरेश चौहान, एसएसआई जसवीर चौहान सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। एसपी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि बाजपुर विधानसभा में यह फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता एवं शांति व्यवस्था भंग नहीं होने दी जाएगी। जिस किसी के भी द्वारा चुनाव का माहौल खराब करने की कोशिश की गई तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी से चुनाव के दौरान निर्भीक होकर अधिक से अधिक मतदान करने की भी अपील की है।

# सितारगंज में जवानों ने कोतवाल के नेतृत्व में किया फ्लैग मार्च

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कानून व्यवस्था की मजबूती को कोतवाल सितारगंज भूपेंद्र सिंह बृजवाल के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस व आईटीबीपी ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला।

नगर के सिडकुल रोड, किच्छा रोड, खटीमा रोड, सिडकुल बाईपास रोड में फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च के जरिये पुलिस बल ने संदेश दिया कि चुनाव के दौरान कोई गड़बड़ी, कानून व्यवस्था प्रभावित करने के प्रयास बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। फ्लैग मार्च में कोतवाली एसएसआई हरविंदर कुमार, सिडकुल चौकी इंचार्ज प्रकाश भट्ट, शक्तिफार्म चौकी इंचार्ज जगदीश तिवारी, एस आई राकेश रोगकोली, महिला एसआई सोनिका जोशी और आईटीबीपी के अधिकारी व पुलिसकर्मी शामिल रहे।

सितारगंज में कानून व्यवस्था की मजबूती को फ्लैग मार्च निकालती फोर्स।

# मतदाताओं को शांति का संदेश दिया

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनावी आचार संहिता लगने से पूर्व लोकसभा चुनाव को संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है।

इसी क्रम में सशस्त्र बलों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया तथा शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करने के लिए कटिबद्धता व्यक्त करते हुए आम नागरिकों को शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा, आइटीबीपी के असिस्टेंट कमांडेंट अनिल कुमार, आईटीबीपी के इंस्पेक्टर सुंदर लाल के अलावा वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद फर्त्याल एवं उप निरीक्षक राजेंद्र पंत के नेतृत्व में 36 आईटीबीपी की बटालियन ने स्थानीय कोतवाली से फ्लैग मार्च शुरू किया। कोतवाली से शुरू हुआ फ्लैग मार्च नगर के हल्द्वानी रोड होते हुए पानी टंकी के नजदीक स्थित आबादी से होते हुए बड़ी मस्जिद पहुंचा। जहां से फ्लैग मार्च मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र से होते हुए नैनीताल वाली गली, चूड़ी शाह दरगाह, बरेली रोड, सुनहरी बस्ती, आवास विकास, मुख्य बाजार होते हुए कोतवाली परिसर में आकर समाप्त हुआ। कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शहर के संवेदनशील, अति संवेदनशील सहित सभी क्षेत्रों पर निगरानी रखने के लिए अर्धसैनिक बलों का फ्लैग मार्च निकाला गया तथा अर्धसैनिक बलों को प्रत्येक लोकेशन से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि यह फ्लैग मार्च शांति व्यवस्था बनाए रखने के संदेश देने हेतु निकाला गया है, इसके अलावा आगे भी अर्ध सैनिक बलों के व्यापक फ्लैग मार्च किए जाएंगे तथा विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक संवेदनशील , अति संवेदनशील समेत प्रत्येक बिंदु पर निगरानी रखकर पुलिस बल व अर्ध सैनिक बलों की तैनाती की जाएगी।

किच्छा में फ्लैग मार्च करती प्रशासन की टीम। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### उज्ज्वला योजना की रुकी सब्सिडी 15 तक सुचारु कराएं

**खटीमा।** केंद्र सरकार द्वारा 2016 में शुरू की गई उज्ज्वला योजना के जिन उपभोक्ताओं की सब्सिडी आज तक रुकी हुई है वह कार्यालय में पहुंचकर बायोमेट्रिक मशीन द्वारा अपनी सब्सिडी चालू करा लेवें ताकि सब्सिडी उनके खाते में आ सके। यह जानकारी देते हुए शिव इंडियन गैस एजेंसी की संचालिका अंजू देवी ने बताया कि सब्सिडी सुचारु कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च है। यह भी कहा की रुकी हुई सब्सिडी की कारवाई के बाद भविष्य में भी सब्सिडी सुचारु रूप से खाते में आ जायेगी।

### मोहम्मद इस्माइल बने ग्राम पंचायत विकास अधिकारी

**सुल्तानपुर पट्टी।** नगर के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी मोहम्मद इस्माइल का ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पद पर चयन होने पर नगरवासियों में खुशी है। सोमवार को समाजसेवी मोहम्मद रफी एडवोकेट ने मोहम्मद इस्माइल के घर पहुंच बधाई दी। बताते चलें कि मोहम्मद इस्माइल का चयन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पद हुआ है जिनकी नियुक्ति अल्मोड़ा जिले में हुई है। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जुम्मा भारती, हाजी नजाकत हुसैन, शाहिद हुसैन,अफजाल कादरी, अशोक कुमार मौर्य, शफीक अहमद, शकील अहमद, हबीब अहमद, निसार आदि लोग उपस्थित थे।

### नानकमत्ता नगर पंचायत पुरस्कृत होगी

**नानकमत्ता।** तेजी से हुए विकास पर नानकमत्ता नगर पंचायत द्वितीय स्थान पर रही। शासन प्रसाशन से जल्द ही पुरस्कार मिलेगा। निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सरदार प्रेम सिंह टुरना ने बताया कि प्रदेश की नगर पालिकाओं में किये गये तेजी से विकास कार्य पर प्रथम स्थान देहरादून तथा द्वितीय स्थान पर नानकमत्ता नगर पंचायत का नाम आने से लोगों ने प्रशंसा की है। बताया कि जल्द ही प्रोत्साहित करने को अवार्ड दिया जाएगा।

### शिविर में 53 लोगों ने किया रक्तदान

**गदरपुर।** बापू कल्याण दास की पुण्य स्मृति में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 53 रक्त दाताओं ने रक्तदान किया। शनिवार को ओम बापू मंदिर के परिसर में बापू कल्याण दास की स्मृति मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ संत कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष बंशीधर गुंबर ने किया। सोबन सिंह जीना बेस हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. प्रतीक गौतम के नेतृत्व में पहुंची टीम ने 53 रक्त दाताओं के रक्त का संग्रह किया। इस मौके पर संत कल्याण दास सेवा समिति के अध्यक्ष बंशीधर गुंबर, महामंत्री सतीश बत्रा, कोषाध्यक्ष कृष्ण लाल अनेजा, उपाध्यक्ष अशोक बंगा, लीना संजीव झाम, कृष्ण लाल सुधा, हंसराज गुंबर, अनिल अनेजा, दिलसुखराज, मनोज मुंजाल, गौरव मदान, बलदेव कोचर मौजूद थे।

### सिडकुल में लगाई सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी

**सितारगंज।** औद्योगिक आस्थान सिडकुल स्थित ला ओपला आरजी लिमिटेड कंपनी में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस दौरान कंपनी द्वारा सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस दौरान कंपनी में आयोजित कार्यक्रम का सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हिमांशु जोशी ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का झंडा फहराकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए फैक्ट्री में सुरक्षित कार्य प्रणालियों को बढ़ाने पर बल दिया। कंपनी प्रबंधक दुर्गेश मोहन ने "ई एस जी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान दें"विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिए। 10 मार्च तक सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। इस मौके पर मानव संसाधन विभाग के उपदेश शर्मा, रजैया, निलेश कुमार, अमित राठी, अनिल कुमार, सुमित्रो, जीवेश सिद्धकर, संजीव, नीरज पंत ,उमेश, अरुण वर्मा, ललित समेत तमाम कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद थे।

### एससी-एसटी व ओबीसी को पर्याप्त पद न देने पर चिंता

**बाजपुर।** एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार टम्टा की अध्यक्षता में प्रांतीय कार्यकारिणी की आनलाइन बैठक आयोजित हुई जिसमें दोनों मंडलों के अध्यक्षों साथ ही 13 जनपदों के जिला अध्यक्ष, मंत्री एवं कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने ऑनलाइन हिस्सा लिया। एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष बाजपुर निवासी शिक्षक डीआर बाराकोटी ने बताया कि बैठक में विभिन्न भर्ती अभिकरणों द्वारा सीधी भर्ती के लिए जारी विज्ञापनों में एससी-एसटी व ओबीसी वर्गों को संविधान में निर्धारित पर्याप्त पद नहीं दिए जाने पर चिंता व्यक्ति की गई। बैठक में इस गंभीर समस्या को सरकार को अवगत कराने के लिए शिक्षक एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मुलाकात करने देहरादून जाने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री महेंद्र प्रकाश द्वारा किया गया। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष संजय कुमार टम्टा, महामंत्री महेंद्र प्रकाश, प्रांतीय उपाध्यक्ष डीआर बराकोटी, आनंद सिंह बिद्रोही, विजय बैरवाण, गढ़वाल मंडल अध्यक्ष अनूप कुमार पाठक, महामंत्री एमआर मौर्य आदि आनलाइन शामिल रहे।

## उत्तराखंड सरकार के कलेंडर बेचने में चार गिरफ्तार

**खटीमा।** जिला सूचना अधिकारी ने वाहनो से भेजे गए प्रचार प्रसार हेतु कैलेंडर वर्ष 2024 को वितरित न कर खटीमा क्षेत्र में बेचने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो वाहनों सहित 40 बंडल कैलेंडर भी बरामद किए हैं।

जिला सूचना अधिकारी जीएस बिष्ट की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जन सामान्य को वितरण करने को भेजे गए कैलेंडरों को कबाड़ी के यहां बेचने का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों को तलाशते हुए झनकट निवासी रिजवान, वार्ड संख्या 6 निवासी मोहम्मद राहिल, सीमाद्वार शास्त्री नगर थाना बसंत विहार जनपद देहरादून निवासी आकाश पाल और और हरिबाला थाना डोईवाला देहरादून निवासी पुनीत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से प्रयुक्त दो वाहन के साथ ही कबाड़ी की दुकान से 40 बंडल कैलेंडर बरामद किए हैं। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# अजय भट्ट को फिर टिकट मिलने पर बांटी मिठाई

संवाददाता, नानकमत्ता

**अमृत विचार :** अजय भट्ट को नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट से पुनः लोकसभा का प्रत्याशी बनाने पर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण किया। सोमवार को पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा के नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह में नमो चौपाल कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न हुई।

बैठक में पहुंचे युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री नीरज पन्त ने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं को हर ग्राम सभा में जाकर हमें नमो चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से अवगत कराना है, जिससे हर नागरिक को योजनाओं की जानकारी हो।

योजनाओं का लाभ उठा सके। पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राणा ने कहा कि अजय भट्ट को दोबारा लोकसभा प्रत्याशी बनाये जाने से कार्यकर्ताओं में खुशी है। इस अवसर पर निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सरदार प्रेम सिंह टुरना, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष रवि ग्रेवाल, ओम नारायण, विकास गुलाटी, विकाश गोयल, उमेश अग्रवाल, हरीश भट्ट सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

**प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया काशीपुर :** नैनीताल-उधमसिंह नगर लोक सभा सीट से मौजूदा सांसद एवं केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट को पुनः प्रत्याशी बनाए जाने पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने प्रधानमंत्री मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया है और अजय भट्ट को शुभकामनाएं दी हैं।

प्रेस को जारी नोट में विधायक चीमा ने कहा कि मौजूदा सांसद अजय भट्ट हमारे लोकप्रिय एवं जुझारू नेता है और जनता में उनकी अच्छी पैठ है। उनको पुनः टिकट दिए जाने पर पूरे संसदीय क्षेत्र की जनता में भारी हर्ष एवं उत्साह का माहौल है।

नानकमत्ता में मिष्ठान बांटते युवा मोर्चा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

खटीमा के झनकट में खुशी का इजहार करते भाजपाई। ● अमृत विचार

### अजय भट्ट सरल व सादगी की प्रतिमूर्ति

**काशीपुर।** विधानसभा बाजपुर के महुआखेड़ा गंज मंडल में रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट को नैनीताल लोकसभा का उम्मीदवार बनाए जाने पर महुआखेड़ा गंज नगर पालिका क्षेत्र व मंडल के कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण किया। भाजपा नेता राजेश कुमार ने कहा कि अजय भट्ट सरल व सादगी की प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने सांसद निधि से भी विकास करने के लिए काफी धन दिया है। वहां पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार, भाजपा नेत्री प्रियंका अग्रवाल, हबीबुर्रहमान, कुमार पाल चौधरी, इमरान, संतोष कुमार, कुलवंत चढ़ा, अमित चौहान, अरुण कुमार, परवेज खान, रहीस अहमद, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

### प्रत्याशी बनाने पर कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी

**खटीमा।** नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से अजय भट्ट को पुन : भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर झनकट मंडल के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने आतिशबाजी और मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। उन्होंने इसके लिए केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व का आभार भी व्यक्ति किया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी हिमांशु बिष्ट, पूर्व विधायक डा प्रेम सिंह राणा, विस्तारक हरीश भट्ट, मंडल अध्यक्ष विमला विष्ट, भुवन जोशी, नंदन सिंह खड़ायत, किशोर जोशी, महेश राणा, मनोज राणा, मनोहर मेहरा, हरेंद्र सिंह, प्रकाश शर्मा, शिवशंकर भाटिया, गोकुल ओली, बसंत धामी, अनिता ज्याला, शशांक वर्मा, सूरज धामी, राजेन्द्र विष्ट, विशाल गोयल, प्रवीण कंछल, शिवराज बोरा, कमलेश सिंह, लाल सिंह नेगी, प्रेमा महर, दीपा अग्रवाल, किरन विष्ट, ममता जोशी आदि थे।

# आवारा पशुओं को बचाने में पलटा वाहन

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं के रात्रि में घूमने फिरने से आए दिन दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। कई बार दोपहिया चालक घायल हो चुके हैं।

पशुपालक दूध न देने वाली गाय एवं बछड़ों को सड़कों पर छोड़ रहे हैं। रविवार की रात्रि में अक्षय जोशी पुत्र चंद्रशेखर जोशी निवासी-नैनीताल रोड नंगला पंतनगर महिन्द्रा सुप्रो मैजिक से गूलरभोज से सवारी छोड़कर रात्रि में लगभग 9 बजे घर लौट रहा था। मटकोटा- दिनेशपुर मार्ग के मध्य नेतानगर के पास आवारा पशुओं को बचाने एवं विपरीत दिशा से आ रहे वाहन की रोशनी के रिफ्लेक्शन से मैजिक सड़क से उतरकर पलट गया।

गस्त कर रही पुलिस टीम ने राहगीरों की मदद से चोटिल हुए चालक अक्षय जोशी को सकुशल बाहर निकाला। प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया।

मटकोटा मार्ग पर पलटा वाहन।

## कर्मचारियों ने ली सुरक्षा की शपथ

**काशीपुर।** नैनी पेपर्स मिल ने 53वां सुरक्षा सप्ताह मनाया, जिसका आरंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया। साथ ही कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक मयंक अग्रवाल, निदेशक प्रोजेक्ट एंड डेवलपमेंट कनव अग्रवाल, निदेशक परिधि अग्रवाल एवं तकनीकी निदेशक मुकेश त्यागी ने सभी से सुरक्षा के प्रति दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान कंपनी परिसर में एक जागरूकता प्रदर्शनी भी लगाई गई। वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजन कर उनके विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान सुरक्षा एवं संरक्षा अधिकारी जय सिंह राजपूत सहित कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गैंगस्टर में फंसे दो आरोपी दोषमुक्त

- साबूतों के अभाव में अदालत ने सुनाया फैसला
- विशेष न्यायाधीश ने सुनी दोनों पक्षों की जिरह

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** वर्ष 2016 में गैंगस्टर के आरोपों में फंसे दो आरोपियों को साबूतों के अभाव में विशेष न्यायधीश ने दोषमुक्त कर दिया। इस दौरान बचाव पक्ष की जिरह सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाया।

बचाव पक्ष के वकील सुरेंद्र गिरधर ने बताया कि 28 मई 2016 को एसएचओ चंचल शर्मा ने वार्ड छह खटीमा निवासी परमजीत सिंह उर्फ पम्पी बत्रा और वार्ड छह के ही फईम खा पर आरोप लगाया था कि अपराध समीक्षा कर जब सरकारी वाहन से लोट रहे थे तो उस वक्त दोनों आरोपी अवैध सट्टे का कारोबार संचालित कर रहे थे। पुलिस का यह भी आरोप था कि दोनों संगठित होकर सट्टे का गिरोह चलाते हैं। पुलिस की रिपोर्ट के बाद मामले की सुनवाई विशेष न्यायधीश मीना देऊपा की अदालत में शुरू हुई। जहां बचाव पक्ष के वकील सुरेंद्र गिरधर ने अदालत के सामने गवाहों के बयानों के आधार पर जिरह की। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को गैंगस्टर के आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

## राष्ट्रपति से अमानवीय घटनाओं का संज्ञान लेने की मांग, पत्र भेजा

**बाजपुर।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति एवं शोषित वर्ग उत्थान समिति के प्रदेश सचिव एडवोकेट सूरज सागर ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को पत्र प्रेषित कर देशभर में अनुसूचित जाति-जनजाति समाज के साथ हो रही अमानवीय घटनाओं का संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई की मांग की। सागर ने पत्र में लिखा कि भारत में भी अनुसूचित जाति, जनजाति समाज के साथ छुआछूत, मारपीट, रिपोर्ट दर्ज नहीं करना, जमीन पर कब्जा करना आदि घटनाएं प्रकाश में आना निंदनीय है, ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए देशभर के समस्त मुख्य सचिव, गृह सचिव तथा पुलिस महानिदेशकों को निर्देशित करने कास अनुरोध किया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मनसा चिन्तितं कार्यं वाचा नैव प्रकाशयेत्।
मन्त्रेण रक्षयेद् गूढं कार्य चापि नियोजयेत्॥

मन में सोचे हुए कार्य को मुंह से बाहर नहीं निकालना चाहिए। मंत्र के समान गुप्त रखकर उसकी रक्षा करनी चाहिए। गुप्त रखकर ही उस काम को करना भी चाहिए।

## संपादकीय

# बड़ा कदम

उच्चतम न्यायालय ने सांसदों और विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े मामले में सोमवार को एक बड़ा फैसला सुनाया। संसद या विधानसभाओं में पैसे लेकर वोट डालने वाले नेताओं को सुप्रीम कोर्ट ने तगड़ा झटका दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर सांसद या विधायक रिश्वत लेकर सदन में भाषण देते हैं या वोट देते हैं तो उन पर कोर्ट में आपराधिक मामला चलाया जा सकता है। यह फैसला ऐतिहासिक है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 के एक फैसले को बदलते हुए कहा कि चयनित प्रतिनिधियों को मिला विशेषाधिकार उन्हें घूसखोरी के मामले में कानूनी कार्यवाही से राहत नहीं देता है। दरअसल, साल 1991 के आम चुनाव में कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नरसिम्हा राव देश के प्रधानमंत्री बने। लेकिन जुलाई 1993 के मानसून सत्र में ही राव सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आ गया। तब आरोप लगे कि शिबू सोरेन और उनकी पार्टी के चार सांसदों ने पैसे लेकर लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ वोटिंग की। वर्ष 1998 में पांच सदस्यीय पीठ ने फैसला सुनाया था कि सांसदों और विधायकों को संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) द्वारा प्रदत्त संसदीय विशेषाधिकारों के तहत विधानसभा में भाषण देने और वोट देने के लिए लिए मुकदमा चलाने से छूट दी गई है।

अब नया मामला तब सामने आया जब सुप्रीम कोर्ट झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन के एक कथित रिश्वत मामले की सुनवाई कर रहा था। सीता सोरेन पर आरोप था कि उन्होंने साल 2012 में राज्यसभा के चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार को वोट देने के लिए रिश्वत ली। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय पीठ ने कहा कि पैसे लेकर वोट डालना हमारे लोकतंत्र के लिए जहर के बराबर है। भ्रष्टाचार करने और घूस लेने वाले विधायक-सांसद भारत के संसदीय लोकतंत्र को तबाह कर रहे हैं। यानि नए फैसले के तहत अगर कोई सांसद या विधायक पैसे लेकर सदन या विधानसभाओं में वोट देता है या भाषण देता है तो उसके खिलाफ मुकदमा चलेगा। उन्हें जनप्रतिनिधि के तौर पर मिलने वाला विशेषाधिकार कानूनी कार्यवाही से राहत नहीं देता है। अब सीता सोरेन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस फैसले का असर महुआ मोइत्रा पर भी दिखाई दे सकता है। उन पर भी रिश्वत लेकर सदन में सवाल पूछने का आरोप है। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय के फैसले को शानदार करार दिया और कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा। भारतीय राजनीतिक परिदृश्य से मूल्य गायब हैं। ऐसे में उच्चतम न्यायालय के इस फैसले को राजनीति में नैतिकता या राजनीतिक शुचिता की दिशा में बड़ा कदम कहा जा सकता है।

# किसानों पर पड़ी कुदरती मार की भरपाई कैसे होगी

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

बेमौसम बारिश किसानों के लिए फसल की कम कीमतों, बढ़ती लागत और मौसम पैटर्न के प्रभाव अभिशाप साबित हो रही हैं। एक सवाल जो बार-बार उठने लगा है कि क्यों होने लगी हैं बेमौसम बारिश? ये सवाल मौसम वैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। वैज्ञानिकों की माने तो अनचाही बारिश का समग्र मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर सोपानी प्रभाव ड़ालता है जिसका असर केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित मौसम पैटर्न की उत्पत्ति के चलते ही बेमौसम बारिश होती हैं।

बारिश से फसलों के नुकसान पर कई प्रदेशों की सरकार ने मुआयना करने के बाद मुआवजा देने का ऐलान किया है, लेकिन इस तरह का मुआवजा कब और कितने दिनों बाद दिया जाता है, इस कड़वी सच्चाई से किसान अच्छे से वाकिफ हैं।

बदलते मौसम के मिजाज और अचानक हुई घनघोर बारिश ने अपने रौद्ररूप से अन्नदाताओं की एक बार फिर कमर तोड़ दी। खेतों में इस वक्त गेहूं की अधपकी फसल खड़ी है जिसे तेज बारिश और मोटे-मोटे ओलों ने जमींदोज कर दिया। बीते शनिवार की शाम और रविवार की रात में तेज हवाओं के साथ रुक-रुककर हुई बारिश ने खेतों में खड़ी हरी फसलों को पूरी तरह से चौपट कर डाला। जबकि ये सीजन तिलहन और फूल लगे दलहन फसलों का है, उन्हें भारी नुकसान हुआ।

प्रकृति के इस परिवर्तनकारी रवैये के आगे किसी का कोई जोर भी नहीं चलता। खेती किसानी पर वैसे ही संकट के बादल गुजरे कुछ सालों से मंडराए हुए हैं। फसलों को उगाने में किसान जितनी लागत लगाता है उतना वसूल भी नहीं पाता। खेती में उन्हें लगातार घाटा होता चला जा रहा है। ऊपर से कुदरत की कहर बरपाती मार उन्हें परेशान कर देती है। दो दिनों में बारिश से हुई इस लोक हानि की भरपाई कौन करेगा? इसकी गारंटी शायद कोई नहीं देगा।

बारिश से फसलों के नुकसान पर कई प्रदेशों की सरकार ने मुआयना करने के बाद मुआवजा देने का ऐलान किया है, लेकिन इस तरह का मुआवजा कब और कितने दिनों बाद दिया जाता है, इस कड़वी सच्चाई से किसान अच्छे से वाकिफ हैं। लाखों के नुकसान पर मात्र कुछ सौ रुपए या एकाध हजार का ही मुआवजा देकर मामले को रफादफा कर दिया जाता है, जो किसानों की नुकसान की भरपाई नहीं कर पाता।

गौरतलब है बेमौसम बारिश विगत कई वर्षों से लगातार हो रही है। तभी होती है जब फसलें पककर खेतों में खड़ी होती हैं। पिछले कई वर्षों से कमजोर मानसून मुख्य कारण तो बना ही हुआ है जिससे धान की फसल का उत्पादन घट गया है, पर इस बार रबी फसल की बुवाई और मौसम अनुकूल रहने के कारण गेहूं और तिलहन की फसल अच्छी हुई थी, लेकिन कुदरत के कहर और बेमौसम बारिश ने रबी की फसलों को पलभर में तहस-नहस कर दिया। तेज हवा के झोंकों ने बाली दे चुके गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई। फसल का दाना पुष्ट नहीं हुआ था, इससे वो सड़ जाएगा। निश्चित रूप से अकाल वृष्टि ने हमारे कृषि क्षेत्र की भेद्यताओं को कहीं का नहीं छोड़ा। बारिश को आमतौर पर एक वरदान कहा जाता है, लेकिन समय पर हो तब?

बेमौसम बारिश किसानों के लिए फसल की कम कीमतों, बढ़ती लागत और मौसम पैटर्न के प्रभाव अभिशाप साबित हो रही हैं। एक सवाल जो बार-बार उठने लगा है कि क्यों होने लगी हैं बेमौसम बारिश? ये सवाल मौसम वैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। वैज्ञानिकों की माने तो अनचाही बारिश का समग्र मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर सोपानी प्रभाव ड़ालता है जिसका असर केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित मौसम पैटर्न की उत्पत्ति के चलते ही बेमौसम बारिश होती हैं।

इसके अलावा ग्लोबल वार्मिंग, दुर्बल पश्चिमी विक्षोभ और प्रबल उष्णकटिबंधीय जेट स्ट्रीम हाल में हुई बेमौसम बारिश के प्रमुख कारण हैं। अन्य कारणों को देखें तो अल नीनो एक मौसमी परिघटना है जो तब होती है, जब पश्चिमी प्रशांत महासागर का गर्म जल पूर्व की ओर प्रवाहित होता है जिसके परिणामस्वरूप कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति, जबकि कुछ अन्य क्षेत्रों में बेमौसम बारिश की स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं। इसलिए कुल मिलाकर बेमौसम बारिश का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन ही है। वैसे मानवीय गतिविधियां भी बदलते मौसम मिजाज का कारण हैं। जंगलों की कटाई, शहरीकरण और प्रदूषण जैसी इंसानी गतिविधियां भी इसमें भरपूर योगदान देती हैं। वनों की कटाई जल चक्र को बाधित करती हैं। वहीं शहरीकरण और प्रदूषण सूक्ष्म-जलवायु को प्रभावित करती हैं जिसके चलते मौसम बदलाव के लिए करवट लेना आरंभ करता है।

फिलहाल मार्च लगते ही बेहताशा बारिश ने पूरे देश को सराबोर कर दिया है। कई जगहों पर तो बहुत मोटे-मोटे ओले पड़े जिससे फसलें खेतों में ही गिर गई, जब तक दोबारा उठ पाएंगी, तब तक उसका दाना सड़ चुका होगा। सरसों, सब्जियां, दालें, प्याज आदि की फसलों को कुछ ज्यादा ही नुकसान हुआ है। ये ऐसी फसलें होती हैं, जो बहुत कमजोर मानी जाती है, हल्की बारिश में भी खराब हो जाती हैं। अन्नदाता बर्बाद हुई फसलों को देखकर कलेजा पकड़कर खेतों में बैठे हैं। उनके रोने-चिल्लाने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैर रही हैं, जिन्हें देखकर हम सभी परेशान हैं। किसान सरकारों से उम्मीद लगाए हैं कि उन्हें उनकी फसलों के नुकसान पर वित्तीय सहायता मिलेंगी। सहायता मिलनी भी चाहिए, आखिर उनकी छह महीने की कमाई पर पानी जो फिरा है। ऐसे में उन्हें सिर्फ उम्मीदें हुकूमतों से ही होती हैं, किसानों की वो उम्मीदें नहीं टूटने देनी चाहिए। हालांकि फसलों की सुरक्षा के लिए वैसे तो केंद्रीय स्तर पर कई योजनाएं अमल में हैं, लेकिन शायद कुदरती आपदाओं के वक्त किसानों को उनकी सुविधाएं तब मिल नहीं पाती। 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना', प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना' जैसी कई बेहतरीन पहलें हैं, लेकिन कम जोतकार किसान इन योजनाओं का फायदा नहीं उठा पाता। वर्ष-2016 में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'फसल बीमा योजना', जो प्राकृतिक आपदाओं, कीटों या बीमारियों के कारण फसल खराब होने या नुकसान की स्थिति में किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

इस योजना के तहत किसानों को नॉमिनल प्रीमियम देना होता है और शेष राशि का भुगतान सरकार करती है। प्रीमियम की दरें फसल के प्रकार, अवस्थिति और किसान द्वारा चुने गए कवरेज के स्तर के आधार पर तय होती हैं। यह योजना सभी खाद्य एवं तिलहन फसलों और वाणिज्यिक एवं बागवानी फसलों को दायरे में लाती हैं। दरअसल दिक्कत ये है कि मध्यम स्तर का किसान अपनी फसलों की गारंटी या बीमा नहीं करवाता। मात्र छह फीसदी सीमांत व बड़े किसान ऐसे हैं, जो इस योजना को फॉलो करते हैं।

बहरहाल मसला इस वक्त ये है, बैमौसम बारिश से हुए नुकसान से किसानों को उभारने का, सरकारी स्तर पर उनकी हर संभव सहायता होनी चाहिए। हालांकि फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को 'कृषि निवेश अनुदान योजना' के तहत 'राज्य आपदा मोचक निधि' से सहायता देने का निर्णय हुआ है। जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वो कैंप लगाकर सर्वे करवाएं। किसानों की फसलों का 33 प्रतिशत या उससे अधिक का नुकसान होने पर सूचनार्थ रिपोर्ट शासन को भेजने का आदेश दिया गया है।

## प्रसंगवश

# न्यौता न मिलने का दर्द

दर्द की जो अनेक किस्में हैं उसमें शादी में न्यौता न मिलने का जानलेवा दर्द भी शामिल है। खासकर ऐसे किसी के यहां होने वाली शादी जिसके बारे में आप अपने खास होने का मुगालता पाले हों। सबसे पहला झटका तब लगता है जब ऐसे किसी तथाकथित खास के यहां ब्याह होने की खबर किसी और से मिलती है। किसी और से पता चलना दुखी कर जाता है। फोन कॉल आने की उम्मीद बंधी रहती है, पर मन तैयारियां भी करने लगता है शादी में जाने की। आदमी अपने परिवार में सरसरी तौर पर जिक्र करता है। मन में पूरी उम्मीद लिए, उदासीन दिखने की कोशिश करता है।

फिर वक्त बीतता है। शादी की तारीखें नजदीक आने लगती हैं। बताने वाले, शादियों का कार्यक्रम, पूरा ब्यौरा फुसफुसा जाते हैं। बस वही से खबर नहीं आती जहां से उसे आना चाहिए था और फिर न्यौता मिलने की भी किस्में होती हैं। एक विधान तय है इसका। किसी से खुद आकर न्यौता देने की उम्मीद की जाती है। बहुत बार हम चाहते हैं कि न्यौता देने वाला सपरिवार आए। यह भी देखा जाता है कि न्यौता कितना गर्मजोशी भरा या औपचारिक था। कार्ड आया है या नहीं? ई कार्ड को न्यौता माना जाए या नहीं? एक बार कहने भर से शादी में जाना ठीक लगेगा भी या नहीं? हमसे ही दोबारा मनुहार क्यों नहीं की गई? ऐसे सवाल तंग करते हैं और बंदा जाने या न जाने की ऊहापोह में फंसा रहता है।

फिर शादी की तारीख और नजदीक आती है। जाहिर है न्योता देने वाला या तो आपको जानबूझकर कर भूल चुका या शादी की तैयारियों के चलते वह ऐसा करने से चूक गया है। आप पहले अनमने होते हैं। फिर खीझते है और बहुत जल्दी नाराज होने लगते है। सामने वाला अहसान फरामोश लगने लगता है। उसकी कृतघ्नता, उसकी कृपणता चिड़चिड़ा कर जाती है। हमने इसके लिए क्या-क्या नहीं किया जैसी बातें याद आने लगती हैं। इस नाराजगी की चपेट में बहुत बार कोरियर और डाक तार वाले भी आ जाते हैं। चूंकि न्यौता को नहीं आने वाला होता है इसलिए नहीं भी आता है। इस दर्द को बढ़ाते हैं वो लोग जिन्हें न्यौता मिल चुका होता है। वो आपसे जानना चाहते हैं कि शादी में चलने बाबत आपका क्या कार्यक्रम है। आप मन की नाराजगी थामते हुए मुस्कराते हैं। अपनी व्यस्तताओं का ब्यौरा पेश करते हैं आप। यह बताते हैं कि उसी दिन आपकी बुआ की लड़की की ननद की शादी है, ऐसे में आपका शादी में जाना मुमकिन नहीं। आप यह बताते हैं किसी जरूरी मीटिंग में होंगे उस दिन आप। आपकी पत्नी के घुटनों में दर्द है। आप उसे दुनिया भर की बातें बताते है, बस आप यह नहीं बता पाते कि आप न्यौते से वंचित रह गए हैं या कर दिए गए हैं। फिर आपके बिना शामिल हुए शादी हो जाती है।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

इंस्टाग्राम, फेसबुक और ट्विटर पर दूल्हा-दुल्हन और दूसरे तमाम निमंत्रित लोग मुस्कराते दिखते हैं आपको। आपको लगता है ये सब आपको चिढ़ाने के प्रयोजन से है। शादी में शामिल लोग लौटकर मिलते हैं आपसे। बताते हैं आपसे कि शादी जोरदार रही। ब्रेकफास्ट से लेकर डिनर तक की खबरें विस्तार से पेश की जाती हैं। वहां हासिल शराब की नदियों का ज़िक्र होता है। वहां की भव्यता को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाता है और फिर आखिर में आप की कमजोर नस दबाई जाती है। आपसे पूछा जाता है कि आप क्यों नहीं दिखे शादी में? आप का दिल चाहता है कि सामने वाले का गला दबा दिया जाए। आप यह भी चाहते हैं कि शादी बाबत कोई सनसनीखेज गॉसिप सुनने को मिले। आप शादी में हुए किसी लफड़े के बारे में जानने को व्यग्र रहते हैं। ऐसी खबरें आपको थोड़ी तसल्ली देती हैं और ऐसा कुछ न होने पर आप थोड़ा और नाराज हो जाते हैं। मन ही मन कसम खाते हैं कि इस घटिया आदमी को अपने पिंटू, या बेबी की शादी में हरगिज हरगिज नहीं बुलाएंगे।

हमारे देश में देवता सोते-जागते रहते हैं। जब तक वे जागे हुए रहते हैं, शादियां होती है। ऐसे में शादियां रुक-रुक कर सालभर चलती हैं। जब भी शादियां होती है, हर बार हमारे कुछ भुलक्कड़ या शातिर अपने, हमें शादी में बुलाना भूल जाते हैं। जब भी ऐसा होता है, दर्द होता है दिल में और लंबे वक्त तक बना रहता है।

# हमारे ज्ञान और आचरण के बीच बड़ा अंतराल

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हिंदुओं को विश्वास है कि राहु और केतु नाम के दो सर्प-राक्षस उनके देवता सूर्य या चंद्रमा को यदा-कदा निगल जाने की कोशिश करते हैं जिससे इन देवताओं को अपार कष्ट होता है और साथ ही पृथ्वी पर अंतहीन अंधेरा छा जाने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। हिंदू इन प्राकृतिक शक्तियों को देवता मानता है। अत: यह ग्रहण के अवसर पर इन देवताओं के कष्ट निवारण के लिए परेशान हो उठता है। दौड़कर तीर्थस्थलों में जाता है, पवित्र स्नान करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस वह उसके देवता का साथ दें।

बचपन में सुनते थे कि भारत कृषि प्रधान देश है, पर आज साफ लगता है कि कृषि प्रधान देश के साथ भारत धर्म परायण देश भी है, कर्मकांड प्रधान देश भी है, राजनैतिक अनैतिकताओं का देश भी है, भ्रष्टाचार पसंद देश है। खुले आम आया राम गया राम का देश है। राजनैतिक नैतिकता और सत्यता लहू लुहान है और अफसोस है कि लोग बेफिक्र है, ताली बजाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।

इस संदर्भ में अंग्रेज विचारक-साहित्यकार अल्डस हक्सली याद आ रहे है। हक्सले अपने भविष्यदर्शी उपन्यास 'ब्रेव न्यू वर्ल्ड' के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। 1939 के बाद अपने अमेरिकी प्रवास के दौरान दक्षिणी कैलिफोर्निया वेदांत संस्थान के स्वामी प्रभावानंद से वह बहुत प्रेरित हुए। वर्ष 1941 से 1960 तक उन्होंने इस संस्थान द्वारा प्रकाशित 'वेदांत और पश्चिम' पत्रिका के लिए 48 लेख लिखे। 1944 में उन्होने 'भगवद् गीताः प्रभु का गीत' नामक श्रीमद्भगवद्गीता के एक अंग्रेजी अनुवाद की भूमिका लिखी। वह भारत से बहुत प्यार करते थे। जनवरी 1926 में वह भारत घूमने आए और उन्होंने एक छोटा-सा निबंध 'बनारस' 14 जनवरी 1926 को लिखा था।

उल्लेखनीय है कि जिस दिन हक्सली वाराणसी आए थे वह मकर संक्राति की ग्रहण स्नान का दिन था। हक्सले के अनुसार लाखों-लाख श्रद्धालु स्त्री-पुरुष, बूढ़े-बच्चे, धनी-गरीब, छोटे-बड़े झुंडों में दूर-दूर से धूल फांकते पैदल चलकर बनारस की घाटों पर इकट्ठे हुए थे। ग्रहण की स्थिति में ही सूर्योदय होना था। भारत में यह ग्रहण अत्यंत आंशिक था जिसे जाड़े में सुबह नंगी आंखों से देख पाना संभव नहीं था, लेकिन भारतवासियों की आस्थावान आंखें अचूक थीं। सूर्योदय होते-होते हजारों-हजार की भीड़ पवित्र डुबकी के लिए बेचैन हो उठी। घना कुहरा और भयानक ठंड के बावजूद लोग तेजी से घुटने अथवा कमर भर पानी में खड़े होते, कुल्ला करते, खंखारते, थूकते, अपने देवता सूर्य को जल अर्पण करते, जोर-जोर से मंत्रोचार करते, राम-नाम रटते और दो-चार डुबकी लगाकर नदी से बाहर निकल आते। यह अंतहीन क्रम चलता रहता। कारण?

हिंदुओं को विश्वास है कि राहु और केतु नाम के दो सर्प-राक्षस उनके देवता सूर्य या चंद्रमा को यदा-कदा निगल जाने की कोशिश करते हैं जिससे इन देवताओं को अपार कष्ट होता है और साथ ही पृथ्वी पर अंतहीन अंधेरा छा जाने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। हिंदू इन प्राकृतिक शक्तियों को देवता मानता है। अतः यह ग्रहण के अवसर पर इन देवताओं के कष्ट निवारण के लिए परेशान हो उठता है। दौड़कर तीर्थस्थलों में जाता है, पवित्र स्नान करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस वह उसके देवता का साथ दें। उसे यह भी विश्वास है कि इस संकट की घड़ी में पूजा, स्नान आदि से उसके देवता को प्रेरणा व प्रोत्साहन मिलता है और वह दुष्ट राक्षसों को पराजित करने में सक्षम होता है। निबंध में मुख्यतः तीन बातों पर प्रकाश डाला गया हैः एक, हिंदू जीवन-दृष्टि सामाजिक विवेक पर नहीं, बल्कि धार्मिक अंधविश्वासों पर टिकी है। दो, भारतवासियों को धर्म और ईश्वर की नहीं, बल्कि सोच और नास्तिकता की आवश्यकता है और तीन, बुद्धि और कल्पना जो मनुष्य की विशिष्टता के आधार हैं, कभी-कभार जानवरों से भी बदतर बन जाने के लिए विवश करते हैं।

हमें आज हक्सले की कही बातें कुछ कड़वी लग सकती हैं, पर विदेशी लेखक सामान्यतः जो सोचते हैं, वही लिखते हैं, छिपाते नहीं हैं। इस पर बहस की जा सकती है, पर आज भी यह तो हमें भी लगता है कि भारतीयों की तमाम आस्थाएं ज्ञान पर नहीं टिकी है? हमारे ज्ञान और हमारे आचरण के बीच बड़ा अंतराल है वरना शायद हम शायद इतने कर्मकांडी न होते, हम अनैतिकता और झूठ बर्दाश्त नहीं करते। 'सब चलता है' यह हमारी सोच में न घुसता। नाजिम हिकमत की लाइनें याद आ रही हैं-'अगर हम नहीं जलेंगे/ अगर तुम नहीं जलोगे/अगर हम सब नहीं जलेंगे /तो इस अंधेरे में/उजाला कौन भरेगा?'

## सोशल फोरम

# अपनी मिट्टी का संगीतकार

जीवन के खुरदुरे यथार्थ के बीच रागात्मकता की यही दृश्य या अदृश्य अंतर्धारा रेणु को उनके पूर्ववर्ती और समकालीन कथाकारों से अलग करती है।

स्वर्गीय फणीश्वर नाथ रेणु को अपनी मिट्टी का कथाकार कहा जाता है। उनके दो उपन्यासों- 'मैला आंचल', 'परती परिकथा' और उनकी दर्जनों कहानियों के पात्रों की जीवंतता, सरलता, निश्छलता और सहज अनुराग हिंदी कथा साहित्य में संभवतः पहली बार घटित हुआ था।

हिंदी कहानी में पहली बार लगा कि शब्दों से सिनेमा की तरह दृश्यों को जीवंत ही नहीं किया जा सकता, उनसे संगीत की सृष्टि भी की जा सकती है। रेणु ने लोकगीत, ढोल-खंजड़ी, लोकनृत्य, लोकनाटक, लोक विश्वास और किंवदंतियों के सहारे बिहार के कोशी अंचल की जो जीवंत और संगीतमय तस्वीर खींची है, उससे गुजरना एक बिल्कुल अलग-सा और असाधारण अनुभव है। उनकी तुलना अक्सर कथासम्राट प्रेमचंद से की जाती है।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

मेरी अपनी समझ से रेणु प्रेमचंद से आगे के कथाकार हैं। प्रेमचंद में गांव का यथार्थ है, रेणु में गांव का संगीत। प्रेमचंद को पढ़ने के बाद हैरानी होती है कि इतनी विपरीत और अमानवीय परिस्थितियों के बीच भी किसान अपने गांव, अपने खेत से बंधा कैसे रह जाता है। रेणु का कथा संसार यह रहस्य खोलता है कि जीवन से मरण तक गांव के घर-घर से उठते संगीत और मानवीय संवेदनाओं की वह नाजुक डोर है, जो लोगों में अपनी जड़ों, अपनी मिट्टी और अपने रिश्तों के प्रति असीम राग पैदा करती है।

जीवन के खुरदुरे यथार्थ के बीच रागात्मकता की यही दृश्य या अदृश्य अंतर्धारा रेणु को उनके पूर्ववर्ती और समकालीन कथाकारों से अलग करती है।

-फेसबुक वॉल से

# और न्यूनतम जरूरतों की गारंटी सरकार देगी

बचपन में कहानी सुनते थे कि हमारे गांव के बाबू ने अपने छोटे भाई की शादी में परफॉर्म करने के लिए बनारस से कलाकार बुलाए थे। जब बाजार में तीन रुपए किलो रोहू मछली बिकती थी तब बनारस वाली उस टोली को तीन हजार रुपये देने की चर्चा दस-दस कोस दूर के गांवों तक हुई थी। बाबू सैकड़ों बीघे खेत के मालिक थे। इलाके के बड़े बबुआनों में नाम था। उनके खेतों में खलिहानों में न जाने कितने लोग काम करते थे। औरतें भी, मर्द भी। मडुआ, मकई तौल कर मजदूरी में देते थे। गांव के श्रमिक उनके खेतों में खूब काम करते थे। मौसम साथ देता तो अक्सर अच्छी उपज भी होती। बाबू मय खानदान फलते-फूलते रहे।

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

दुर्गा पूजा में नाटक कंपनी भी गांव में आती थी जिसकी मेजबानी वही करते थे। दो दृश्यों के बीच में नटुआ नाचता तो मौज में आकर उसे नकद इनाम भी देते थे। गांव के श्रमिकों ने अथक मेहनत से फुद्दी बाबू की बबुआनी को बनाए रखा। बदले में सपरिवार भरपेट भोजन भी नसीब नहीं तो इसे नसीब का खेल माना। जमाना बदला। बाबुओं की रौनक भी घटी। रौनक शिफ्ट हुई नए दौर के बाबुओं के आंगन में। बोले तो बड़े बिजनेस मैन। सम्मान से बुलाओ तो उद्योगपति कहो, फिलॉसफी से बुलाओ तो पूंजीपति कहो। बाबुओं के जमाने में सरकारों के पास उतने पैसे नहीं होते थे कि सबको मुफ्त अनाज दो, मुफ्त मकान दो। टैक्स देने वाले मिडिल क्लास का उतना विकास और विस्तार नहीं हुआ था, अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने वाली नई प्रौद्योगिकियों का जलवा कायम नहीं हुआ था। तो उस टाइम गरीब बीमारी से मरते थे, अक्सर भूख से भी मरते थे। काम बाबू का करते थे, अनाज की कोठरियां उनकी भरते थे। खुद भूख और बीमारी झेलते, अपने नसीब को रोते एक दिन मर जाते थे। अब जमाना बदला है। देश ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था के दौर में है। अब टैक्स लेने और देने का अच्छा सिस्टम है। आमदनी बढ़ी है तो टैक्स भी बढ़ा है। नए दौर के बाबुओं के कर्मचारी भूख से नहीं मरें, इसका इंतजाम सरकार करती है। बीमारी के इलाज के लिए मुफ्त बीमा के कार्यक्रम सरकार अपने फंड से चलाती है।

जीतोड़ मेहनत से काम मालिक का करेंगे, लेकिन जीने के लिए न्यूनतम जरूरतों की गारंटी सरकार देगी। अब अगर वेडिंग नहीं, प्री वेडिंग में ही हजारों करोड़ खर्च कर दिए जाएं। रिहाना को महज कुछ घंटों के परफॉर्म के लिए चौहत्तर करोड़ खर्च दिए जाएं, लेकिन मालिक की रिटेल चेन के निचले दर्जे के कर्मचारियों की विशाल फौज से जाकर मिलिए, उन्हें देखिए, जानिए। वे लगातार काम करते हैं, अथक मेहनत करते हैं, मामूली पगार पाते हैं। इतनी ही कि वे और उनका परिवार इस पर जी नहीं सकते। वे शहरों में सर की सेवा में लगे हैं। उनके बिजनेस के लिए उनके मुनाफे के लिए पूरा टाइम, पूरी एनर्जी खर्च करते हैं। उधर गांव में उनके बूढ़े और अशक्त माता-पिता मुफ्त अनाज की लाइन में खड़े हैं, उनके बच्चे मुफ्त किताबों, पोशाकों और मिड डे मील की लाइन में खड़े हैं।

आंकड़े बताते हैं कि पिछले दस-पंद्रह वर्षों में जितनी तेजी से भारत के अरबपतियों की समृद्धि में वृद्धि हुई है उतनी दुनिया के किसी और देश में नहीं। मुफ्त अनाज लेने वाली 85 करोड़ आबादी में न जाने कितने परिवारों के नौजवान बेटे शहरों में अंबानियों, अदानियों का मुनाफा बढ़ाने के लिए अपनी जवानी गर्क कर रहे हैं और हम सरकारों को कोस रहे हैं कि अब तक उन्हें मुफ्त मकान देने का वादा पूरा नहीं हुआ।

# सिलई बड़ा गांव की यात्रा

रामपुर मिलक के करीब एक गांव सिलई बड़ा गांव इन दिनों चर्चा में है। जहां बीते दिनों एक दलित समाज के नौजवान छात्र सोमेश की गोली लगने से मौत हो गई। वह हाईस्कूल की गणित की परीक्षा देकर आया था। प्रबुद्ध मैत्रीय संघ व क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के पदाधिकारी रविवार को गांव पहुंचे। गांव में बड़ी संख्या में पुलिस दल मौजूद था। गांव वालों ने बताया जिस स्थल पर सोमेश की मौत हुई यह जमीन दलित समाज के लोगों की कूड़ा फेंकने की जगह है। जिन लोगों से विवाद है उनकी अलग जगह है। 22 जनवरी को दलित समाज के लोगों ने सफाई अभियान के तहत ऊंची-नीची जगह को, समतल कर लिया और एक, जिस पर संविधान निर्माता का चित्र, एक झंडा जिस पर लिखा है जय भीम और बोर्ड लगा दिया। उस दिन अयोध्या में देश के प्रधानमंत्री के साथ-साथ प्रदेश व देश के अनेक गणमान्य लोग राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल थे। गांव की महिलाओं ने बताया उस समय पुरुष घर पर थे नहीं, गरीब लोग हैं। अधिकतर भूमिहीन हैं। बीघा दो-चार बीघा जोत के किसान हैं। बिन मजदूरी के गुजारा नहीं चलता। पुलिस ने महिलाओं को भी पीटा। ऐसे में सवाल है कि आखिर क्यों किसी का लाल मरे? क्यों किसी की कोख सूनी हो? सभी की हिफाजत की जिम्मेदारी पुलिस की है। पुलिस के रहते सोमेश कैसे मारा गया? जाति-धर्म, रंग-भाषा के आधार पर घृणा क्यों हो? प्रशासन व शासन को चाहिए शांति स्थापित हो और पीड़ित पक्ष को उचित मुआवजा मिले। हालांकि पीड़ित परिवार को मुआवजे से सदा का सहारा नहीं मिलेगा जिसके जीने का सहारा चला गया, उसकी भरपाई कैसे हो सकती है। यह व्यवस्था हो कि चाहे उच्च वर्ग के हों या निम्न वर्ग के या किसी भी धर्म के किसी की भी जान न जाए सभी स्वतंत्र जिएं। गांव पहुंची टीम में डॉ.सतीश, डॉ.एमपी सिंह, नवीन सागर, डॉ.हीरालाल, मोहम्मद फैसल, ललित चौधरी, हरगोविंद, चरण सिंह यादव व प्रेमपाल सिंह आदि शामिल रहे।

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

# 320 ग्राम स्मैक के साथ यूपी का शातिर तस्कर दबोचा

## पहाड़ों में फैला रहा था नशे का कारोबार, पुलिस, एसओजी और एएनटीएफ की टीम ने चेकिंग के दौरान पकड़ा, बाइक सीज

कार्रवाई

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** पुलिस, एसओजी और एएनटीएफ की टीम ने लगभग 320 ग्राम स्मैक के साथ यूपी के एक शातिर तस्कर को दबोचा है। तस्कर यूपी से स्मैक खरीदकर अल्मोड़ा बेचने आ रहा था। जनपद में स्मैक तस्करी का यह सबसे बड़ा मामला है। बरामद स्मैक की कीमत करीब 32 लाख बताई जा रही है।

एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर जनपद में नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। नशे के काले कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पकड़े गए तस्करों से गहन पूछताछ कर रही है। एसएसपी ने बताया कि काउंसिलिंग के दौरान एक तस्कर से पता चला कि नशे के कारोबार को फैलाने के लिए तराई क्षेत्र से तस्कर बड़ी मात्रा में स्मैक लाकर पहाड़ों में बेच रहे हैं। खासकर रात के समय बाइक या अन्य वाहन से जिले में प्रवेश करते हैं, ताकि चेकिंग से बच सकें। इस जानकारी के बाद क्षेत्र में पुलिस, एसओजी और एएनटीएफ की टीम की रात्रि गश्त बढ़ा दी गई। लोधिया से क्वारक की ओर धर्मकांटे के पास मोड़ पर चेकिंग के दौरान टीम ने एक बाइक संख्या यूपी 27 बीई-3259 को रोका तो बाइक सवार युवक घबरा गया। शक होने पर टीम ने सख्ती से पूछताछ की तो युवक ने स्मैक तस्करी करने की बात कबूली।

जिस पर टीम ने तुरंत उच्च अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सीओ सिटी विमल प्रसाद ने बाइक सवार मोईन खान (27) पुत्र नौशेर निवासी आमडार जिला शाहजहांपुर यूपी के पास से 320 ग्राम स्मैक और एक इलेक्ट्रानिक तराजू बरामद किया। पकड़ी गई स्मैक की कीमत करीब 32 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तस्करी में प्रयुक्त बाइक को सीज कर दिया। टीम में उप निरीक्षक सुनील धनिक, सौरभ भारती, दिनेश सिंह, आरक्षी राकेश भट्ट, बिरेंद्र बिष्ट मौजूद रहे।

इधर, एसएसपी पींचा ने सफलता पाने वाली टीम को पांच हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

**32** लाख रुपये बताई जा रही तस्कर से बरामद स्मैक की कीमत, अल्मोड़ा जनपद में अब तक स्मैक तस्करी का सबसे बड़ा मामला आया सामने

पुलिस गिरफ्त में पकड़ा गया स्मैक तस्कर। ● अमृत विचार

### बेरा फरीदपुर से खरीदी थी स्मैक

**अल्मोड़ा :** पूछताछ में तस्कर मोईन खान ने पुलिस को बताया कि उसने स्मैक बेरा फरीदपुर में एक व्यक्ति से खरीदी थी। जिसे वह महंगे दामों में बेचने के लिए पहाड़ ला रहा था। वह स्मैक कुछ छोटे तस्करों और कुछ स्थाई युवा ग्राहकों को बेचने की फिराक में था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुट गई है। एसएसपी पींचा ने बताया कि जहां से स्मैक लाई जा रही थी उसके स्रोत और अल्मोड़ा के छोटे व्यापारियों और पहाड़ के अन्य जनपदों के संपर्क सूत्रों की जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही अभियुक्त की अवैध तरीके से अर्जित की गई संपत्ति व उसके आपराधिक इतिहास को भी खंगाला जा रहा है।

### पुलिस ने 25 ग्राम स्मैक के साथ युवक पकड़ा

**चम्पावत/लोहाघाट, अमृत विचार :** पुलिस ने 25 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को पकड़ा है। सोमवार को पुलिस और एसओजी की टीम बाराकोट के पास चेकिंग अभियान चला रही थी तभी एक बाइक सवार आता दिखाई दिया। शक होने पर टीम ने युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 25 .95 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अभिषेक ओली (32) निवासी मीना बाजार बताया। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर एनडीपीएस की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। टीम में लोहाघाट थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिह कोरंगा, एसओजी प्रभारी मनीष खत्री, एएनटीएफ के प्रभारी सोनू सिंह बोहरा, नरेश कुमार, संजय जोशी, सुनील कुमार और अशोक वर्मा शामिल रहे।

# वेतन न मिलने से वन श्रमिक संघ में आक्रोश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** कुमाऊं वन श्रमिक संघ ने श्रमिकों को लंबे समय से वेतन न दिए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। सदस्यों ने कहा है कि वह कई बार विभाग से श्रमिकों को नियमित रूप से तय तिथि पर वेतन देने की मांग कर चुके हैं, लेकिन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इससे श्रमिकों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

चिंतन सभागार में बैठक के दौरान समिति सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि संगठन के कई श्रमिकों को महीनों से वेतन नहीं मिला है। इससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वेतन न मिलने से श्रमिकों की आजीविका भी प्रभावित हो रही है। रोज का खर्चा चलाना भी मुश्किल हो रहा है। विभाग के अधिकारियों से कई बार मांग के बाद भी इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने विभाग से श्रमिकों को वेतन देने के साथ ही अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई। बैठक में रानीखेत क्षेत्र की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें उत्तम सिंह को अध्यक्ष, महेश चंद्र को उपाध्यक्ष, शिवराज सिंह को कोषाध्यक्ष, महेश सिंह मेहरा को महामंत्री, खीलानंद भट्ट व मोहन जोशी को संगठन मंत्री चुना गया। इस मौके पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी महेंद्र सिंह बिष्ट, प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

**नाराजगी**

- चिंतन सभागार में बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा
- कई महीनों से वेतन नहीं मिलने से श्रमिकों को हो रही है दिक्कत

# भाजपा ने धर्म के नाम पर छला

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप टम्टा रविवार को रानीखेत पहुंचे। जहां उनका कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान टम्टा ने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव के लिए अभी से जुटने का आह्वान किया।

कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदीप टम्टा ने कहा कि पार्टी टिकट चाहे किसी को भी दे, सभी को मिलकर कांग्रेस पार्टी के लिए जुटना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लोगों को केवल धर्म के नाम पर छला है। युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। महंगाई चरम पर है। बॉर्डर पर जवान आये दिन शहीद हो रहे हैं। किसान परेशान हैं और खिलाड़ी मजबूर होकर अपने मेडल लौटा रहे हैं। उन्होंने नारा दिया कि अच्छे दिन कब आएंगे-मोदी जी जब जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट ने की।

इस दौरान ब्लॉक प्रमुख हीरा रावत, महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, चिलियानौला नगराध्यक्ष कमलेश बोरा, सभासद अरुण रावत, महिला नगराध्यक्ष नेहा माहरा, ज्येष्ठ प्रमुख मोहन नेगी, प्रमुख अम्बा पंत, पूर्व जयेष्ठ प्रमुख प्रेम अधिकारी, ग्राम प्रधान पिलखोली जयपाल सिंह, सुरेंद्र पवार, पंकज जोशी, यतीश रौतेला, बिशन टनवाल, जीतू आदि मौजूद रहे।

बैठक में कांग्रेस जनों के साथ मौजूद पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप टम्टा।

# सीएचसी धौलादेवी को मिला आयुष्मान उत्कृष्टता सम्मान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौलादेवी को मरीजों को बेहतर उपचार देने के लिए राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण ने आयुष्मान उत्कृष्टता सम्मान से नवाजा है। इस योजना के तहत सीएचसी में एक हजार से अधिक मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया। इससे 18 लाख रुपये से अधिक की आय प्राप्त हुई।

आयुष्मान योजना के तहत सीएचसी धौलादेव को इस सम्मान के लिए प्रदेश के अस्पतालों की टॉप टेन सूची में शामिल किया गया था। इससे बेनिफिसियरी फैसिलिटेशन एजेंसी और आयुष्मान कर्मियों के साथ स्वास्थ्य विभाग में खुशी की लहर है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. वीबी व डॉ. चंद्रशेखर बोरा ने सीएचसी को सम्मान मिलने पर खुशी जताई है। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अल्मोड़ा शंकर सिंह मेहरा व सूरज पांडे ने राज्य प्राधिकरण की ओर से सम्मान पत्र डॉ. वीबी जोशी को भेंट किया। इधर, सीएमओ डॉ. आरसी पंत ने बताया कि सीएचसी धौलादेवी में आयुष्मान योजना से मरीजों का बेहतर उपचार हो रहा है। मरीजों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जाती है। बताया कि अब तक अस्पताल में 900 से अधिक लोग योजना से लाभान्वित हो चुके हैं।

# पैदल झूला पुल की जांच शुरू

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** सरयू नदी पर बने पैदल झूला पुल की जांच शुरू हो गई है। जिससे पुल के खुलने की आस जग गई है। दिल्ली से बागेश्वर पहुंची तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने सोमवार को पुल का निरीक्षण किया। टीम करीब एक सप्ताह तक पुल का अध्ययन करेगी और उसके बाद अपनी रिपोर्ट भेजेगी।

पैदल झूला पुल के अपार्टमेंट में दरार दिखने के बाद डीएम अनुराधा पाल ने पुल को सुरक्षा की दृष्टि से बंद करा दिया था। पुल को खोलने की मांग को लेकर व्यापारियों ने एक दिन बागेश्वर बाजार भी बंद किया। मामले में कई बार जिला प्रशासन, लोनिवि और व्यापारियों के बीच मनमुटाव भी हुआ, लेकिन डीएम ने मरम्मत या तकनीकी सलाह के बिना पुल को न खोलने की बात कही।

इधर, प्रशासन और लोनिवि ने दिल्ली की सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीटयूट की टीम को पुल के तकनीकी सर्वे के लिए बुलाया है। इंस्टीटयूट की आठ सदस्यीय टीम ने बागेश्वर पहुंचकर लोनिवि के अधिशासी अभियंता के साथ पुल का निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता धन सिंह कुटियाल ने बताया कि टीम एक सप्ताह तक पुल का विभिन्न पहलुओं से बारीकी से अध्ययन करेगी। इसके बाद अपनी रिपोर्ट भेजेगी। निरीक्षण के दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी, पूर्व पालिकाध्यक्ष सुबोध साह भी मौजूद रहे।

सरयू पैदल झूला पुल का निरीक्षण करती तकनीकी टीम। ● अमृत विचार

## कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** एसएसपी देवेंद्र पींचा ने द्वाराहाट थाने का वार्षिक निरीक्षण कर सभी कार्यों की समीक्षा करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने व लोस चुनावों के मद्देनजर सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए।

साथ ही लंबित विवेचनाओं का जल्द निस्तारण करने, अभिलेखों के रखरखाव, वारंटियों की शत-प्रतिशत तामीली कराने, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने, जागरूकता कार्यक्रमों और सत्यापन अभियान में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याएं सुनी और त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। एसएसपी ने ग्राम प्रहरियों को गांवों में सक्रिय रहकर घटनाओं की जानकारी तत्काल पुलिस को देने को कहा।

# बर्फबारी के बाद खिली धूप, मौसम सुहावना

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** जनपद में सोमवार को मौसम सुहावना रहा। बारिश थमने और धूप खिलने से लोगों ने राहत की सांस ली। बीते तीन दिन से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। सोमवार की सुबह से आसमान साफ रहा और दिनभर धूप खिली रही। हालांकि कई बार मौसम करवट बदलता रहा।

बीते रविवार को कपकोट के ऊंचाई वाले हिस्सों में हुए हिमपात के बाद रिखाड़ी-बाछम मोटर मार्ग बंद हो गया था। जिसे खोलने के लिए सोमवार को लोनिवि की टीम सुबह से जुटी रही। जेबीसी की मदद से रास्ते में जमा बर्फ को हटाया गया। जिससे देर सांय मोटर मार्ग में वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई थी।

बागेश्वर के रिखाड़ी-बाछम मोटर मार्ग से बर्फ हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

### टनकपुर और बनबसा में गेहूं की फसल को भारी नुकसान

**टनकपुर, अमृत विचार :** जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश से जनजीवन खासा प्रभावित हुआ है। मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में बारिश से कई किसानों की गेहूं की फसल ढह गई है, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है। जिला आपदा प्रबंधन के मुताबिक जनपद में किसी तरह का बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। पिछले 24 घंटों में चंपावत में 35, बनबसा में 17, लोहाघाट में 10 .50 और पाटी में 07 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई है। कई क्षेत्रों में आकाशीय बिजली से रात में बिजली की आपूर्ति ठप रही। ऊर्जा निगम के जूनियर इंजीनियर अमरनाथ ने बताया कि जिन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप थी, वहां लाइनों को ठीक कर आपूर्ति सुचारू की जा रही है।

### 12 दिनी उद्यमिता विकास कार्यक्रम आज से

**बनबसा, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार (आज) से 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा ने बताया कि छात्रों और स्थानीय उद्यमियों के लिए महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना देहरादून की ओर से 12 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में चयनित 45 प्रशिक्षुओं को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक महाविद्यालय में प्रशिक्षण दिया जाएगा। नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिए जायेंगे।

### अग्नि पीड़ित परिवार को दी आर्थिक सहायता

**बनबसा, अमृत विचार :** माता रानी गरीब कल्याण संस्था ने अग्नि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की है। विगत दिनों बनबसा कैनाल निवासी संजीव कुमार के घर में आग लग गई थी, जिससे सारा सामान जलकर राख हो गया था। सोमवार को संस्था ने शारदा वैली एनएचपीसी कर्मचारी संघ इंटक के सहयोग से पीड़ित परिवार को नगद धनराशि के अलावा राशन सामग्री, कपड़े, बच्चों के लिए किताबें दीं। इस मौके पर संस्था सदस्य निर्मला उप्रेती, रेखा चन्द, बीना रावत, ज्योति रौतेला, दीपा उप्रेती, इंटक यूनियन से बिनोद उप्रेती, गोविंद सोनाल, अमित कुमार, जावेद अंसारी, महेश वाल्मिकी मौजूद रहे।

### तीन दिन बाद खुला मौसम, राहत

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** बारिश का सिलसिला थमने के बाद सोमवार को मौसम सुहावना रहा। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। सुबह से आसमान साफ रहा और धूप खिली तो लोगों ने अपने दैनिक कार्य निपटाए। दोपहर में अचानक बादलों ने फिर डेरा डाल दिया, लेकिन हवा के कारण थोड़ी देर में बादल हट गए। मौसम खुलने से बाजारों में चहल-पहल भी दिखाई दी। लोग जरूरी काम निपटाने के लिए घरों से बाहर निकले। मौसम खुलने के बाद व्यापारियों ने भी राहत की सांस ली।

### वर्ग पहेली-362

**बाएं से दाएं**

4. दुकानों पर चाय की प्रचलित मात्रा में कटौती करके दी जाने वाली चाय, आधा कप चाय।
5. वह व्यक्ति या संस्था जो वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबंध करती है, बिक्री प्रबंधक, (डिस्ट्रीब्यूटर)।, वितरण करने वाला,बांटने वाला।
6. (पुराण) पिता या पितृतुल्य व्यक्ति- पिता
7. एक प्रकार का बाजा, झांझ।; 1. झालने (अर्थात धातु की चीज़ों को टांका लगाकर जोड़ने) की क्रिया या भाव 2. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता,स्वाद का चरपरापन या तीक्ष्णता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सृष्टि, संसार जगत, 2. भीड़-भाड़, जनसमूह 3. उत्पन्न या सृजन करना 4. प्राकृतिक संघटन।
2. नियमित न होने का भाव, नियम का उल्लंघन।
3. 1. विचित्र क्रिया या व्यापार, अलौकिक घटना 2. कथावस्तु में घटनाओं का क्रम, किसी नाटक की पूरी कथावस्तु।, संविधान बनाने वाला।
5. वन, जंगल, बियावान,कानन अरण्य।
6. पहाड़ी ब्राह्मण समाज में एक कुलनाम या सरनेम।



### वर्ग पहेली - 361 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | ल | ■ | 2 उ | ट | 3 ज |
| शु | ■ | ■ | ता | ■ | ग |
| दे | ■ | 4 यु | व | ती | ■ |
| 5 व | शी | ■ | ला | ■ | 6 का |
| वा | ■ | 7 उ | प | ता | प |
| 8 द | ह | क | न | ■ | टि |
| ■ | ■ | ठा | ■ | 9 रैं | क |

### सुडोकू -79

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 9 | | 1 | | | |
| 1 | | | 2 | 4 | | | | |
| 2 | | 4 | | | | 9 | | 5 |
| | | 7 | | | 9 | | 4 | |
| 6 | | 3 | 5 | | 4 | | | 9 |
| | 8 | | 1 | | | 6 | | |
| 9 | | 8 | | | | 2 | | 6 |
| | | | | 2 | 8 | | | 7 |
| | | | 6 | | 3 | 1 | | |

### सुडोकू - 78 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 5 | 2 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 3 |
| 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 मार्च, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 08 .04 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 16 .00 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** — आज जीवनसाथी के साथ तनाव में वृद्धि हो सकती है। परिस्थितियों को संभालने में थोड़ी कठिनाई होगी। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। नई जॉब की शुरुआत कर रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें।

**वृष** — आज आपका मन किसी कारण से अप्रसन्न हो सकता है। बिना मतलब की बातों में समय बर्बाद न करें। गले और छाती में विकार उत्पन्न हो सकते हैं। छात्र अपने भविष्य को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। मन की इच्छाओं को प्रकट करने से बचें।

**मिथुन** — आज अपने लक्ष्यों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। किसी गंभीर समस्या का आपको समाधान मिल सकता है। कार्य व्यवसाय में आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी। अचानक आपको उच्च पद मिल सकता है। आपके मन में अच्छे विचारों का प्रभाव रहेगा।

**कर्क** — आज विदेशों से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यवसाय में लक्ष्य तय समय पर प्राप्त कर लेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन सफलता मिलने के आसार हैं। प्रियजनों के साथ आनंद युक्त समय बिताएंगे। घर में नजदीकी सम्बन्धियों का आगमन होगा।

**सिंह** — आज अपनी गलतियों की जिम्मेदारी स्वयं लें दूसरों पर न लादें। बच्चे रचनात्मक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। व्यवसाय में लाभ के अवसर चूक सकते हैं। क्रोध और आवेग से आपको बचना चाहिए।

**कन्या** — आज अपने खर्चों का हिसाब रखें। मानसिक रूप से संतुष्ट रहेंगे। अनावश्यक बातों में समय नष्ट न करें। व्यापार में जबरदस्त गति होने की संभावना है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों को परेशानी हो सकती है।

**तुला** — आज पूरा दिन काफी अच्छा व्यतीत होगा। सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। संतान से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक** — आज पैतृक संपत्ति का लाभ प्राप्त होगा। आपकी छोटी-छोटी गलतियों को लोग बढ़ा-चढ़ाकर दिखा सकते हैं। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलने की संभावना है। आपका ध्यान व्यर्थ गतिविधियों में जा सकता है।

**धनु** — आज रुक-रुक कर आपके सभी काम पूर्ण हो जाएंगे। नई योजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। घर के सदस्यों में आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। प्रेमीजन के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

**मकर** — आज अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास बनाए रखें। मौसम में आए परिवर्तन के कारण कफ की समस्या हो सकती है। अकड़ू व्यवहार के कारण आपको परेशानी हो सकती है। नकारात्मक वातावरण से बचने का प्रयास करें।

**कुंभ** — आज आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से आप काफी आनंदित हो सकते हैं। आपके मस्तिष्क में नवीन योजनाओं की रूपरेखा बन सकती है। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों के वेतन बढ़ने की संभावना है।

**मीन** — आज आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। यात्राओं से लाभ प्राप्त होगा। मित्रों के सहयोग से आपके सभी काम आसानी से हो जाएंगे। कारोबार में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। शारीरिक रूप से काफी सक्रिय रहेंगे।

### आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- लोहा — सुबह : 11 .34
- परदेसी बाबू — रात : 08 .00

**SONY MAX**
- पागलपंती — सुबह : 09 .00
- अफवाह — रात : 07 .00

**SONY PIX**
- सुसाइड स्क्वॉड — सुबह : 09 .34
- एक्वामैन — रात : 08 .45

**ZEE CINEMA**
- सम्राट एंड कंपनी — सुबह : 10 .30
- हैक्ड — शाम : 04 .30

**colors CINEPLEX**
- परंपरा — सुबह : 10 .58
- बिल्लू — रात : 07 .00

**आज की सुपरहिट फिल्म**

जी सिनेमा पर शाम 04 .30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

लड़की- जब पिता जी सो जाएंगे तो मैं सिक्का फेंकूंगी तुम आवाज सुनकर ऊपर आ जाना।
लड़की सिक्का फेंकती है पर लड़का ऊपर नहीं आता।
एक घंटे बाद जब लड़का आया तो लड़की पूछती इतनी देर कहां लगा दी?
लड़का- अरे मैं तो सिक्का ढूंढ रहा था
लड़की- अरे पागल वो तो धागा बांध कर फेंका था वापिस खींच लिया।

पप्पू की टांग टूट गई अस्पताल गया तो देखा की वहां एक आदमी की दोनों टाँगे टूटी हैं।
पप्पू उसके पास गया और पूछा की आपकी दो पत्नियां हैं क्या?

# धर्म दर्शन

## आत्मज्ञान, वैराग्य एवं कल्याण का प्रतीक शिव तत्व

शिव आदि तत्व हैं, वह ब्रह्म हैं, वह अखंड, अभेद्य, अच्छेद्य, निराकार, निर्गुण तत्व है। वह अपरिभाषेय हैं, वह नेति-नेति हैं। अभिव्यक्ति में प्रतीत होते हैं, जिन्हें विद्या तथा अविद्या कह सकते हैं। ऋग्वेद में भगवान शिव का सबसे पहला उल्लेख मिलता है,जो उनकी दिव्य पहचान पर प्रकाश डालता है। भगवान शिव को अक्सर रुद्र के रूप में जाना जाता है। रुद्र जिसका अर्थ है "गर्जना करने वाला" देवत्व के कच्चे और मौलिक पहलुओं का प्रतीक है। उन्हें एक उग्र देवता के रूप में चित्रित किया गया है,जो तूफान, विनाश और कायाकल्प से जुड़ा है।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

ऋग्वेद के मंत्र बुरी ताकतों से सुरक्षा के लिए रुद्र के आशीर्वाद का आह्वान करते हैं,जो विध्वंसक और रक्षक दोनों के रूप में उनकी दोहरी प्रकृति को प्रदर्शित करता है। जैसे ही हम ऋग्वेद से यजुर्वेद की ओर बढ़ते हैं,हम रुद्र से शिव में परिवर्तन का अनुभव करते हैं। शिव,संस्कृत शब्द "शिव" से लिया गया है,जो शुभता और पवित्रता का प्रतीक है। इस चरण में भगवान शिव को तपस्वी योगी के रूप में चित्रित किया गया है,जो हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों पर ध्यान कर रहे हैं। वह वैराग्य, आत्मज्ञान और परोपकार के आदर्शों का प्रतीक हैं। यजुर्वेद शिव को ध्यान और आध्यात्मिकता के दिव्य आदर्श के रूप में महिमामंडित करता है। सामवेद हमें सर्वोच्च देवता महादेव से परिचित कराता है। महादेव, रुद्र और शिव के रूप में अपने पिछले अवतारों को पार करते हुए,भगवान शिव की दिव्यता की भव्यता को समाहित करते हैं। वह ब्रह्मांडीय व्यवस्था का अंतिम स्रोत, ब्रह्मांड का निर्माता, पालनकर्ता और संहारक है। सामवेद महादेव को उनकी सर्वशक्तिमानता और परोपकारी सर्वव्यापकता का चित्रण करते हुए एक लौकिक देवता के रूप में प्रतिष्ठित करता है। सृष्टि 16 तत्वों से निर्मित हैं। पहले पांच तत्व, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश, पृथ्वी लोक से संबंधित हैं। छठा तत्व 'शिव तत्व' है जिसका संबंध आज्ञा चक्र से है तथा वह माथे के केंद्र में स्थित है। विशुद्धि और आज्ञा चक्र के बीच में 11 तत्व हैं,किंतु फिर भी शिव तत्व को छठा तत्व कहा जाता है,क्योंकि शिव आदि, अनादि, अनंत, अखंड हैं,जो बुद्धि की समझ से परे हैं। सारे तत्व उसी में निहित हैं। शरीर में तीन प्रकार की ग्रंथियां होती हैं,ब्रह्म ग्रंथि, विष्णु ग्रंथि तथा रुद्र ग्रंथि। ब्रह्म ग्रंथि तथा विष्णु ग्रंथि खोलना अपेक्षाकृत सरल है,किंतु रुद्र ग्रंथि को खोलना बहुत कठिन है। इसके खुले बिना शेष 11 तत्वों का अनुभव नहीं हो सकता। 16 तत्वों के अनुभव के बाद ही शिव और शक्ति का संयोजन होता है और शिव तत्व की प्राप्ति होती है। संपूर्ण वेदों में विभिन्न श्लोक भगवान शिव की दिव्य उपस्थिति को दर्शाते हैं। अथर्ववेद का एक श्लोक शिव के लौकिक नृत्य, तांडव का सार दर्शाता है: "न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नमः महद्यशः।"/ तन्द्य त्वाग्वं प्रस्वादं पयधि। यह श्लोक भगवान शिव के निराकार स्वरूप की प्रशंसा करता है,इस बात पर जोर देता है कि उनकी दिव्य ऊर्जा असीमित और मानवीय समझ से परे है। यह इस विश्वास को पुष्ट करता है कि भगवान शिव के प्रति सच्ची भक्ति मूर्ति पूजा से परे है और उनके लौकिक सार से जुड़ती है। शिव का वास्तविक अर्थ है 'वह जो नहीं है' अर्थात् शून्य। आधुनिक भौतिक विज्ञानियों ने भी यह साबित कर दिया है कि पूरी सृष्टि शून्य से निकलती है और शून्य में ही चली जायेगी। व्यापक शून्यता अस्तित्व का आधार और ब्रह्मांड का मूल तत्व गुण है। इस विशाल शून्यता को ही शिव कहते हैं।

## भौतिक शक्ति का सूचक असुर

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

व्युत्पति की दृष्टि से 'असुर' शब्द 'असुः+'र' (असुः=प्राण,र =वाला) का अर्थ प्राणवान, ऊर्जावान, शक्तिशाली या शक्ति संपन्न है। कालांतर में यह भौतिक शक्ति का सूचक/प्रतीक बन गया। ऋग्वेद में 'असुर' शब्द का प्रयोग 105 बार हुआ है। इसमें भी 99 बार भौतिक 'शोभन' अथवा मंगल सूचक है,जबकि मात्र 15 बार ही देवों के शत्रु विशेष के लिए। यास्क के "निरुक्त" (3/8) के अनुसार शारीरिक शक्ति के आधिक्य के कारण ही इन्द्र के लिए, तदुपरांत,नैतिक बल के सूचक के रूप में वरुण देव के लिए हुआ है।

प्राचीनतम असीरियन (असुर) साम्राज्य या परवर्ती मैसापोटामियन साम्राज्य (फारस (ईरान), इराक, तुर्की आदि पड़ोसी क्षेत्रों का) के निवासी पारसियों का धर्म,विश्व के भारतीय वैदिक धर्म के समान ही प्राचीनतम है। इस पारसी धर्म को 'जरथुस्त्र "धर्म" भी कहा जाता है। पारसियों की सर्वशक्तिमान सत्ता या ईश्वर को ही "अहुर मज्दा" या "अहोरमज्द" कहते हैं। 'अहोर' शब्द वैदिक 'असुर' शब्द का रूपांतर है। अथवा यह कहा जा सकता है कि अहोरमज्दाका वैदिक संस्कृत रूपांतर "असुरेन्द्र" है। अहुरमज्दा का आशय 'आसुरी मेधा' या 'बुद्धिबल' से है वैदिक "वृत्रघ्नइन्द्र" को ही अवेस्ता में "वेघ्रोघ्न" कहा गया है। ऋग्वेद (10/138/3-4) में इन्द्र को वज्र के प्रहार से देव विरोधी दानवों सहित वृत्रासुर का वध करने वाला कहा गया है। ऋग्वेद के 'अग्निदेव' की भांति पारसियों के प्राचीनतम धर्म ग्रंथ "जेंद अवेस्ता" में भी सर्वाधिक पवित्र देवता वही हैं। उसी अग्निदेव के माध्यम से ही "अहुरमज्दा" की पूजा होती है। प्रमुख अंतर यह भी है कि वेदों में जहां देवों तथा देवियों की स्तुति है, वहीं अवेस्ता में प्रायः कई की निंदा और असुरों की उपासना या स्तुति है। किंतु यह आश्चर्यजनक है कि वेदों और अवेस्ता दोनों में ही वैदिक सवितृ (सूर्य ), सोम, अर्यमा, आदि की स्तुति है। विषयांतर के भय से विस्तृत चर्चा न कर इतना ही कहना पर्याप्त है कि हजारों वर्षों पूर्व भारत एवं फारस और ईरान में परस्पर सांस्कृतिक संबंध अत्यंत प्रगाढ़ थे। असीरिया तो असुरों का ही सामाज्य था और आधुनिक ईरान, इराक, तुर्की, बहरीन, कुवैत, कतर, सउदी अरब, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात या यह कहा जाए कि फारस की खाड़ी के आसपास का संपूर्ण भूभाग ही उसमें समाहित था। आधुनिक संपूर्ण इस्रायल सहित मिश्र का कुछ भाग अधीन था।

सातवीं सदी के बाद विजेता इस्लाम धर्मावलंबियों के अत्याचार, उत्पीड़न, बलात्कार, धर्मांतरण ने वहां के मूलनिवासियों को इस्लाम स्वीकार करने या पलायन को विवश किया। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार असुर,देवदृष्टि से अपभ्रंश भाषा का अधिक प्रयोग करते थे (ते$सुरोहेलयो हेलया इति कुर्वन्तः पराबभूवुः)। पतंजलि और शबर स्वामी इस बात के समर्थक हैं। शांख्यायन तथा आश्वलायन श्रौतसूत्रों की "आसुरि विद्या" को शतपथ ब्राह्मण में ही प्रयुक्त "माया" शब्द का समानार्थी बताया गया है। माया को ही लोकभाषा में "जादूगरी" कहा गया है, किंतु यह बहुत आश्चर्यजनक है कि सभी भौतिक विद्याएं इसी में समाहित/समाविष्ट हो सकती हैं। सुप्रसिद्ध विद्वान, स्व. डॉ राज बली पाण्डेय जी के अनुसार, "आसुरि" शुद्ध भौतिक प्रवृत्ति से उत्पन्न सभी ज्ञान-विज्ञान असुर विद्या हैं। इसमें 'सुर विद्या' अथवा 'देवी विद्या' या आध्यात्मिकता को स्थान नहीं है।" 'हिन्दू धर्मकोश' पृष्ट,69. ऋग्वेद में देवताओं के लिए विशेषण के रूप में असुर शब्द का प्रयोग होता रहा है। विशेष रूप से वरुण आदि के लिए।

## यज्ञरूप श्रेष्ठकर्म श्रेष्ठ मति

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे सोम! आप उपयाम-पात्र में ग्रहण करने योग्य हैं। आदित्यों के सदृश तेजस्विता के लिए आपको हम ग्रहण करते हैं। हे इंद्रदेव! आप हिंसक प्रवृत्ति से सर्वथा रहित हैं। याजक द्वारा प्रदत्त हवि के प्रतिदान स्वरूप आपका दान संपन्नता बढ़ाने वाला होता है। हम आदित्यों के स्नेह भाव के लिए आपकी स्तुति करते हैं। हे आदित्य! आप आलस्य, प्रमाद आदि से सर्वथा रहित हैं। आपकी जो शक्ति सामर्थ्य,अविनाशी और दिव्य आनंदप्रद है, वह सूर्य मंडल मे स्थापित है। हे आदित्य ग्रह! (पात्र) हम आदित्यदेव की प्रसन्नता हेतु आपको ग्रहण करते हैं। देवताओं के सुख के निमित्त यह यज्ञ है,अतएव हे आदित्य! आप हम सबके लिए कल्याणकारी हों। आपकी शुभ संकल्प युक्त मति हमें उपलब्ध हो। हे आदित्य! आप अज्ञान रूपी अंधकार के विनाश के निमित्त कारण हैं। हे पुरुषार्थी मनुष्यों! तुम अपनी वाणी में सुसंस्कारिता को धारण करो। जब गृहस्थ आश्रम में दंपती धर्माचरण का निर्वाह करते हैं,तभी पावन सुसंस्कारवान पुत्र उत्पन्न होते हैं और नित्य ही समृद्धि को प्राप्त होकर वे दुष्कर्मों और ऋणादि से निवृत्त रहते हुए श्रेष्ठ गृह में निवास करते हैं।

हे सोमासिक्त धान्य! यजुर्वेद के मंत्रों से जिसकी कामना की गई है, ऋक् मंत्रों से स्तुत्य तथा साम के स्तोत्रों द्वारा संवर्धित आपका सेवन अश्वों और गौओं को भी प्रेरणा देने में समर्थ है। आपके सेवन से प्राप्त होने वाले अभीष्ट फल की इच्छा से युक्त हम आपका सादर सेवन करते हैं। हम सब ब्रह्मतेज से संपन्न, दुग्धादि रसों से परिपूर्ण, श्रेष्ठ शरीर और शिवसंकल्पकारी मन से सदा युक्त रहें। श्रेष्ठ दान प्रदाता त्वष्टादेव हमें ऐश्वर्य प्रदान करें तथा हमारे शरीर में जो कमी है,उसे भी दूर करें। हे ऐश्वर्यवान इंद्रदेव! हमें श्रेष्ठ मन, गाय आदि पशुओं और ज्ञानीजनों तथा श्रेष्ठ कल्याणकारी भावनाओं से युक्त करें। ज्ञान से प्रेरित दिव्य मानवों द्वारा जो श्रेष्ठ कर्म संपादित होते हैं, उससे हमें जोड़ें,जो सत्कर्म हमें देवताओं के अनुग्रह प्रदान करते हैं,वह यज्ञरूप श्रेष्ठकर्म श्रेष्ठ मति के साथ आपके निमित्त समर्पित हों। हम सब लोग सदैव ब्रह्मवर्चस जल, सुदृढ़ शरीरों और शुभ संकल्पकारी पवित्र मन से युक्त रहें। श्रेष्ठ पदार्थों के दाता,सर्वप्रेरक परमात्मा हमें संपूर्ण ऐश्वर्य संपदा प्रदान करें। दानशील विधाता,सर्वोत्पादक सविता,प्रजा के पालक-प्रजापति, देदीप्यमान अग्निदेव, त्वष्टादेव और सर्वव्यापक विष्णुदेव,यह सभी देवगण हमारी आहुति को स्वीकार करें। यज्ञकर्मों के ज्ञाता हे देवगण! आप हमारे यज्ञ में पधारें, हमारी आहुति को स्वीकारें तथा यज्ञ से संतुष्ट होकर अपने-अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रयाण, प्रस्थान करें।

हे मन के अधिष्ठाता देव! इस यज्ञ को श्रेष्ठ औषधियों से परिपूर्ण करें और वायु का शोधन करें। यह आहुति आपके प्रति समर्पित है। जिस परमात्मा से उत्तम अन्य कोई नहीं है,जो संपूर्ण लोकों में संव्याप्त है,वे प्रजापालक सोलह कलाओं से अपनी प्रजा में रमण करते हैं। वे सूर्य, विद्युत व अग्नि रूप तीनों ज्योतियों को अपने भीतर समाहित किए हुए हैं। उत्तम कर्म करने में कुशल हे अग्निदेव! हमें तेजस्विता, पराक्रम एवं अपार वैभव संपदा प्रदान करें। आप देव-शक्तियों के बीच में अति तेजस्वी हैं। अतः आपकी कृपा से हम मनुष्यों में तेजस्विता का संचार हो। ये ज्योतिर्मयी रश्मियां संपूर्ण प्राणियों के ज्ञाता सूर्य को तथा समस्त विश्व को,दृष्टि प्रदान करने के लिए विशेष प्रकाशित होती हैं। हे ग्रह (पात्र)! हम आपको ज्योतिर्मान सूर्य के लिए स्वीकृत करते हैं। हे महिमामयी गौ! आप इस यज्ञ से उत्पन्न पोषणयुक्त मंडल रूपी कलश को सूंघें,वायु के माध्यम से ग्रहण करें। इसके सोमादि पोषक तत्व आपके अंदर प्रविष्ट हों। उस ऊर्जा को पुनः सहस्त्रों पोषक धाराओं द्वारा हमें प्रदान करें।

## शिवरात्रि प्रकृति से तादात्म्य का संदेश

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

मनुष्य का शरीर पंच भौतिक तत्वों का संयोजन है, इसीलिए धर्मग्रंथों में पृथ्वी को माता, आकाश को पिता और जल, अग्नि, वायु को देवता मानकर पूजा करने का उल्लेख है। इसी के लिए मांगलिक-कार्यक्रमों के प्रारंभ करने के पहले स्वस्तिवाचन मंत्र पढ़ने का विधान किया गया है जिसमें प्रकृति की अनुकूलता की कामना की गई है। भगवान शंकर और माता पार्वती के पुत्र गणेश जी प्रथम देवता हैं। जिस प्रकार समस्त भैतिक यंत्र ऊर्जा से संचालित होते हैं उसी प्रकार पंच भौतिक शरीर भी आत्मा की ऊर्जा से संचालित होता है। मनुष्य ही नहीं, बल्कि सृष्टि में जितने अन्य जीव-जंतु हैं, सभी को ऊर्जा की आवश्यकता है। इसका संदेश यही हुआ कि पार्वती माता, शिवजी पिता और पुत्र गणेश ऊर्जा के रूप में पुत्र हैं। वे माता-पिता से दूर न जाकर उन्हीं के चरणों की परिक्रमा करते हैं। कार्तिकेय के पूरे ब्रह्मांड की परिक्रमा का आशय उनमें वायु-तत्व की प्रधानता हैं जबकि वाहन नन्दी जल-तत्व का सूचक इसलिए है क्योंकि पशु जिन इलाकों में रहता है, सबसे पहले वह जल-स्रोत ही तलाशता है। शिवरात्रि का पर्व आकाश तथा पृथ्वी पर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों की पूजा का पर्व है। इन संसाधनों का संरक्षण कैसे किया जाए ताकि मां पार्वती और शिव की कृपा-परिधि में सभी भौतिक पदार्थ रह सके, इस पर सजगता तथा तादात्म्य बनाने का पर्व है शिवरात्रि।

# कुमाऊं

## सार-संक्षेप

### मां पूर्णागिरी धाम मेले के लिए अस्थाई थानेदार तय

एसओ हेमंत कठायत व एसओ देवनाथ गोस्वामी।

**टनकपुर :** आगामी 26 मार्च से शुरू होने जा रहे मां पूर्णागिरि धाम मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके लिए अस्थाई पुलिस थाने के थानेदारों के नाम तय कर दिए हैं। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति कुंभार ने सोमवार को आदेश जारी करते हुए मां पूर्णागिरि धाम के भैरव मंदिर थाने के लिए हेमंत कठायत को थानाध्यक्ष बनाया है। जबकि मुख्य मंदिर के नजदीक काली मंदिर के अस्थाई थाने के लिए देवनाथ गोस्वामी को जिम्मेदारी दी है। इसके अलावा पाटी के एसओ देवनाथ गोस्वामी के स्थान पर लोहाघाट के एसओ सुरेंद्र सिंह कोरंगा को भेजा है। पुलिस लाइन चंपावत के निरीक्षक अशोक कुमार को लोहाघाट का नया थानाध्यक्ष बनाया है। महिला सेल प्रभारी मीनाक्षी नौटियाल को साइबर सेल का अतिरिक्त जिम्मा दिया है। पुलिस लाइन चंपावत के चेतन रावत को लोहाघाट थाने में वरिष्ठ उप निरीक्षक, मंदाकिनी राणा को टनकपुर से बनबसा और उप निरीक्षक तेज कुमार को रीठा साहिब भेजा है।

### गृह विज्ञान और गणित की परीक्षा से 29 छात्र नदारद

**अल्मोड़ा :** सोमवार को जनपद में हाईस्कूल की गृहविज्ञान और इंटरमीडिएट की गणित विषय की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। जिसमें 3084 में से 3055 ने परीक्षा दी। बोर्ड परीक्षा नियंत्रण कक्ष प्रभारी जनार्दन तिवारी ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में कुल पंजीकृत 2393 में से 2374 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जबकि 19 अनुपस्थित रहे। वहीं इंटर की परीक्षा में कुल पंजीकृत 691 में से 681 ने परीक्षा दी। 10 छात्र परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षाधिकारी अंबा दत्त बलोदी ने बताया कि जिलेभर में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर गठित सचल दल ने विभिन्न केंद्रों का परीक्षण किया।

### वन कर्मियों की मौजूदगी में हुई बोर्ड परीक्षा

**अल्मोड़ा :** सल्ट विकास खंड के जीआईसी टोटाम में सोमवार को हाईस्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षा वन विभाग के कर्मचारियों के पहरे में हुई। बीते शनिवार को जीआईसी टोटाम के पास विद्यालय के चतुर्थश्रेणी कर्मचारी ने एक तेंदुए को घूमते देखा था। आनन-फानन में इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद मोहान रेंज के रेंजर गंगाशरण ने मौका मुकायना किया और विद्यालय प्रबंधन को सुरक्षा देने का आश्वासन दिया। सोमवार को बोर्ड की परीक्षा के दौरान विद्यालय परिसर के आसपास कर्मचारी मौजूद रहे। परीक्षा समाप्त होने तक कर्मचारियों ने वहीं पहरा दिया, ताकि कोई अप्रिय घटना न घट सके।

सांसद अजय टम्टा को टिकट मिलने पर खुशी का इजहार करते भाजपाई।

### टम्टा को तीसरी बार प्रत्याशी बनाने पर जताया आभार

**रानीखेत :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद अजय टम्टा को तीसरी बार अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाने पर केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया। यहां गांधी चौक पर कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 400 सीटें जीत कर पुन: सरकार बनेगी। जिसके लिए देशभर में भाजपा कार्यकर्ता संकल्पबद्ध होकर जुट गए हैं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनीष चौधरी, दीप भगत, नरेंद्र रौतेला, गिरीश भगत, मोहन नेगी, विमल भट्ट, अश्वनी भगत, उमेश पंत, दर्शन बिष्ट, चंद्रशेखर आर्य, संदीप गोयल, दर्शन मेहरा, दिनेश गोयल, खजान जोशी, विपिन भार्गव, दीपक जोशी, धीरज पांडे मौजूद रहे।

## कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

संवाददाता, अल्मोड़ा

धरने पर बैठे कर्मचारियों को समर्थन देने पहुंचे विधायक तिवारी।

**अमृत विचार :** केंद्र व प्रदेश सरकार कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकार को जब कर्मचारियों की जरूरत पड़ती है तब उन्हें वैकल्पिक तौर पर संविदा व उपनल से तैनाती देती है, लेकिन उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए कोई योजना नहीं बनाई जाती है। सरकार मनमर्जी से कर्मचारियों को अंदर-बाहर का रास्ता दिखा रही है।

उक्त बात विधायक मनोज तिवारी ने सोमवार को अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों के धरने को समर्थन देते हुए कही। वेतन और स्थाई पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर कर्मचारियों का बेस अस्पताल में धरना-प्रदर्शन सातवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण और संचालन के लिए कांग्रेस के समय में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। यहां काम कर रहे कर्मचारियों के भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ न हो, इसके लिए तत्कालीन राज्य सरकार ने पांच साल संविदा पर कार्य कर चुके कर्मचारियों को नियमित करने का फैसला भी लिया था। लेकिन वर्तमान सरकार इसकी जरा भी पक्षधर नहीं दिख रही है। सरकार को अगर कर्मचारियों के भविष्य की चिंता होती तो उनकी तैनाती से पहले ही यहां पदों को सृजित कर लिया जाता। सरकार कर्मचारियों का वेतन रोककर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाने की साजिश कर रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। धरना-प्रदर्शन के दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख पीतांबर पांडे, राजेंद्र बाराकोटी, हर्ष कनवाल, सुशील, सूरज कुमार, सागर सिंह, विवेक लोहनी, पंकज टम्टा, रजत भारती, भरत, सुनीता, चंदन बोरा, लीला, रेखा कनवाल, भावना, पंकज, कपिल, सुनीता, सपना शैली, भूपेंद्र शैली, मोहित, पूरन, संदीप, सूरज बहादुर, विनोद कनवाल आदि मौजूद रहे।

## भाजपा की आज तीन मैराथन बैठकें होंगी

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ लोकसभा सीट से अजय टम्टा को टिकट मिलने के बाद भाजपा ने चुनावी मशक्कत शुरू कर दी है। इसके लिए आज मंगलवार को अल्मोड़ा में भाजपा की तीन मैराथन बैठकें होने जा रही हैं।

अल्मोड़ा लोकसभा के प्रभारी सुरेश भट्ट ने बताया कि पहली बैठक सुबह 11 बजे से लोकसभा के कोर कमेटी सदस्यों के साथ होगी। जिसमें लोकसभा प्रत्याशी सहित वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक, विधायक का चुनाव लड़े हुए प्रत्याशी, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष तथा लोकसभा के प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। दूसरी बैठक दोपहर 12 बजे से अल्मोड़ा लोकसभा के अंतर्गत आने वाली 14 विधानसभाओं के संयोजक और प्रभारी के साथ होगी। तीसरी बैठक 2 बजे से लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की होगी। जिसमें पार्टी के बनाए 38 विभागों के साथ बैठक कर आगे की चुनावी रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में भट्ट के साथ सह प्रभारी दीपक मेहरा और लोकसभा संयोजक शिव सिंह बिष्ट भी मौजूद रहेंगे।

## पूर्व सैनिकों ने उठाई सुविधाएं देने की मांग

**चम्पावत/लोहाघाट, अमृत विचार:** सैनिक विश्राम गृह लोहाघाट में असम राइफल्स एक्स सर्विसमैन एसोसिएशन (अरेवा) की बैठक हुई। पूर्व अध्यक्ष गंगा दत्त चौबे ने सरकार से असम राइफल्स को दोहरे कमान से दूर करने की मांग की। कहा कि राइफल्स के जवान ड्यूटी तो आर्मी की करते हैं, लेकिन उन्हें पेंशन और अन्य सुविधाएं अर्द्धसैनिक बलों के अनुरूप दी जाती हैं। उन्होंने वन रेंक वन पेंशन का लाभ देने और सेना की तरह सारी सुविधाएं देने की मांग उठाई। बैठक में पूर्व सैनिकों ने ईसीएचएस कार्ड बनाने, कैंटीन की सुविधा चंपावत में देने की भी मांग उठाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रेम चौबे, दिवान सिंह अधिकारी, गणेश सिंह पुजारी, जगदीश सिंह, पीसी पुनेठा, दिवान सार्की, रूप सिंह, तेज सिंह, मथुरा दत्त चौबे मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल के अजय अध्यक्ष बने

संवाददाता, अल्मोड़ा

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर कार्यकारिणी के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गए हैं। जिसमें अध्यक्ष पद पर अजय वर्मा ने शानदार जीत दर्ज की। वहीं उपाध्यक्ष पर मुकुल जोशी, महासचिव पर वकुल साह और उपसचिव पद पर अश्विनी नेगी ने बाजी मारी। जबकि महिला उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष का निर्वाचन निर्विरोध हुआ।

मुख्य चुनाव अधिकारी दीप सिंह डांगी ने बताया कि सुबह आठ बजे से शुरू हुई प्रक्रिया में चार पदों के लिए हुए मतदान में 1652 फीसदी व्यापारियों ने हिस्सा लिया। अध्यक्ष पद पर चार प्रत्याशियों के बीच अजय वर्मा ने 649 मत पाकर बाजी मारी। 448 मतों के साथ प्रत्येश पांडे दूसरे स्थान पर रहे। जबकि संजय अग्रवाल 330 और दीपक वर्मा को 152 मत ही मिले। उपाध्यक्ष पद पर मुकुल जोशी 541 वोट पाकर जीते। नरेंद्र लाल साह को 538 और रा जेंद्र प्रसाद को 420 मत मिले। महासचिव में आमने-सामने की टक्कर में वकुल साह ने 801 मत हासिल कर बाजी मारी। प्रयाग चंद्र जोशी को 700 वोटों से संतोष करना पड़ा। उपसचिव पद पर 664 वोट पाकर अश्वनी नेगी जीते। आशीष कुमार 564 तो नरेंद्र कुमार को 312 मतों से संतोष करना पड़ा। महिला उपाध्यक्ष में जया साह और कोषाध्यक्ष में कुणाल नयाल का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। देर शाम चुनाव परिणामों की घोषणा हुई। इसके बाद विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया। इस दौरान आशीष वर्मा, गोविंद मटेला, मनीष जेखवाल, हरीश सोनी, किशन गुरुरानी, मनोज अरोड़ा, सुशील साह, भैरव गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

देहरादून में सीएम धामी को स्मृति चिन्ह भेंट करते नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

### सीएम को दिया शपथ ग्रहण समारोह का आमंत्रण

**टनकपुर :** टनकपुर व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शिष्टमंडल ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष वैभव अग्रवाल के नेतृत्व में सदस्यों ने सीएम को 10 मार्च को टनकपुर में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रण दिया। साथ ही स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। शिष्टमंडल में महामंत्री संजय पांडे, उपाध्यक्ष अंकित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गिरीश वर्मा तथा व्यापारी अक्षत अग्रवाल शामिल रहे।

### कुमाउनी श्रीमद् भागवत पुस्तक का विमोचन

**अल्मोड़ा :** नगर पंचायत सभागार में सोमवार को एक कार्यक्रम में कुमाउनी भाषा में लिखी श्रीमद् भागवत पुस्तक का विमोचन किया गया। सृजन संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पुस्तक के लेखक शिक्षक बीएस अधिकारी ने बताया कि पुस्तक में श्रीमद् भागवत गीता के सभी सात सौ श्लोकों का कुमाउनी भाषा में अनुवाद किया गया है। पुस्तक के माध्यम से जहां कुमाउनी भाषा का प्रचार प्रसार होगा। इस मौके पर रमेश चंद्र पंत, तारा चंद्र भट्ट, अनिल चौधरी, केपीएस अधिकारी, शंकर दत्त तिवारी, परितोष पांडे, लक्ष्मी चंद्र त्रिपाठी, जमुना प्रसाद तिवारी मौजूद रहे।

### शारदा नदी के डाउन स्ट्रीम में शुरू हुआ खनन

**टनकपुर :** टनकपुर शारदा नदी के डाउन स्ट्रीम में सोमवार से खनन कार्य शुरू हो गया है। खनन सामग्री की दरों पर सहमति न बनने के कारण खनन कार्य बंद चल रहा था। पिछले दिनों एसडीएम आकाश जोशी के नेतृत्व में तहसील में हुई बैठक में खनन कार्य फिर से शुरू करने पर सहमति बनी थी। सोमवार को डाउन स्ट्रीम बैराज क्षेत्र में 381 वाहनों और कालाझाला कांटे में 109 वाहनों ने खनन किया। मां शारदा खनन यूनियन के अध्यक्ष अमन ठाकुर ने बताया कि क्रशर स्वामियों से वार्ता के बाद ही खनन कार्य शुरू किया गया है। खनन सामग्री की दर प्रति क्विंटल 54 रुपये होगी।

### लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन के देवेंद्र बने अध्यक्ष

**अल्मोड़ा :** उत्तराखंड मेडिकल लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन की अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ व बागेश्वर कार्यकारिणी का द्विवार्षिक अधिवेशन अल्मोड़ा ब्लड बैंक परिसर में आयोजित किया गया। इस मौके पर संयुक्त कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें देवेंद्र दोसाद अध्यक्ष व महेंद्र बिष्ट सचिव चुने गए हैं। इसके अलावा किशोर रौतेला को उपाध्यक्ष, पुष्पा मेहरा को महिला उपाध्यक्ष, निरंजन भट्ट को संगठन मंत्री, आनंद बिष्ट को कोषाध्यक्ष, दीवान राम को संरक्षक, विनोद बिष्ट को प्रवक्ता व आशुतोष धपोला को संप्रेक्षक चुना गया। सभी निर्विरोध नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। चुनाव कुमाऊं संगठन मंत्री अजय मेहरा व प्रदेश संप्रेक्षक प्रमोद जोशी की देखरेख में संपन्न हुआ।

### ओपन महिला वर्ग में राधा दौड़ी सबसे तेज

**अल्मोड़ा :** महिला शक्ति वंदन के तहत सोमवार को खेल विभाग ने ओपन महिला वर्ग की मैराथन दौड़ आयोजित की। जिसमें पुलिस, खेल, होमगार्ड व युवा कल्याण विभाग की महिला कार्मिकों ने प्रतिभाग किया। मालरोड स्थित चौघानपाटा से शुरू हुई मैराथन का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा और प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी अरूण बग्याल ने हरी झंडी दिखाकर किया। ओपन महिला वर्ग में राधा भट्ट ने प्रथम, दिक्षा मेहरा ने द्वितीय और भावना बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को अलावा दस अन्य खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके लीला बोरा, गोविंद सिंह पिलखवाल, धमेंद्र बिष्ट, प्रशांत कुमार चौहान, रेखा आर्या, तारा जीना, भावना तिवारी, शहनाज अंसारी मौजूद रहे।

# गरीबों का कल्याण सरकार का लक्ष्य: धामी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लक्सर में किया 68.82 करोड़ की 66 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

**सौंपी चाबी**

- लाभार्थियों को पीएम आवास योजना के तहत सौंपी आवास की चाबी, स्वयं सहायता समूहों को प्रदान किए चेक

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हरिद्वार के लक्सर में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन में 68.82 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। जिसमें 65.34 करोड़ की 51 योजनाओं का शिलान्यास एवं 3.48 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को आवंटित आवासों की चाबी सौंपी तथा गैस कनेक्शन के साथ स्वयं सहायता समूहों को दी जाने वाली धनराशि के चेक प्रदान किये।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार समाज के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति तक हर योजना का लाभ पहुंचने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। विभिन्न योजनाओं का लाभ आम आदमी को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जन कल्याण से सम्बन्धित विभिन्न योजनाएं, प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखकर बनाई जा रही हैं तथा लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं, इसकी भी समीक्षा समय-समय पर की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में पिछले 10 वर्षों में करीब 4 करोड़ से अधिक पक्के घर गरीब परिवारों को मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सबसे आधारभूत कार्य करने का बीड़ा भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही उठाया। जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में करीब 12 करोड़ इज्जतघर बनाए गए। इसी के साथ-साथ इन 10 वर्षों में नौ करोड़ से अधिक उज्ज्वला गैस कनेक्शन गरीबों को दिए गए। सरकार ने विभिन्न रोजगार मेलों का आयोजन कर दस लाख लोगों को रोजगार देने का कार्य भी प्रारंभ किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज देश में प्रत्येक दिन 38 किलोमीटर सड़क का निर्माण हो रहा है। 2014 के बाद से देश में हर साल एक नए आईआईटी का निर्माण हुआ है। हर साल देश में एक नया आईआईएम बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने का कार्य किया तथा राज्य में देश के सबसे कठोर नकल विरोधी कानून बनने के बाद पारदर्शिता के साथ ही अब समयबद्ध तरीके से परीक्षाएं संपन्न हो रही है। यही नहीं राज्यहित में समान नागरिक सहित धर्मांतरण को रोकने, लैंण्ड जेहाद को रोकने जैसे सख्त कानून बनाने का हमने निर्णय लिया है।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधायक मदन कौशिक, विधायक आदेश चौहान, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, लक्सर के निवर्तमान पालिका अध्यक्ष अमरीश गर्ग, शिवालिक नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष राजीव शर्मा, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, पूर्व विधायक सुरेश राठौड़, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी सौंपते सीएम धामी, साथ में सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक व अन्य।

## लोगों से संपर्क कर सरकारी योजनाओं की जानकारी दें कार्यकर्ता

**देहरादून, अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को कैंप कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने मसूरी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने अभियान के अंतर्गत लाभार्थियों से संपर्क तथा उनसे संवाद कर केंद्र सरकार द्वारा संचालित पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सौभाग्य योजना, स्किल ट्रेनिंग, आयुष्मान योजना तथा राज्य सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूह, कृषि विभाग इत्यादि से विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने तथा पार्टी कार्यकर्ताओं को पूर्ण मनोयोग के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील भी की। इस अवसर पर महानगर महामंत्री सुरेन्द्र राणा, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, राकेश रावत, अंकित जोशी, आशीष थापा, नरेन्द्र मेलवान, देवेंद्र रावत, प्रभा शाह, नंदिनी शर्मा, अजय काला, विजेंद्र, ज्योति रावत उपस्थित रहे।

## अयोध्या, वाराणसी, अमृतसर के लिए हवाई सेवा कल से

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार:** देहरादून से देश के तीन प्रमुख शहरों अयोध्या, अमृतसर और वाराणसी के लिए सीधी हवाई सेवा को केंद्र की मंजूरी मिल गई है। तीनों सेवाओं का 6 मार्च को शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री धामी ने तीनों सेवाओं की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार प्रकट किया है।

उद्घाटन दिवस पर देहरादून से अयोध्या के लिए विमान सुबह 9.40 बजे उड़ान भरेगा और पूर्वाह्न 11.30 बजे अयोध्या पहुंचेगा। उसी दिन अयोध्या से दोपहर 12.15 बजे उड़ान भरकर दोपहर 1.55 बजे देहरादून पहुंचेगा। देहरादून-अमृतसर हवाई सेवा का विमान दोपहर 12 बजे अमृतसर से उड़ान भरेगा और दोपहर 1.10 बजे देहरादून पहुंचेगा। इसी प्रकार देहरादून से दोपहर 1.35 बजे अमृतसर के लिए उड़ान भरेगा और दोपहर 2.45 बजे अमृतसर पहुंचेगा। वाराणसी के लिए वाया पंतनगर हवाई सेवा भी 6 मार्च से शुरू हो रही है। यह यात्री विमान प्रातः 9.50 बजे देहरादून से पंतनगर के लिए उड़ान भरेगा और 10.35 बजे पंतनगर पहुंचेगा। इसी प्रकार पंतनगर से 11.15 बजे वाराणसी के लिए उड़ान भरेगा और दोपहर 1 बजे वाराणसी में उतरेगा। वाराणसी से विमान दोपहर 1.40 बजे पंतनगर के लिए उड़ान भरेगा और अपराह्न 3.25 बजे पंतनगर पहुंचेगा। पंतनगर से विमान अपराह्न 3.50 बजे उड़ान भरेगा और शाम 4.35 बजे देहरादून पहुंचेगा।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा था कि देहरादून से अभी अयोध्या के लिए सीधी उड़ान सेवा उपलब्ध नहीं थी। श्रीरामलला के दर्शन के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। अयोध्या से देवभूमि के लिए हवाई सेवा शुरू होने से श्रद्धालुओं को उत्तराखंड की यात्रा में भी सुविधा होगी। इसी प्रकार देवभूमि की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्री भी इस सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

# उपनल के किसी भी कर्मचारी को बेवजह नहीं हटाया जायेगा: जोशी

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार:** देहरादून में सोमवार को हई मंत्रिमंडल की बैठक में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी के अनुरोध पर मंत्रिमंडल ने स्वतः संज्ञान लेते हुए विभिन्न विभागों में उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि. (उपनल) से आउटसोर्स के माध्यम से प्रायोजित कार्मिकों के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया।

बैठक में तय किया गया कि विभिन्न विभागों में उपनल के जरिये आउटसोर्सिंग व्यवस्था से नियोजित जिन कार्मिकों को विभागों द्वारा अकारण हटा दिया जाता है, तो उन्हें पद उपलब्ध होने पर पद की सभी अहर्ताएं पूर्ण करने पर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर उपनल द्वारा नियोजित करने के लिए सम्बन्धित विभाग एवं सम्बन्धित नियुक्त अधिकारी/ कार्यालय अध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। यह निर्देश कदाचार, अनुशासनहीनता, अयोग्यता, अकार्यकुशलता आदि से सम्बन्धित प्रकरणों पर लागू नहीं होंगे। रविवार को देर शाम अल्मोडा, रुड़की एवं अन्य जेलों में उपनल के माध्यम से तैनात बंदी रक्षकों ने उन्हें अकारण हटाने पर सैनिक कल्याण मंत्री से पुनः नियुक्ति का अनुरोध किया था। जिस पर सैनिक कल्याण मंत्री ने इस प्रकरण को मंत्रिमंडल के सम्मुख रखा। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि उपनल के किसी भी कार्मिक को अकारण हटाया नहीं जायेगा।

देहरादून में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी को समस्याएं बताते उपनल कर्मी।

## पत्रकार थपलियाल की माता के निधन पर जताया शोक

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरांचल प्रेस क्लब के संयुक्त मंत्री वरिष्ठ पत्रकार राजीव थपलियाल की माता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने प्रभु से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोक संतप्त परिजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने भी वरिष्ठ पत्रकार राजीव थपलियाल की माता जी के निधन पर शोक जताया है।

## चौकी प्रभारी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**बनबसा :** लोकसभा चुनाव को लेकर शारदा बैराज चौकी प्रभारी ललित पांडे ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक विद्यालय कैनाल व शारदा इंटर कॉलेज बनबसा का निरीक्षण किया। साथ ही केंद्रों के प्रधानाध्यापक तथा बीएलओ से वार्तालाप कर आपसी समन्वय स्थापित किया और पोलिंग पार्टी के व्यवस्थापन के संबंध में जानकारी ली।

# नेपाल से तस्करी कर लाई जा रही मूर्तियां पकड़ीं

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार :** पुलिस और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर चेकिंग के दौरान नेपाल से तस्करी कर लाई जा रही हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों के साथ एक चालक को गिरफ्तार किया है। इन मूर्तियों की अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मूर्तियों को सीज कर कैंटर और तस्कर को बनबसा कस्टम को सौंप दिया है। मूर्तियां बनबसा के एक ट्रांसपोर्टर की बताई जा रही हैं।

सोमवार को शारदा बैराज चौकी क्षेत्र में थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण, चौकी प्रभारी ललित पांडेय और एएचटीयू प्रभारी सुरेन्द्र सिंह खड़ायत के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस बीच नेपाल से भारत आ रहे कैंटर संख्या यूपी 14 केटी-0757 को चेकिंग के लिए रोका गया। तलाशी लेने पर कैंटर के पिछले हिस्से में एक गत्ते की पेटी और काले रंग के बड़े बैग से पीतल और तांबे धातु की करीब 150 मूर्तियां बरामद हुई।

टीम ने कैंटर चालक नवरत्न (52) पुत्र बज्जू सिंह निवासी मीरपुर हिंद, थाना लोनी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में चालक बरामद सामान के बारे में कोई वैध कागज दिखा पाया। उसने बताया कि वह सोमवार सुबह लगभग 8.30 बजे भारत से नेपाल कपड़े का सामान लेकर गया था। वापसी में जब वह गड्डा चौकी (नेपाल) भंसार के पास पहुंचा तो वह उसे बनबसा निवासी शमसुल (जो बनबसा में ट्रांसपोर्ट का काम करता है) मिला। शमसुल ने उसे सामान बॉर्डर पार करने के लिए दिया था। बरामद माल में 1 शाक्य देव मूर्ति, 13 हिंदू देवी की मूर्तियां, 2 भगवान गौतम बुद्ध मूर्तियां, 5 बौद्ध स्तूप (बड़ी मूर्तियां), 5 बौद्ध स्तूप (मीडियम साइज), 12 बौद्ध स्तूप (छोटा साइज), 20 गुरु प्रतिमा गौतम बुद्ध, 100 गौतम बुद्ध मूर्तियां बरामद हुई। टीम में हेड कांस्टेबल रघुनाथ गोस्वामी, जगबीर सिंह, पूरन सिंह, परमजीत सिंह, विनोद कुमार, देवेंद्र गोस्वामी भी शामिल रहे।

पकड़ी गई मूर्तियों के साथ आरोपी चालक व एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम।

**सफलता**

- कैंटर से पीतल और तांबे की 150 मूर्तियां बरामद, 10 लाख रुपये बताई जा रही अंतर्राष्ट्रीय कीमत
- एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने चेकिंग के दौरान पकड़ा, वाहन चालक गिरफ्तार

## उत्तर प्रदेश

# मैदान-ए-जंग में चौकीदार के बाद मोदी का परिवार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निःवंश करार देने के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के निजी हमले के जवाब में भाजपा नेताओं, केंद्रीय मंत्रियों, राज्यों के मुख्यमंत्रियों-मंत्रियों समेत संगठन में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मोदी का परिवार बनने की होड़ सी मच गई है।

पांच साल पहले भी मोदी ने राफेल के संदर्भ में राहुल गांधी की ओर से चौकीदार चोर है के हमले से ऐसा ही एक हथियार मैं भी चौकीदार से विपक्ष की सारी कोशिशें ध्वस्त करते हुए बड़ी जीत के साथ दूसरी बार सत्ता हासिल की थी। अब वोटरों में संवेदनात्मक लगाव जगाने के लिए मोदी का परिवार बनने का अभियान चलाकर बड़े अंतर से हैट्रिक की तैयारी है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा ने सोमवार को मोदी का परिवार अभियान शुरू कर दिया है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान पर राष्ट्रीय जनता दल की चुनावी रैली में रविवार को पटना में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कहा था कि नरेंद्र मोदी के पास परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह तो एक सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा के अनुसार, बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवाया जाना चाहिए, लेकिन उन्होंने अपनी मां के निधन पर ऐसा नहीं किया।

## बीएड और एमएड की परीक्षा 5 अप्रैल से

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएड और एमएड की वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा 5 अप्रैल से द्वितीय पाली में सुबह 11 से 2 बजे के बीच होगी।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षा 5 से 27 अप्रैल तक, बीएलएड प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष की परीक्षा 8 से 22 अप्रैल, एमएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की 5 से 22 अप्रैल, बीपीएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की 8 से 26 अप्रैल तक होंगी। स्नातक की 19 मार्च से 24 मई तक तीन पालियों में, परास्नातक की 10 से 27 अप्रैल तक सुबह की पाली में और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा 1 से 18 अप्रैल तक तीनों पालियों में परीक्षा होगी।

# पानी से भरी बाल्टी में डूबने से बच्ची की मौत

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कलान कस्बे में डेढ़ वर्षीया बच्ची की सोमवार को बाथरूम में पानी से भरी बाल्टी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कलान कस्बे के वार्ड नंबर 10 सूर्य नगर साप्ताहिक बाजार को जाने वाली गली निवासी अचल गुप्ता के बड़े भाई शालू गुप्ता ने सोमवार सुबह करीब 11 बजे बाथरूम में स्नान किया और बाहर निकल आए लेकिन वह बाथरूम का दरवाजा बंद करना भूल गए। इसी बीच अचल गुप्ता की डेढ़ वर्षीय पुत्री शिवांशी उर्फ सिद्धि गुप्ता खेलते-खेलते बाथरूम में पहुंच गई। वहां पानी से भरी बाल्टी रखी थी। बाथरूम में पहुंचकर वह पानी से खेलने लगी। इसी दौरान वह औंधे मुंह बाल्टी में गिर गई। लगभग पौने घंटे बाद जब परिवार के लोगों को शिवांशी नजर नहीं आई, तब उसकी तलाश शुरू हुई। घर के बाहर से लेकर इधर-उधर देखने के बाद जब बाथरूम में जाकर देखा तो शिवांशी बाल्टी में औंधे मुंह पड़ी थी। उसे बाल्टी से निकाल कर देखा तो उसकी सांसें थम चुकी थीं। फिर भी परिजन उसे लेकर पीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतका शिवांशी।

## किशोरी से गैंगरेप एक आरोपी गिरफ्तार

**सिंगाही (लखीमपुर खीरी) अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि उनकी 13 वर्षीय पुत्री रविवार शाम करीब सात बजे घर सरकारी नल पर पानी भरने गई थी। जहां गांव के ही 15 और 17 साल के किशोरों ने उसकी पुत्री को दबोच लिया। गन्ने के खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। काफी देर तक जब वह घर नहीं पहुंची तो परिवार के लोग नल पर पहुंचे तो उसकी बाल्टी रखी मिली। सोमवार तड़के 3 बजे उसकी पुत्री बेसुध हालत में घर से कुछ दूर पड़ी मिली। होश आने पर किशोरी ने पूरी घटना बताई। पीड़िता को लेकर घर वाले थाना सिंगाही पहुंचे और तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**सार-संक्षेप**

### खो नदी पर बना अस्थायी पुल बहा, कांवड़िये परेशान

**शेरकोट (बिजनौर) :** शेरकोट क्षेत्र के नंदगांव के पास खो नदी पर कांवड़ियों के लिए बना अस्थायी पुल जलस्तर बढ़ने पर बह गया। इसके पुनर्निर्माण के लिए ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीण दोबारा से प्रयास में जुटे हैं। जलस्तर बढ़ने की वजह से कार्य में बाधा आ रही है। फिलहाल पुलिस ने इस रूट को बंद कर दिया है। पुल बह जाने से कुछ कांवड़ियों को ग्रामीणों ने जुगाड़ से नदी पार कराई। रामपुर, स्वार, बरेली, पीलीभीत, शाहजंहापुर सीतापुर तथा उत्तराखंड के जसपुर, काशीपुर, पिथौरागढ़, खटीमा, हल्द्वानी, रुद्रपुर, रामनगर आदि के शिव भक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर गंतव्य को जाने के लिए नगीना से होकर वाया शेरकोट जाने के लिए खो नदी लकड़ी का अस्थायी पुल बनाया जाता है।

अस्थायी पुल इस तरह हुआ क्षतिग्रस्त।

### तारकशी में उलझकर बाइक सवार की गर्दन कटी, मौत

**संभल/जुनावई :** जुनावई थाना क्षेत्र में रास्ते पर पड़े बिजली के खम्भे से टकराकर बाइक फिसली तो युवक की खेत की तारकशी में गर्दन उलझने से मौत हो गई। थाना धनारी क्षेत्र के गांव रामनगर उर्फ कनुआ नगला निवासी विशांत (20 वर्ष) पुत्र राकेश सोमवार को सुबह 8 बजे बाइक पर सवार होकर थाना जुनावई क्षेत्र के गांव लोहामई में रिश्तेदारी में जाने की बात कहकर घर से निकला था। थाना धनारी के गांव दिनौरा और थाना जुनावई के लोहामई गांव के बीच में रास्ते में पड़े बिजली के खम्भे से टकराकर बाइक फिसल गई और बाइक सवार विशांत खेत की तारकशी में उलझकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने देखा तो हादसे की सूचना पुलिस को दी।

### छह साल की बच्ची को उठा ले गया भेड़िया, शव बरामद

**लखीमपुर :** थाना शारदानगर क्षेत्र के गांव नवघन में रविवार की रात एक घर में घुसा भेड़िया माता-पिता के बीच में सो रही छह साल की बालिका को उठा ले गया। परिवार के लोग जब तक शोर मचाते और बच्ची को बचाने की कोशिश करते इससे पहले ही वह बच्ची को लेकर आंखों से ओझल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ परिवार वालों ने खोजबीन की तो गांव से करीब तीन सौ मीटर दूर गन्ने के खेत में बालिका का अधखाया शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव नवघन जिगनियां निवासी सुखराम ने बताया कि रविवार की रात वह अपनी पत्नी लक्ष्मी और छह साल की बेटी मोहनी के साथ घर के बाहर छप्पर के नीचे सो रहे थे।

### आठ दिन शेष, कैसे होंगे 17 हजार विवाह

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लक्ष्य पूरा होना मुश्किल लग रह है। लोकसभा चुनाव को लेकर 12 मार्च को अधिसूचना लग सकती है और आठ दिन के भीतर 17 हजार जोड़ों का विवाह कराना समाज कल्याण विभाग के लिए चुनौती है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रति जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें 35 हजार रुपये की धनराशि कन्या के खाते में जाती है। पिछले वर्ष अक्टूबर माह में शिविर लगाकर योजना का लाभ देने के लिए पंजीकरण कराया गया। नवंबर माह के अंतिम सप्ताह से विवाह शुरू हुए। अभी तक प्रदेश के 75 जिलों में 95 हजार जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। लगभग 55 हजार जोड़ों के विवाह का भुगतान भी कर दिया गया है। जबकि 40 हजार जोड़ों के विवाह पर खर्च हुई राशि के भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। 12 मार्च की शाम या 13 मार्च को लोकसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना लग सकती है।

## युवती का नहाते हुए बनाया वीडियो

**बरेली, अमृत विचार :** भमोरा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बीडीसी सदस्य के बेटे पर उनकी बेटी का नहाते हुए वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपी और उसके परिजनों ने मारपीट की। पीड़िता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। एसएसपी ने मामले की जांच कराकर रिपोर्ट दर्ज कराने का आश्वासन दिया है।

महिला के मुताबिक उनके पड़ोस में बीडीसी सदस्य का घर है। चार दिन पहले बीडीसी सदस्य के बेटे ने उनकी बेटी का नहाते हुए वीडियो बना लिया। उन्होंने थाना भमोरा में शिकायती पत्र दिया, लेकिन राजनीति दबाव के चलते रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

# नहर में गिरी वैन, भाई और दो बहनों सहित 4 की मौत

**बुलंदशहर, एजेंसी:** जिले के जहांगीरपुर थाना इलाके में एक वैन के नहर में गिर जाने से दो बहनों और एक भाई सहित 4 लोगों की मौत हो गई। दो लोग अभी लापता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि रविवार देर रात बरसात काफी तेज हो रही थी और तभी यह सूचना मिली कि थाना जहांगीरपुर क्षेत्र में कपना नहर में एक वैन गिर गई है।

एसएसपी ने बताया कि नहर के बगल में एक मंदिर का प्रांगण है, जिसमें बाढ़ पीएसी के कर्मी रुके हुए थे। आवाज सुनते ही उन्होंने तत्काल पांच लोगों को वहां से निकाला जिसमें से दो पूरी तरह सुरक्षित हैं और 4 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान ककोड़ थाना इलाके के शेरपुर गांव निवासी कांता (22), मनीष (21) और अंजलि (18) के रूप में हुई है। बादमें एक और व्यक्ति का शव मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि कार सवार सभी लोग ककोड़ थाना इलाके के शेरपुर गांव से एक शादी में शामिल होने के लिए अलीगढ़ के पिसावा जा रहे थे। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रशांत कुमार भारती ने बताया कि सभी पीड़ित एक ही परिवार के हैं।

## बिना आधार नहीं बन सकेंगे प्रमाण पत्र

**बरेली, अमृत विचार :** अब बिना आधार नंबर के आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र नहीं बन सकेंगे। शासनादेश के बाद जिले में भी व्यवस्था लागू कर दी गई है। आवेदन करने पर आधार नंबर से लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा और इसे बताने के बाद प्रमाण पत्र जारी होंगे।

अभी तक बिना आधार नंबर के ही आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र जारी कर दिए जाते थे। ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के जानकारों के अनुसार अब जारी होने वाले सभी प्रमाण पत्र आधार नंबर से लिंक होंगे। अधिकतर लोगों के आधार बने हुए हैं, वहीं जिनके नहीं बने हैं, उन्हें पहले आधार बनवाना होगा, इसके बाद आवेदन करके प्रमाण पत्र हासिल कर सकेंगे।

# बिना फीस दिए परीक्षा फार्म जमा करने का खेल पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में प्राचार्य की आईडी और पासवर्ड के जरिए स्नातक और परास्नातक की प्राइवेट परीक्षा के सैकड़ों फार्म बगैर फीस जमा कर दिए जाने की आशंका है। सोमवार को यह खेल तब पकड़ा गया जब कथित रूप से विद्यार्थी परिषद के एक कार्यकर्ता को फीस अदायगी की फर्जी रसीद के साथ कई फार्म जमा करने की कोशिश करने के दौरान धर लिया गया।

आरोपी को बारादरी पुलिस के सुपुर्द कर तहरीर भी दी गई है। पूछताछ के दौरान उसने इस खेल में एक कैफे संचालक के साथ कई छात्र नेताओं के शामिल होने की बात उगली है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि सोमवार दोपहर बीएससी का छात्र नितिन निवासी शिवाजी नगर हरुनगला चार छात्रों के प्राइवेट परीक्षा फार्म जमा करने कॉलेज पहुंचा था। काउंटर पर बैठे कर्मचारी मनोज सिंह को उसने फीस जमा करने की जो रसीद दी, उसका बार कोड कई बार कोशिश करने के बावजूद स्कैन नहीं हुआ तो कर्मचारी को शक हुआ। ध्यान से देखने पर उसने पाया कि रसीद का रंग अलग है। वैध रसीद पर बरेली कॉलेज का लोगो ब्लैक एंड व्हाइट होता है लेकिन नितिन जो रसीद लाया था, उस पर कलर्ड लोगो प्रिंट था।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,872.29 | 22,405.60 |
| बढ़त | 66.14 | 27.20 |
| प्रतिशत में | 0.09 | 0.12 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, मंगलवार, 5 मार्च 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 डीएमओ 880 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1130 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1835, राज श्री 1350, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1570, जय जवान 1420, सचिन 1485, सूरज 1445, अवसर 1575, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1475, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1565, चक्र टिन 1650, ब्लू 1585, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12400, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4040, पीलीभीत 4020, नवाबगंज (नई) 4010, बहेड़ी (नई) 4020 रुपये।

# मूडीज ने जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

## रेटिंग एजेंसी ने 2024 के लिए भारत में वृद्धि दर 6.1 से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दी

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने 2024 के कैलेंडर साल के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले रेटिंग एजेंसी ने 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था।

वर्ष 2023 में भारत के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से कहीं बेहतर रहे हैं, जिसकी वजह से मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया है। कैलेंडर साल 2023 की चौथी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत रही है। ऐसे में पूरे 2023 के साल में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7

प्रतिशत की दर से बढ़ी है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को कहा कि सरकार के पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों ने 2023 में वृद्धि के मोर्चे पर सार्थक नतीजे दिए हैं। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियां अब कम रह गई हैं, जिसकी वजह से भारत आसानी से छह से सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है। मूडीज ने अपने वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य-2024 में कहा, ''भारत की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़ों के कारण हमने 2024 के लिए अपना वृद्धि दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।''

मूडीज ने कहा कि 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उच्च-आवृत्ति के संकेतकों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की सितंबर और दिसंबर तिमाही की मजबूत रफ्तार 2024 की मार्च तिमाही में जारी है।

### चुनाव के बाद निरंतरता की कर रहे उम्मीद: मूडीज

मूडीज ने कहा-हम आम चुनाव के बाद नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता की उम्मीद कर रहे हैं। इसके अलावा हमारा मानना है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हालांकि निजी औद्योगिक पूंजीगत व्यय की वृद्धि धीमी रही है, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण के लाभ और सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं पर निवेशकों की प्रतिक्रिया से इसमें तेजी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024 भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे कई जी20 देशों के लिए चुनावी साल है। मूडीज ने कहा कि चुनाव का असर सीमा से आगे दिखाई देता है। मूडीज ने कहा कि इन चुनावों में जो नेता चुने जाएंगे, अगले चार से पांच साल के दौरान घरेलू और विदेशी नीतियों पर उनका प्रभाव देखने को मिलेगा।

## शेयर बाजार में तेजी नए रिकॉर्ड स्तर पर सेंसेक्स, निफ्टी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक-बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। मूडीज के 2024 के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान बढ़ाये जाने के बीच ऊर्जा और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी बनी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 66.14 अंक यानी 0.09 प्रतिशत चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 73,872.29 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह एक समय 183.98 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 27.20 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ रिकॉर्ड स्तर 22,405.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह अपने अबतक के उच्चतम स्तर 22,440.90 अंक तक चला गया था।

# दिल्ली में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 1,000 रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

- आप सरकार का 76,000 करोड़ रुपये का बजट पेश
- वित्त मंत्री आतिशी ने योजना की घोषणा की

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76,000 करोड़ रुपये के परिव्यय का बजट पेश किया। अपना पहला बजट पेश करते हुए आतिशी ने 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' की घोषणा की, जिसके तहत 18 वर्ष और इससे अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये दिए जाएंगे।

आतिशी ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार राम राज्य के आदर्शों से प्रेरित है। आम चुनाव से पहले राज्य विधानसभा में पेश किए गए बजट में उन्होंने 'बिजनेस ब्लास्टर्स' योजना का विस्तार विश्वविद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों

(आईटीआई) तक करने की घोषणा की। अभी तक यह योजना स्कूलों में लागू की जा रही थी। पिछले साल सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 78,800 करोड़ रुपये आवंटित किए थे और जी20 की तैयारियों के तहत नौ योजनाओं की घोषणा की थी।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 65,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,600-48,800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,000 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,350 |
| चांदी पक्की | 721 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,600 |
| चांदी आभूषण | 72,800। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 105-107 मसूरी 88-98 बासमती 150-160, **दाल दलहन**-काला चना 100-110 साबुत चना दाल 98-105 मूंग साबुत 125 राजमा 156 दाल उड़द 148 साबुत मसूर दाल 114 मसूर दाल 115 उड़द साबुत 140 काबुली चना 185 अरहर दाल 161 लोबिया/करमानी 135 सोयाबीन 92-115 मूंगफली 135 मटर (सूखी) 60-70 मक्का 32-35 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपये मलका: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 रुपये चना कावली: 145 से 160 रुपये राजमा लाल: 155 रुपये राजमा चित्ता: 145 रुपये लोबिया लाल: 94 रुपये लोबिया सफेद: 98 रुपये।

# आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन पर आरबीआई की रोक

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड पर सोने के बदले कर्ज की मंजूरी या वितरण पर सोमवार को तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। सोना गिरवी रखकर कर्ज देने के मामले में कुछ चिंताएं सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया।

हालांकि, आरबीआई ने एक बयान में कहा कि आईआईएफएल फाइनेंस सामान्य संग्रह और वसूली प्रक्रियाओं के माध्यम से अपने मौजूदा स्वर्ण ऋण कारोबार को जारी रख सकता है। बयान के मुताबिक, आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस लि. को निर्देश दिया है कि वह तत्काल प्रभाव से स्वर्ण कर्ज को मंजूरी देने या वितरित करने या अपने किसी भी गोल्ड लोन को असाइन/प्रतिभूतिकरण या बिक्री करना करना बंद करे। आरबीआई ने कहा कि 31 मार्च, 2023 तक आईआईएफएल की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में कंपनी का निरीक्षण किया गया था। केंद्रीय बैंक ने कहा-कंपनी के स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो में निगरानी स्तर पर कुछ चिंताएं पाई गईं। इनमें कर्ज की मंजूरी के समय और चूक पर नीलामी के समय सोने की शुद्धता और शुद्ध वजन की जांच और सत्यापन के मामले में खामियां शामिल हैं।

# एआई पर परामर्श बड़े मंचों के लिए है स्टार्टअप के लिए नहीं: चंद्रशेखर

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्यमंत्री बोले-परामर्श का उद्देश्य एआई मंचों को है रोकना

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को कहा कि सरकार का कृत्रिम मेधा (एआई) पर परामर्श बड़ी कंपनियों और परीक्षण के दौर से गुजर रहे बड़े मंचों के लिए है। यह स्टार्टअप इकाइयों पर लागू नहीं होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संबंधित प्रश्नों पर गूगल के कृत्रिम मेधा मंच की प्रतिक्रिया पर विवाद के बाद, सरकार ने एक मार्च को सोशल मीडिया और अन्य मंचों

के लिए परामर्श जारी किया। इसमें परीक्षण स्तर पर एआई मॉडल को चिन्हित करने और गैरकानूनी सामग्री हटाने की बात शामिल है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मध्यस्थों और मंचों को जारी परामर्श में नियमों का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में आपराधिक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है, ''जो परामर्श जारी किए गए हैं, वे बड़े मंचों के लिए हैं। मंत्रालय से अनुमति की बात केवल बड़े मंचों के लिए है और यह बात स्टार्टअप पर लागू नहीं होगी। परामर्श का उद्देश्य बिना परीक्षण वाले एआई मंचों को भारतीय इंटरनेट पर उपयोग करने से रोकना है।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में गोली चल जाने से एक जवान की गई जान

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार को नियंत्रण सीमा रेखा (एलओसी) के पास भारतीय सेना के एक जवान की दुर्घटनावश उसकी सर्विस राइफल से गोली चल जाने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लांस नायक बलवीर सिंह घुसपैठ रोधी बाधा प्रणाली (एआईओएस) के पास तैनात थे। नौशेरा सेक्टर में उनकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल जाने से उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने कहा कि सेना के जवान की मौके पर ही मौत हो गई।

### अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में कमिश्नरेट पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुये एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से दो किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस आयुक्त (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने सोमवार को कहा कि गिरफ्तार ड्रग तस्कर की पहचान जसबीर सिंह उर्फ मल्ल निवासी गांव खैला कलां, लोपोके, अमृतसर ग्रामीण के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर उपायुक्त (विवेचना) हरप्रीत सिंह मंडेर ने पुलिस पार्टी के साथ एक विशेष अभियान चलाया था।

## राष्ट्रीय

# मोदी सरकार ने नौकरी के अवसर पर खत्म किए

## मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान राहुल गांधी ने लगाया आरोप

शिवपुरी/गुना (मप्र), एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं को पहले सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में नौकरियां मिल जाती थीं, लेकिन मोदी सरकार ने इस अवसर को भी खत्म कर दिया।

मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान सभाओं को संबोधित करते हुए गांधी ने मीडिया पर चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट और बॉलीवुड का राग अलापकर लोगों का ध्यान भटकाने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि मीडिया अंबानी परिवार में शादी को कवर करने में व्यस्त है, लेकिन उसके पास प्रमुख मुद्दों को कवर करने का समय

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मध्य प्रदेश के गुना जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक नवविवाहित जोड़े के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। ● एजेंसी

नहीं है। उन्होंने कहा, ''देश तीन प्रमुख चुनौतियों, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार का सामना कर रहा है, लेकिन वे मीडिया से गायब हो गए हैं। वे (मीडिया) आपको ये मुद्दे नहीं दिखाएंगे, लेकिन वे आपसे चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट या बॉलीवुड के बारे में दिखाकर आपका ध्यान भटकाएंगे।

उन्होंने आरोप लगाया-जैसे ही आपका ध्यान इधर-उधर जाएगा, आपकी जेब से पैसा निकल जाएगा और सीधे अडाणी जी की जेब में चला जाएगा। शिवपुरी में अपने भाषण के बीच में राहुल गांधी ने एक सुरक्षाकर्मी द्वारा ले जाई जा रही राइफल की ओर इशारा किया और उससे इसके निर्माण के बारे में पूछा।

### नौकरी के 'बंद द्वार' खोलेगा 'इंडिया'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा पर संविदा व्यवस्था को लगातार बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) युवाओं के लिए ''नौकरी के बंद द्वार'' खोलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन द्वारा सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए ठोस योजना तैयार की गई है।

## ईडी ने फेमा जांच में निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में मुंबई स्थित प्रमुख रियल्टी कंपनी हीरानंदानी समूह के प्रवर्तक निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। समझा जाता है कि 73 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी ने मामले में अपना बयान दर्ज कराते हुए संघीय जांच एजेंसी को कुछ दस्तावेज सौंपे हैं। निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत चल रही जांच के तहत ईडी ने उन्हें यहां अपने कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था। दर्शन हीरानंदानी पिछले कई सालों से दुबई में रह रहे हैं। एजेंसी ने पिछले महीने मुंबई और उसके आसपास समूह के लगभग चार परिसरों की तलाशी ली थी।

# हिमाचल में सरकार पर खतरा नहीं विक्रमादित्य ने पार्टी नेतृत्व से बात की

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस के सूत्रों ने किया यह दावा

हिमाचल प्रदेश सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से बात की है और अब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार को कोई खतरा नहीं है। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह दावा किया।

सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को मुख्यमंत्री सुक्खू और उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों पर भरोसा है, इसलिए फिलहाल राज्य सरकार के नेतृत्व में बदलाव संभव नहीं लगता। एक पार्टी सूत्र ने कहा-सरकार बहुमत में है और वह पूरे पांच साल तक हिमाचल प्रदेश के लोगों की सेवा करेगी और धन-बल की मदद से जनादेश को कुचलने का कोई भी प्रयास सफल नहीं होगा।'' सूत्रों ने कहा कि बागी विधायकों के खिलाफ दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग 'आया राम, गया राम' वाली राजनीति को पसंद नहीं करते। सूत्रों ने दावा किया कि दलबदल विरोधी कानून के तहत छह विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद अब सदन में सदस्यों की कुल संख्या 62 रह गई है और सरकार के पास बहुमत के जरूरी आंकड़े 32 से अधिक विधायकों का समर्थन है। उन्होंने दावा किया कि बागी विधायक माफी मांग रहे हैं और संदेश भेज रहे हैं। सूत्रों ने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह और कांग्रेस की राज्य इकाई की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से बात की है और अपने मुद्दों से अवगत कराया है।

# जयपुर में भवन निर्माण के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत

**जयपुर।** जयपुर के रामनगरिया थाना क्षेत्र में सोमवार को एक भवन के निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। थानाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि जगतपुरा क्षेत्र में एक भवन के निर्माण के दौरान अचानक मिट्टी ढह जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान झारखंड के रहने वाले राजजन्म सिंह(35), प्रेम सिंह (30) और बिहार निवासी इरशाद आलम (23) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि रामजन्म सिंह की मौके पर ही जबकि दो अन्य मजदूरों की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

# दो और अफसर गिरफ्तार, दो करोड़ से अधिक कैश बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट के भंडाफोड़ से संबंधित मामले में मध्य प्रदेश में कार्यरत एक उप महाप्रबंधक समेत एनएचएआई के दो और अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। अब गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है।

भोपाल में परियोजना निदेशक

**एनएचएआई रिश्वत रैकेट**

का प्रभार संभाल रहे उप महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार गुप्ता और विदिशा में परियोजना निदेशक के रूप में कार्यरत हेमंत कुमार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों और भोपाल स्थित बंसल कंस्ट्रक्शन वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े रिश्वतखोरी रैकेट के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए नागपुर में तैनात एनएचएआई के महाप्रबंधक और परियोजना निदेशक अरविंद काले और एमपी के हरदा में तैनात उप महाप्रबंधक ब्रिजेश कुमार साहू को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने कहा कि कुल बरामदगी बढ़कर दो करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

# इनेलो नेता नफे सिंह राठी की हत्या के दो आरोपी गोवा में गिरफ्तार

**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के नेता नफे सिंह राठी की हत्या के मामले में गोवा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। इनेलो की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष राठी और पार्टी कार्यकर्ता जयकिशन की 25 फरवरी को झज्जर के बहादुरगढ़ में अज्ञात हमलावरों ने उनके वाहन पर गोलीबारी कर हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने बताया कि आशीष और सौरभ को हरियाणा पुलिस के विशेष कार्य बल, जिला पुलिस और दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के संयुक्त अभियान में गोवा से गिरफ्तार किया गया।

# वरिष्ठ टीएमसी नेता तापस रॉय ने दिया इस्तीफा

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तापस रॉय ने पार्टी की कार्यप्रणाली पर निराशा व्यक्त करते हुए सोमवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। रॉय ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने विधायक पद से अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिया है। संवाददाताओं से बातचीत के दौरान रॉय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके आवास पर जनवरी में छापा मारे जाने के समय उनके साथ खड़े नहीं होने के लिए पार्टी नेतृत्व की आलोचना की। पश्चिम बंगाल विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस के उप मुख्य सचेतक और बड़ानगर सीट से विधायक रॉय ने सोमवार अपराह्न अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी को सौंप दिया। इससे पहले उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी गहरी निराशा व्यक्त की और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी पर ''बुरे वक्त'' में उनका साथ छोड़ने का आरोप लगाया। रॉय के इस्तीफे के बाद इस तरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि रॉय भाजपा में शामिल होंगे या किसी विपक्षी दल का दामन थामेंगे।

### गुजरात: कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने पार्टी छोड़ी

**अहमदाबाद।** लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी दल कांग्रेस की गुजरात इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और वह मंगलवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगे। उनके इस्तीफे की घोषणा से ठीक पहले, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख शक्तिसिंह गोहिल ने संवाददाताओं से कहा कि रविवार रात हुई एक बैठक के दौरान पार्टी की अनुशासनात्मक समिति ने डेर को पार्टी के सभी पदों और कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निलंबित कर दिया। गोहिल ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई। गोहिल के इस बयान से पहले, भाजपा की गुजरात इकाई के प्रमुख सी आर पाटिल के पूर्व विधायक डेर के घर जाने की फुटेज स्थानीय टेलीविजन चैनलों पर प्रसारित की गई। कांग्रेस की कार्रवाई की गोहिल द्वारा घोषणा किये जाने के कुछ ही मिनट के भीतर, डेर ने अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन बुलाया और कहा कि पता ही नहीं चला कि उन्हें कब पार्टी ने निलंबित कर दिया।

## कंटेनर से टकराई कार एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**वड़ोदरा।** गुजरात के वड़ोदरा शहर के पास राजमार्ग पर खड़े कंटेनर से एक कार टकरा गई, जिससे उसमें सवार दो दंपतियों और एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कपूराई पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना रविवार देर रात हुई जब एक ही परिवार के दो पुरुष, अपनी पत्नियों और दो बच्चों के साथ कार में वड़ोदरा जिले के कर्जन तालुका से वापस आ रहे थे। उन्होंने बताया कि कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गई। अधिकारी ने बताया कि दो दंपतियों और एक साल के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 साल का दूसरा बच्चा घायल हो गया।

# कोर्ट ने की महुआ मोइत्रा की अंतरिम याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया

दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की ओर से दायर एक अंतरिम याचिका सोमवार को खारिज कर दी जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और वकील जय अनंत देहाद्रई को उनके खिलाफ कोई भी "फर्जी और अपमानजनक" सामग्री पोस्ट करने या प्रसारित करने से रोकने का अनुरोध किया गया था। मोइत्रा को हाल ही में लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने आदेश सुनाते हुए कहा, ''मैंने रोक के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी है।'' उच्च न्यायालय ने 20 दिसंबर, 2023 को मोइत्रा, दुबे

और देहाद्रई के वकील की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था, वह पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से सांसद थीं। मोइत्रा ने पिछले साल अक्टूबर में दायर अपनी याचिका में दुबे, वकील देहाद्रई, सोशल मीडिया मंच 'एक्स', सर्च इंजन गूगल, यूट्यूब और 15 मीडिया संस्थानों को उनके खिलाफ अपमानजनक और दुर्भावनापूर्ण बयानों के प्रकाशन, प्रसारण से स्थायी रूप से रोके जाने का अनुरोध किया है। बाद में उन्होंने पक्षकारों की सूची से सभी मीडिया घरानों और सोशल मीडिया कंपनियों को हटा दिया था।

### ईडी पर हमला: जांच संबंधी याचिका पर आदेश सुरक्षित

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के परिसरों पर छापेमारी करने गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों पर हमले की जांच राज्य पुलिस से केंदीय अन्वेषण ब्यूरो को हस्तांतरित करने संबंधी ईडी की याचिका पर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी, राज्य सरकार और केंदीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने राज्य पुलिस पर पक्षपाती होने का आरोप लगाया और कहा कि यद्यपि शेख के खिलाफ 40 से अधिक मुकदमे वर्षों से लंबित हैं, लेकिन पुलिस ने संदेशखाली में टीएमसी नेता के यहां छापेमारी के दौरान लगभग 1,000 लोगों की उग्र भीड़ द्वारा ईडी अधिकारियों पर किए गए हमले के बाद उसे (शेख को) गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि शेख की गिरफ्तारी के बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच बशीरहाट पुलिस से लेकर अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी थी।

## सफलता दोहराने उतरेंगे सात्विक-चिराग

**पेरिस, एजेंसी**

**फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट**

गत तीन स्पर्धाओं में उपविजेता रही सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में 2022 की सफलता को दोहराने उतरेंगे।

सात्विक और चिराग की नंबर 1 जोड़ी चीन मास्टर्स सुपर 750, जनवरी में मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में फाइनल नहीं जीत पाई थी। फ्रेंच ओपन में भारतीय जोड़ी खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारत के खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता से पोर्ट डे ला चैपल में एडिडास एरेना को समझने का मौका भी मिलेगा जहां पेरिस ओलंपिक के दौरान बैडमिंटन के मैच खेले जाएंगे। सात्विक और चिराग ने 2022 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। वह मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु के लिए भी यह टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है। उन्होंने 4 महीने बाहर रहने के बाद मलेशिया में खेली गई एशियाई चैंपियनशिप में वापसी की थी। 11वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेगी। आगे बढ़ने पर उनका सामना पूर्व विश्व चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से हो सकता है। पुरुष एकल में एचएस प्रणय ने इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। उनका पहला मुकाबला चीन के लू गुआंग ज़ू से होगा। वहीं लक्ष्य सेन को जापान के कांता सुनेयामा की चुनौती मिलेगी। किदांबी श्रीकांत को भी चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन से चुनौती मिल सकती है, जबकि प्रियांशु राजावत विक्टर एक्सेलसन का सामना करेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ियां एक दूसरे के सामने होंगी।

## अश्विन आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करते हैं: रूट

### अश्विन के पास गेंदबाजी में इतनी विविधता, हमेशा अनुमान ही लगाते रहते हैं बल्लेबाज

**बेंगलुरु, एजेंसी**

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आक्रामक मानसिकता, विविधता और विकेट लेने के प्रयासों से प्रभावित हैं उनका मानना है कि वह प्रतिद्वंद्वी को थकाने की सोच में विश्वास नहीं करते और हर समय खतरा बने रहते हैं। अश्विन ने हाल में 500 विकेट लेने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय बने। अश्विन धर्मशाला में 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पांचवें मैच में 100वां टेस्ट खेलेंगे। रूट ने कहा कि अश्विन हमेशा आपको आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करते रहते हैं। अश्विन के पास गेंदबाजी में इतनी विविधता है कि बल्लेबाज उनकी गेंदबाजी पर हमेशा अनुमान ही लगाते रहते हैं। वह पारंपरिक ऑफ स्पिनर की तुलना में क्रीज का अलग तरह से इस्तेमाल करता है। वह ओवर स्पिन, साइड स्पिन के साथ स्टंप पर कसी गेंदबाजी करता है, वह वाइड और कैरम गेंदबाजी भी करता है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि इसलिए आपको उसके अलग-अलग खतरों से सतर्क रहना पड़ता है और सुनिश्चित करना पड़ता है कि आपके पास उसकी गेंदों से निपटने के लिए बहुत अच्छा बल्लेबाजी कौशल हो ताकि आप उस पर हावी हो सकें।

- **ओवर स्पिन, साइड स्पिन, स्टंप पर कसी गेंदबाजी के साथ वाइड और कैरम गेंदबाजी भी करते हैं रविचंद्रन**

रूट ने कहा कि तमिलनाडु का यह गेंदबाज अक्सर एक ओवर में 6 अलग-अलग तरह की गेंद डालता है। अश्विन सुनिश्चित करता है कि आपको पिछली गेंद नहीं खेलनी पड़े। वह आपको क्रीज पर आगे लाने की कोशिश में माहिर है। अश्विन नई और पुरानी गेंद से अलग-अलग तरह का खतरा पेश करता है। इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति भारत के खिलाफ इस श्रृंखला में कारगर नहीं हो सकी, जिसमें वह अभी मेजबानों से 1-3 से पिछड़ रही है। रूट ने कहा कि इंग्लैंड की टीम इससे हताश नहीं हुई। ऐसा मत सोचिए कि टीम हताश है। हमारा शीर्ष क्रम पिछले समय की तुलना में काफी निरंतर हो गया है। लेकिन दूसरी पारी में यह आक्रामक बल्लेबाजी थोड़ी पेचीदा हो सकती है। ऐसा भी समय होगा जब हमें थोड़ा समझदारी से खेलना होगा लेकिन यह टीम पछतावा नहीं करती। हमें हर मौके से सीख लेने की जरूरत है।

## खेल डायरी

### अदालत ने डब्ल्यूएफआई के चुनाव के खिलाफ पहलवानों की याचिका पर केंद्र और महासंघ से जवाब मांगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की याचिका पर केंद्र और भारतीय कुश्ती महासंघ से जवाब मांगा है। पहलवानों ने दिसंबर 2023 में हुए महासंघ के चुनावों को अवैध घोषित करने की मांग की है। जस्टिस सचिन दत्ता ने केंद्र सरकार, डब्ल्यूएफआई और उसकी तदर्थ समिति को नोटिस जारी किए हैं। केंद्र सरकार के वकील अनिल सोनी को इस मामले में निर्देश लेने के लिए समय दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 7 मार्च को होगी। इन पहलवानों ने पिछले साल डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 7 महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप लगाकर प्रदर्शन किया था। पहलवानों के वकील राहुल मेहरा हैं जबकि डब्ल्यूएफआई की ओर से डी कृष्णन पैरवी कर रहे हैं।

### सेबेस्टियन ने एलेजांद्रो को हराकर जीता खिताब

**सैंटियागो, एजेंसी।** अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज ने चिली के एलेजांद्रो टेबिलो को हराकर चिली ओपन, एटीपी 250 स्पर्धा और अपने करियर का छठा और लगातार दूसरा खिताब जीता।

**चिली ओपन**

रविवार को चीली ओपन फाइनल मुकाबले में एलेजांद्रो टेबिलो ने तेज शुरुआत करते हुए पहला सेट अपने नाम किया। इसके बाद सेबेस्टियन बेज ने शानदार वापसी करते हुए लगातार दो सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया। सेबेस्टियन बेज ने इससे पहले रियो डी जनेरियो में एटीपी 500 जीत दर्ज की थी। बेज ने कहा कि मेरे मन में कई भावनाएं हैं। मैच की शुरुआत में मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। मुकाबला बेहद शानदार रहा और तीनों सेट एक दूसरे से काफी अलग थे। मैच उतार-चढ़ाव रहा।

### कॉनवे का आईपीएल से बाहर होना तय

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अंगूठे की चोट से आठ सप्ताह तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेल पाएंगे, जिससे उनका आईपीएल से बाहर होना तय है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले महीने टी-20 श्रृंखला के दौरान कॉनवे के दाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी, जिसका उन्हें ऑपरेशन करवाना होगा, जिससे वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को समाप्त हुए पहले टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि कॉनवे के अंगूठे के जोड़ में हल्का फ्रैक्चर है और वह इस सप्ताह ऑपरेशन करवाएंगे। उनके आठ सप्ताह में फिट होने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर किंग्स ने कॉनवे को 2022 की नीलामी में करोड़ों रुपए में खरीदा था। कॉनवे ने आईपीएल में 23 मैच में 924 रन बनाए हैं।

### भारत के खिलाफ टेस्ट मैचों की तैयारी के लिए पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रह सकते हैं कैमरन ग्रीन

**वेलिंगटन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि कैमरन ग्रीन भारत के खिलाफ दिसंबर में होने वाली घरेलू टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर रह सकते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के बजाय ग्रीन ऑस्ट्रेलिया की घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता शैफील्ड शील्ड में खेल सकते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले भी यही रणनीति थी और ग्रीन ने पहले टेस्ट मैच में 174 रन की नाबाद पारी खेलकर इसे सही साबित किया था। ग्रीन को वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था। मैकडोनाल्ड ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रखना बड़ा फैसला होता है वह भी तब जबकि वह आपकी सर्वश्रेष्ठ एकादश में शामिल होने की काबिलियत रखता हो। इसलिए मुझे खुशी है कि ग्रीन ने हमारा सुझाव माना और इसके बाद शानदार वापसी की।

## मुंबई फाइनल में, तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराया

### रणजी ट्राफी : शार्दुल की 109 रन की पारी और 4 विकेट लेने से मुंबई को मिली जीत

**मुंबई, एजेंसी**

शार्दुल ठाकुर के प्रदर्शन की बदौलत कई बार की चैंपियन मुंबई ने सोमवार को तमिलनाडु को सेमीफाइनल में तीन दिन के अंदर पारी और 70 रन से हराकर रणजी के फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरे दिन 109 रन की पारी खेलकर मुंबई को पहली पारी के आधार पर 232 रन की बढ़त दिलाने के बाद ठाकुर की अगुआई वाले मुंबई के गेंदबाजी ने तमिलनाडु को दूसरी पारी में महज 162 रन पर समेट दिया। मेहमान टीम के लिए केवल बाबा इंद्रजीत (70 रन) ही टिक सके और तमिलनाडु अपने पहले रणजी नॉकआउट मैच में कोई चुनौती पेश नहीं कर सकी। हालांकि इंद्रजीत और प्रदोष रंजन पॉल ने चौथे विकेट के लिए 73 रन बनाकर चुनौती पेश करने की कोशिश की लेकिन इससे काम नहीं चलने वाला था। मुंबई की जीत में गेंदबाजी आल राउंडर ठाकुर (109 रन, 48 रन देकर 2 विकेट और 16 रन देकर 2 विकेट) की भूमिका अहम रही, जिन्होंने दूसरे दिन पहला शतक जड़कर टीम को पहली पारी में 7 विकेट पर 106 रन से उबारकर 232 रन की बढ़त दिलाई थी। तीसरे दिन ठाकुर ने शुरू में ही तमिलनाडु के 2 विकेट झटक लिए, जिससे मुंबई ने मेहमान टीम के दूसरी पारी में 10 रन तक 3 विकेट ले लिए थे। बीसाई सुदर्शन को हालांकि श्रेयस अय्यर ने पहले ओवर में मिडविकेट पर कैच छोड़कर जीवनदान दिया, लेकिन ठाकुर ने शानदार इनस्विंगर पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट करा दिया।

ठाकुर ने नई गेंद से खतरनाक स्विंग हासिल की और एन जगदीशन को खाता भी नहीं खोलने दिया। मोहित अवस्थी ने भी तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे वाशिंगटन सुंदर को आउट कर सफलता का स्वाद चखा। शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद तमिलनाडु के लिए इंद्रजीत और प्रदोष रंजन ने जिम्मेदाराना साझेदारी की और मुंबई के गेंदबाजों को कोई और झटका नहीं देने दिया। इंद्रजीत ने 105 गेंद खेलकर 9 चौके की मदद से 70 रन बना लिए थे लेकिन अवस्थी की गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। मुंबई के स्पिनर तनुष कोटियान (18 रन देकर 2 विकेट) और शम्स मुलानी (53 रन देकर 4 विकेट) ने फिर साथी तेज गेंदबाजों के साथ मिलकर तमिलनाडु के बल्लेबाजों पर दबाव बनाया तथा बाकी बचे 6 विकेट झटककर मेजबान टीम को जीत दिलाई। इससे पहले मुंबई की टीम पहली पारी में 378 रन पर सिमट गई। सुंदर ने तुषार देशपांडे (26 रन) को आउट कर कोटियान (नाबाद 89 रन) के साथ उनकी 10वें विकेट की साझेदारी समाप्त की।

## सनराइजर्स के तीन साल में चौथे कप्तान बने कमिंस

**हैदराबाद, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद का नेतृत्व करेंगे। वह तीन साल में सनराइजर्स की कप्तानी संभालने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स ने पिछले साल दिसंबर में हुई आईपीएल नीलामी में इस तेज गेंदबाज को 20.50 करोड में खरीदा था। वह नीलामी में सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ियों में दूसरे नंबर पर हैं। कमिंस द. अफ्रीका के एडेन मार्कराम की जगह लेंगे जिन्होंने 2023 में टीम की अगुआई की थी। सनराइजर्स ने कमिंस की तस्वीर के साथ सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारे नए कप्तान पैट कमिंस। सनराइजर्स 2023 के सत्र में मार्कराम की कप्तानी में अंतिम स्थान पर थी। टीम तब 14 मैच में चार जीत सकी थी। मार्कराम की कप्तानी में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 का खिताब जीता था, लेकिन वह आईपीएल में कप्तानी बरकरार नहीं रख सके। हालांकि वह टीम का हिस्सा रहेंगे। सनराइजर्स में कप्तान बदलने की शुरुआत 2021 में तब हुई जब ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर को सत्र के बीच में कप्तानी से हटाया गया था। सनराइजर्स ने वार्नर की कप्तानी में 2016 में आईपीएल का खिताब जीता था। वार्नर की जगह न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को कप्तान बनाया गया लेकिन टीम आठवें स्थान पर रही और उन्हें 'रिलीज' कर दिया गया था।

### तेज गेंदबाजी के कोच बनाए गए फ्रैंकलिन

**हैदराबाद।** सनराइजर्स ने आईपीएल के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन को तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। फ्रैंकलिन ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन की जगह ली जिन्होंने फ्रेंचाइजी से व्यक्तिगत कारणों से ब्रेक देने का अनुरोध किया था। सनराइजर्स ने अपने सोशल मीडिया मंच पर घोषणा की कि डेल स्टेन सत्र में टीम के साथ नहीं जुड़ेंगे जिससे इस सत्र में तेज गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी जेम्स फ्रैंकलिन को दी गयी है। जेम्स आपका स्वागत है।

## भारतीय पुरुष-महिला टेबल टेनिस टीम ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय पुरुष और महिला टीम ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। बुसान में विश्व टीम चैंपियनशिप पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट थी और समापन के बाद टीम स्पर्धाओं में 7 स्थान बचे थे और टीमों को उनकी रैंकिंग से चुना गया। आईआईटीएफ ने कहा कि शीर्ष रैंकिंग की जो टीम क्वालीफाई नहीं कर सकीं, उन्होंने पेरिस 2024 के लिए अपना टिकट हासिल कर लिया। महिलाओं की स्पर्धा में भारत 13वीं रैंकिंग पर था, उसने पोलैंड (12), स्वीडन (15) और थाईलैंड के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। पुरुष टीम स्पर्धा में क्रोएशिया (12), भारत (15) और स्लोवेनिया (11) ने टिकट कटाया। भारत के अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल ने ट्वीट किया कि भारत ने ओलंपिक के लिए टीम स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया। ओलंपिक में पांचवीं बार खेलने के बावजूद यह बहुत विशेष है। महिला टीम को भी बधाई जिन्होंने भी ऐतिहासिक कोटा हासिल कर लिया।

## मैनचेस्टर सिटी ने युनाइटेड को हराया

**ईपीएल**

**मैनचेस्टर, एजेंसी।** फिल फोडेन के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में मैनचेस्टर युनाइटेड को 3-1 से हराया। मार्कस रशफोर्ड ने आठवें मिनट में गोल करके मैनचेस्टर युनाइटेड को बढ़त दिलाई। इस गोल से वह मध्यांतर तक 1-0 की बढ़त पर था। सिटी ने दूसरे हाफ में वापसी की। फोडेन ने 56वें मिनट में गोल दागा और फिर 80वें मिनट में टीम को बढ़त दिलाई। स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड ने इंजरी टाइम में सिटी की तरफ से तीसरा गोल किया। इस जीत से सिटी के 27 मैच में 62 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज लिवरपूल से 1 अंक पीछे है।

## बॉलीवुड हलचल

### ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर हुआ रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म में सारा अली खान की मुख्य भूमिका है। इसकी कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर इसका ट्रेलर रिलीज किया है। इस फिल्म में सारा उस जाबांज महिला की कहानी दिखाएंगी, जिन्होंने रेडियो से अंग्रेजों की हालत खराब कर दी थी। ट्रेलर में सारा को स्वतंत्रता की आखिरी लड़ाई लड़ने के लिए 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ अंडरग्राउंड स्टेशन शुरू करते और इसी के जरिए अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते देखा जा सकता है। इसमें सारा अली खान, उषा मेहता के रोल में नजर आएंगी।

### शुभी की फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री शुभी शर्मा की आने वाली फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जय मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म जय वट सावित्री मैय्या में शुभी शर्मा ने वट सावित्री मां का किरदार निभाया है।जेएएस मोशन पिक्चर्स के बैनर से निर्मित फिल्म जय वट सावित्री मैय्या के निर्माता अपूर्व मेड़तिया, अंशुमन सिंह और मोनिका सिंह हैं, जबकि निर्देशक संजय श्रीवास्तव और कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। फिल्म जय वट सावित्री मैय्या को लेकर शुभी शर्मा ने कहा कि फिल्म बेहद खूबसूरत है और इस फिल्म में मेरा किरदार शानदार है। इसके लिए मैं फिल्म के निर्माताओं का आभार व्यक्त करती हूं। वैसे फिल्म के ट्रेलर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म कितनी भव्य है और यह किस लेवल की बनी है। इस फिल्म मां वट सावित्री की महिमा का भी बखान है। मां अपने भक्तों की सारी मनोकामना है। इस फिल्म के जरिए उनकी महिमा को अलग ढ़ंग से प्रस्तुत किया गया है।

### 'पंख' में मुख्य भूमिका में माही, श्वेता, आयशा

**मुंबई, एजेंसी।** वर्ल्डवाइड चैनल एवं जीतेन्द्र गुलाटी की भोजपुरी फिल्म पंख का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी से रिलीज हो गया है। पंख के ट्रेलर में संजय पांडे, माही श्रीवास्तव, श्वेता म्हारा, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह (मटरू) मुख्य भूमिका में हैं। जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए विदेश जाना चाहते हैं। ट्रेलर की शुरुआत में वाराणसी के पंडित संजय पांडे को दिखाया गया है जो दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रहे हैं, जिसकी पत्नी उनको ताना मरते हुए नजर आती है। इसके बाद श्वेता म्हारा की एंट्री होती है, जो एक मीडिल क्लास घर की बेटी है और महत्वाकांक्षी है। वही रोहित सिंह (मटरू) विदेश जाकर खूब पैसा कमाना चाहते हैं। ट्रेलर में माही श्रीवास्तव और आयशा कश्यप दो बहनें हैं। जो दुबई जा रही है। ये सभी किरदार अपनी मजबूरी और महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए दुबई जाते हैं। विदेश में इनको क्या काम करना पड़ता है और किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसी की कहानी है पंख। निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा है कि हमारी फिल्म पंख ट्रेलर आज रिलीज किया गया है, जिसमें हर कलाकार को जगह दी गई है। फिल्म में आपको कॉमेडी, ड्रामा और इमोशन का तगड़ा डोस देखने को मिलेगा। संजय पांडे ने कहा कि ये फिल्म मेरे दिल के करीब है क्योंकि इसका किरदार शानदार है जो अपने लिए नही अपनी बेटी के लिए पैसा कमाना चाहता है और पत्नी के तानों का जवाब देना चाहता है। माही श्रीवास्तव ने कहा कि पंख जैसी फिल्म में योगदान का अवसर पाकर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। मुझे उम्मीद है कि ट्रेलर बहुत पसंद आने वाला है। निर्देशक पराग पाटिल ने कहा कि हमने फ़िल्म को देश से लेकर विदेश तक फिल्माया है। पंख में संजय पांडे, श्वेता महरा, माही श्रीवास्तव, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह मटरू, सुबोध सेठ, संजीव मिश्रा, यादविंदर यादव, श्वेता वर्मा, विजया सिंह, शिखा चौबे, अवनी गिरी, रानी जयसवाल, अखिलेश शुक्ला, अमरेश आनंद त्रिपथ, जुबैर शाह, योगेश पांडे, राजेश गिरी हैं।

### चांदनी की फिल्म हम नहीं सुधरेंगे हुई पूरी

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री चांदनी सिंह की आने वाली फिल्म हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो गयी है। भोजपुरी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे में भोजपुरी फ़िल्म जगत के कई सारे हास्य कलाकार इकट्ठे नज़र आने वाले हैं, जहां वे सब के सब अपने अपने तरीके से चांदनी सिंह को परेशान करते नजर आने वाले हैं। हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो चुकी है ,फ़िल्म का पोस्ट प्रोडक्शन भी अपने अंतिम चरण में है।इस फ़िल्म की शूटिंग उत्तरप्रदेश के गोरखपुर और आसपास के इलाकों में की गई है । फ़िल्म निर्माता आनन्द रूंगटा के रूंगटा फ़िल्म प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे का निर्देशन सुनील मांझी ने किया है।इस फ़िल्म के लेखक पिंकू दुबे हैं। फ़िल्म हम नही सुधरेंगे के गीत प्यारे लाल यादव, धरम हिंदुस्थानी एवं संदीप साजन ने लिखे हैं, जिसका संगीत निर्देशन मधुकर आनन्द एवं ओम झा ने किया है। फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे के नृत्य निर्देशक रिक्की गुप्ता हैं, छायांकन सरफराज खान ने किया है। इस फ़िल्म में चांदनी सिंह, संजय पांडे, लोटा तिवारी, मनोज टाईगर, केके गोस्वामी, माया, मधु, महेश आचार्य, प्रकाश जैश, संजय वर्मा, आनंद मोहन , सीपी भट्ट, कुअर सुधीर सिंह , क्रिश भैया ,वीआईवी विजेंद्र, सन्तोष श्रीवास्तव, गजेंद्र एवं प्रमोद चोखानी की अहम भूमिका है।

### अंकुश का होली स्पेशल 'आहि रे दिदिया' रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** अंकुश राजा का होली स्पेशल गाना आहि रे दिदिया रिलीज हो गया है। आहि रे दिदिया गाने को अंकुश राजा ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है।गाना आहि रे दिदिया अन्नपूर्णा फिल्म के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने को लेकर अंकुश राजा ने कहा कि होली बिना संगीत कैसे हो सकता है। इसलिए हम इस बार होली को और खास बनाने के लिए एक से बढ़कर एक गाने लेकर आ रहे हैं उसी क्रम में यह भी खाना है जो आपको बेहद पसंद आएगा। हम आप सबों से आग्रह करेंगे कि आप हमारे इस गाने को खूब प्यार और आशीर्वाद दें। इसके साथ होली के रंग को हमारे इस गाने के साथ और रंगीन बनाएं उम्मीद करता हूं कि हमारे गाने आपकी भोजपुरी होली को यादगार बनाने के लिए सक्षम है। गाना आहि रे दिदिया के गीतकार अखिलेश कश्यप, दीपक मतलबी और संगीत निर्देशक आर्य शर्मा हैं। संगीतकार शुभम तिवारी हैं। वीडियो निर्देशक आशीष सत्यार्थी हैं। निर्माता अखिलेश कश्यप हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर

### अमेरिकी सेना में एआई लड़ाकू विमान शामिल करने की मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिकी वायु सेना ने अगले पांच वर्षों में एक हजार मानव रहित छोटे लड़ाकू विमान को सेवा में शामिल करने की मांग की है। जिनमें से कई कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकियों की बदौलत स्वायत्त रूप से संचालित हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट ने कहा कि ऐसे मानवरहित लड़ाकू विमानों को एफ-35 लड़ाकू विमानों या बी-21 बमवर्षकों सहित मानवयुक्त विमानों का साथ देने और उनकी सुरक्षा करने के लिए डिजाइन किया जाएगा। अन्य विमानों और जमीनी ठिकानों पर हमला करने के लिए अपने हथियार ले जाने में भी सक्षम होंगे और उनका इस्तेमाल टोही विमान और संचार केंद्र के रूप में भी किया जाएगा।

### ईरानः चुनाव में कट्टरपंथियों का दबदबा, 11 महिलाएं भी शामिल

**दुबई।** ईरान में हुए आम चुनाव को लेकर सोमवार को नतीजे जारी किए गए। चुनाव में कट्टरपंथी राजनेताओं का दबदबा रहा। उन्होंने पकड़ बरकरार रखी है। हालांकि, अधिकारियों ने अब भी शुक्रवार को हुए मतदान के आंकड़े जारी नहीं किए हैं और न ही देरी का कोई कारण बताया। राजधानी तेहरान में मतदान केंद्रों पर कम मतदाता देखे जाने के बाद मतदान का प्रतिशत कम होने की आशंका जताई गई थी। चुने गए 245 नेताओं में से 200 को चुनाव से पहले प्रकाशित मतदाता गाइडों में कट्टरपंथी समूहों द्वारा समर्थन दिया गया था। लगभग 45 सांसदों को अपेक्षाकृत उदारवादी, रूढ़िवादी या स्वतंत्र बताया गया था।

### कैलिफोर्निया में बर्फीले तूफान से सड़कें बंद, बिजली गुल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में जारी भारी हिमपात और तेज बर्फीले तूफान के कारण कैलिफोर्निया में प्रमुख सड़कमार्ग पर यातयात बंद हैं। हजारों घरों में बिजली आपूर्ति ठप रही। सर्दियों के तूफान ने गुरुवार से उत्तरी कैलिफोर्निया और पर्वत श्रृंखलाओं को अपनी चपेट में ले लिया है, जिससे इस क्षेत्र में 3.6 मीटर तक भारी हिमपात हुआ और 3.5 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की तेज हवाएं चल रही हैं। रविवार को विभिन्न इलाकों में परिवहन नेटवर्क प्रभावित रहा तथा घरों में बिजली कटी रही। सबसे भीषण बर्फीले तूफान ने परिवहन नेटवर्क को गंभीर रूप से बाधित कर दिया है।

### पहाड़ी हिस्सों में तीसरे दिन भी मौसम की मार, यातायात ठप

**शिमला।** हिमाचल समेत पहाड़ी हिस्सों में तीसरे दिन भी मौसम की मार रही, बारिश-हिमपात से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। सात क्षेत्रों का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। सोमवार को चार नेशनल हाईवे सहित 601 सड़कें बंद रहीं जबकि 1436 बिजली ट्रांसफार्मर अभी भी ठप हैं 124 पेयजल परियोजनाएं प्रभावित हैं। भारी हिमपात के बाद मौसम साफ होते ही लाहौल-किन्नौर में 20 जगह हिमखंड गिरने की चेतावनी जारी हुई है। जम्मू संभाग में भी कई हिस्सों में भूस्खन हुआ, लेकिन किसी हताहत की कोई सूचना नही है। स्थानीय प्रशासन ने चेतावनी जारी पहाड़ी में न जाने की हिदायत दी है।

## बेंगलुरुः रामेश्वरम कैफे में विस्फोट की जांच एनआईए को सौंपी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी गई है। बता दें कि 1 मार्च को ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट में कम से कम 10 लोग घायल हो गए थे। घटना के मुख्य संदिग्ध का अभी तक पता नहीं चल है। इससे पहले, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने रविवार को कहा था कि जरूरत पड़ने पर सरकार रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने पर विचार कर सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) मामले की जांच कर रही है। बता दें, रामेश्वरम कैफे में यह धमाका शुक्रवार दोपहर 1 बजे हुआ। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध कैफे के अंदर बैग रखते हुए नजर आया है। पुलिस का मानना है कि विस्फोट को अंजाम देने के लिए टाइमर के साथ एक आईईडी डिवाइस का इस्तेमाल किया गया था। संदिग्ध हमलावर का सीसीटीवी फुटेज हासिल करने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। विस्फोट स्थल कैफे के आस-पास पुलिस गहन जांच में जुटी हुई है। अब आगे की जांच एजेंसी एनआईए करेगी।

## एक्स पर अब ऑडियो वीडियो कॉल की सुविधा

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) अब सभी यूजर्स को ऑडियो-वीडियो कॉल की सुविधा देने जा रहा है। एक्स ने पिछले साल यह सुविधा अपने प्रीमियम यूजर्स को दी थी। लेकिन आप कोई कॉल तभी कर सकेगा, जब आप उसे इजाजत देंगे। यह फीचर एक्स के डायरेक्ट मैसेज (डीएम) में है। आप कुछ खास लोगों या सभी को कॉल करने की अनुमति दे सकते हैं। इसके लिए सेटिंग्स और सपोर्ट पर जाएं। फिर सेटिंग्स और प्राइवेसी, इसके बाद प्राइवेसी और सेफ्टी फिर डायरेक्ट मैसेज (डीएम) पर जाएं। वहां आपको ऑडियो और वीडियो कॉल की अनुमति दें का विकल्प दिखेगा। यदि आप कॉल लेना चाहते हैं, तो वे सामान्य कॉल की तरह आएंगे। लॉक स्क्रीन पर कॉल करने वाले का नाम (या उनके द्वारा एक्स को दिया गया नाम) दिखाई देगा।

### कॉल पर होंगे ये फीचर्स

एक्स पर वीडियो-ऑडियो कॉल के दौरान यूजर्स स्पीकर, कैमरा फ्लिप, म्यूट और कट के ऑप्शन मिलते हैं। अगर आप कॉल को स्पीकर पर रखना चाहते हैं तो इसके लिए ऑडियो आइकन पर टैप करना होगा। कैमरा बटन पर टैप कर आप कॉलिंग के दौरान फ्रंट से बैक कैमरा स्विच कर सकते हैं। माइक्रोफोन पर टैप कर म्यूट कर सकते हैं। इसके साथ कॉल कट करने के लिए आपको कैंसिल बटन पर टैप करना होगा।

### फीचर कैसे करें एक्टिवेट

एक्स पर कॉलिंग फीचर को इनेबल करने के लिए डायरेक्ट मैसेजेज (डीएम) के आइकन पर क्लिक करना है। फिर इसके बाद डीएम ऑप्शन में ऑडियो और वीडियो कॉलिंग फीचर को इनेबल करना होगा। कॉलिंग फीचर इनेबल होते ही आप एक्स पर यह भी सलेक्ट कर पाएंगे कि कौन से एक्स यूजर्स - वेरिफाई यूजर्स, फॉलोअर्स या ऐड्रेस बुक में मौजूद यूजर्स आपको कॉल कर पाएंगे।

### इंस्टाग्राम बताएगा कहां हैं आपके दोस्त

इंस्टाग्राम फ्रेंड मैप फीचर लाने वाला है। इससे आप जान सकेंगे कि आपके दोस्त कहां हैं। आप यह चुन पाएंगे कि आपके कौन से दोस्त आपकी लोकेशन देख सकेंगे और जब आप अपनी लोकेशन छिपाना चाहते हैं, तो 'घोस्ट मोड' में जा सकेंगे। आपकी लोकेशन एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड होगी। इसमें मैप पर ही नोट्स छोड़ने को सुविधा भी होगी। हालांकि, यह भी जरूरी है कि यूजर्स अपनी प्राइवेसी सेटिंग्स को ध्यान से देखें और सिर्फ उन्हीं लोगों को कॉल करने या लोकेशन शेयर करने की अनुमति दें, जिन पर उन्हें भरोसा है।

## हैती में जेल तोड़कर भागे 3700 कैदी इमरजेंसी लागू

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस।** कैरेबियाई देश हैती में जेल तोड़कर कैदियों के भागने का मामला सामने आया है। रविवार को सशस्त्र गुटों ने पोर्ट-ऑ प्रिंस जेल पर हमला बोला था। इस हमले में कम से कम 12 लोग मारे गए और 3700 कैदी जेल से फरार हुए हैं। घटना को देखते हुए सरकार ने देश में इमरजेंसी लागू की है।

हैती सरकार ने इस घटना को देखते हुए 72 घंटों के लिए इमरजेंसी लगाने का एलान किया है। वर्ष 2020 के बाद से देश में सशस्त्र गुटों के बीच हुई हिंसक झड़पों में हजारों लोग मारे गए हैं। इन गुट के नेताओं का कहना है कि वे प्रधानमंत्री एरियल हेनरी का इस्तीफा चाहते हैं। सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार बीते दिनों दो जेलों पर हमला किया, खतरे को देखते हुए देश में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

# आर्थिक व सुरक्षा चुनौतियों के बीच शहबाज ने संभाली सत्ता की कमान

## 24वें प्रधानमंत्री के रूप में ली शपथ, समारोह में शामिल हुए सेना प्रमुख

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में शहबाज शरीफ ने 24वें प्रधानमंत्री तौर पर बागडोर संभाल ली है, लेकिन उनकी राह आसान नहीं है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के अलावा गठबंधन और पाकिस्तानी सेना के साथ तालमेल बिठाना बड़ी चुनौती है। यह उनका प्रधानमंत्री के तौर पर दूसरा कार्यकाल है। देश के सामने आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों के बीच 2022 के बाद वह दूसरी बार देश की बागडोर संभाली। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी दोपहर में राष्ट्रपति आवास पर आयोजित एक समारोह में शहबाज शरीफ को शपथ दिलाई।

यह शपथ ग्रहण समारोह पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच गठबंधन सरकार बनाने के लिए सत्ता-साझाकरण समझौते पर सहमति बनने के कुछ दिनों बाद हो रहा है। पिछले महीने आम चुनाव कराने के लिए संसद भंग होने से पहले शहबाज ने अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर, कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर, सभी चार प्रांतों के मुख्यमंत्रियों और राज्यपालों के शामिल हुए। रविवार को विपक्ष की नारेबाजी के बीच शहबाज ने नवनिर्वाचित संसद में बहुमत हासिल कर लिया। पीएमएल-एन और पीपीपी के सर्वसम्मत उम्मीदवार शहबाज को 336 सदस्यीय संसद में 201 वोट मिले।

### शहबाज सरकार के मंत्रियों को लेकर चर्चाएं शुरू

शहबाज सरकार के मंत्रियों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि विदेश और वित्त मंत्रालय को संभालने वाले मंत्रियों के नाम पर अंतिम फैसला पाकिस्तानी सेना ही करेगी। मीडिया के अनुसार, पाकिस्तान में शहबाज शरीफ सरकार की सबसे बड़ी चुनौती अर्थव्यवस्था है, क्योंकि पाकिस्तान में मुद्रास्फीति 30% की रिकॉर्ड दर से बढ़ रही है और आर्थिक विकास दर लगभग स्थिर है। राजकोषीय और चालू खाते के दोहरे घाटे का संकट मंडरा रहा है। सेंट्रल बैंक की रिपोर्ट के अनुसार जून 2024 में 1.99 लाख करोड़ रुपये के विदेशी ऋण के मुकाबले पाकिस्तान में 66 हजार करोड़ रुपये रिजर्व है। पाकिस्तान को डिफॉल्ट होने से बचाने के लिए आईएमएफ के 24,900 करोड़ के राहत पैकेज की समयसीमा इस माह के अंत में खत्म होने वाली है। पाकिस्तान के इस सबसे महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो को संभालने वाला व्यक्ति अपनी पार्टी की किस्मत बना देगा या बिगाड़ देगा।

## नेपाल में टूटा सत्तारूढ़ गठबंधन, दहल बने रहेंगे प्रधानमंत्री

**काठमांडू।** नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच काफी समय से दरार देखी जा रही थी। आखिरकार अब यह गठबंधन टूट गया। पूर्व वित्त मंत्री सुरेंद्र पांडे ने बताया कि देश में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी सेंटर) और शेख बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस के बीच सत्तारूढ़ गठबंधन टूट गया है और प्रधानमंत्री पुष्प कुमार दहल के नेतृत्व में नई गठबंधन सरकार सोमवार को शपथ लेगी।

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी के उपाध्यक्ष पांडे ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, 'सरकार आज बदल जाएगी। नया मंत्रिमंडल बनाया जाएगा। आज कम संख्या में मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। पीएम सचिवालय के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि दहल प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे। वहीं नए गठबंधन में पार्टियों द्वारा सुझाए गए मंत्रियों को शामिल किया जाएगा। बता दें, पिछले आम चुनावों के गठन के एक साल बाद कैबिनेट में फेरबदल हो रहा है।

सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राजनाथ सिंह समेत मौजूद अन्य।

## दूसरे देशों की तकनीक सीखने की जरूरत नहीं: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **बोले-चुनौतियों से निपटने के लिए स्वदेशी तरीके से विकसित करें नई तकनीक**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को मानेकशा सेंटर में डेफकनेक्ट का उद्घाटन किया। स्वदेशी नवाचार को प्रोत्साहन देने और बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए साझेदारी को सुगम बनाने के लिए इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सिलेंस-डिफेंस इनोवेशन आर्गनाइजेशन (आइडीईएक्स-डीआइओ) द्वारा इसका आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा, कोई भी देश सर्वोत्तम तकनीक साझा नहीं करता है। दूसरे देशों से प्राप्त तकनीक का भी हमारे सीखने से कोई संबंध नहीं होता है। यह तभी हो सकता है जब हम इसे स्वदेशी तरीके से विकसित करें। उन्होंने आगे कहा, हम युवाओं को नए विचार लाने वाले युवाओं को प्रोत्साहित किया है। रक्षा क्षेत्र में नवीनीकरण और तकनीक को बढ़ावा देने के लिए इनोवेशन ऑफ डिफेंस एक्सीलेंस (आईडीईएक्स) लाया गया है।

मैं रक्षा उत्पादन विभाग को आईडीईएक्स (एडीआईटीआई) योजना के साथ विकास शुरू करने के और इस नाम के लिए बधाई देना चाहता हूं, जिसका अर्थ है देवताओं की मां। राजनाथ सिंह ने कहा कि निजी क्षेत्र को फलने-फूलने देने के लिए एक मंच की आवश्यकता है।

### बीएपीएस मंदिर में उमड़े भक्त...

**अबु धाबी :** संयुक्त अरब अमीरात (यूएसई) का पहला हिंदू मंदिर, जिसका उद्घाटन अबु धाबी में 14 फरवरी को पीएम मोदी ने किया था, 27 एकड़ में बना बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) मंदिर शुक्रवार से आम लोगों के लिए खोल दिया गया। रविवार को मंदिर में करीब 65 हजार भक्त दर्शन के लिए उमड़े। भीड़ को काबू करने के लिए दो हजार के बैच में दर्शन कराए गए। बता दें कि हर सोमवार को मंदिर बंद रहेगा। ● एजेंसी

## अमेरिकाः 4 नए अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना, 6 माह तक मौजूद रहेंगे

**केप केनवरल, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रविवार को चार अंतरिक्ष यात्री रवाना हुए। वह छह महीने तक वहां रहेंगे। स्पेसएक्स का फाल्कन राकेट कैनेडी स्पेस सेंटर से रवाना हुआ, जिसमें नासा के मैथ्यू डोमिनिक, माइकल बैरेट और जेनेट एप्स और रूस के अलेक्जेंडर ग्रीबेनकिन शामिल हैं।

ये नए अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, डेनमार्क, जापान और रूस के दल की जगह लेंगे, जो अगस्त से वहां हैं। उनके अगले सप्ताह पृथ्वी पर लौटने की उम्मीद है। नासा ने कहा कि स्पेसएक्स फाल्कन-9 राकेट और ड्रैगन अंतरिक्ष यान के उड़ान पथ में प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण पहले इसके उड़ान को टालना पड़ा था। दो चरणों वाला फाल्कन-9 राकेट फ्लोरिडा के अटलांटिक तट के साथ केप केनवरल में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से रात 10:53 बजे लांच किया गया था।

## ट्रंप के खिलाफ निक्की की पहली जीत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- **रिपब्लिकन पार्टी में पहला प्राइमरी चुनाव जीता, आज कई डेलिगेट्स का समर्थन मिलने की उम्मीद**

निक्की हेली ने रिपब्लिकन प्राइमरी के चुनाव में अपनी पहली जीत दर्ज की है। निक्की हेली ने रविवार को कोलंबिया में हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को हराकर 2024 की अपनी पहली जीत दर्ज की। अब सभी की निगाहें मंगलवार को होने वाले प्राइमरी चुनाव पर है, जिनमें निक्की हेली को कई डेलिगेट्स का समर्थन मिलने की उम्मीद है।

वहीं किसी रिपब्लिकन प्राइमरी इलेक्शन में जीत दर्ज करने वाली निक्की हेली अमेरिकी इतिहास में पहली महिला बन गई हैं। अब तक हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज करते आए हैं। हालांकि कोलंबिया में उन्हें झटका लगा है। इसके बावजूद ट्रंप की अमेरिका के राष्ट्रपति पद

की दावेदारी सबसे मजबूत है। मंगलवार को 16 राज्यों में प्राइमरी चुनाव होने हैं और मंगलवार को ट्रंप और निक्की हेली के बीच के मुकाबले की स्थिति साफ हो सकती है। कई हार के बावजूद निक्की हेली ने राष्ट्रपति पद की दावेदारी से हटने से इनकार कर दिया था। अब पहली जीत मिलने से यकीनन उनकी प्रचार टीम को नई ऊर्जा मिलेगी। निक्की हेली को कोलंबिया में सभी 19 डेलिगेट्स का समर्थन मिला। शनिवार को ही डोनाल्ड ट्रंप ने मिजुरी, इडाहो और मिशिगन प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की थी। ट्रंप को 244 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए 1215 डेलिगेट्स का समर्थन मिलना जरूरी है। वहीं निक्की हेली को 24 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है। मंगलवार को अलबामा, अलास्का, अरकंसास, कैलिफोर्निया, कोलोराडो, मेन, मैसाच्युसेट्स, मिनेसोटा, नॉर्थ कैरोलाइना, ओकलाहोमा, टेनेसी, टेक्सास, उटा, वेर्मोन्ट, वर्जीनिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं। ट्रंप अब तक आयोवा, न्यू हैंपशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स, साउथ कैरोलाइना, मिशिगन, मिजुरी और इडाहो में जीत चुके हैं।

## जगन्नाथ मंदिर में अनधिकृत प्रवेश पर 9 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** पुरी के जगन्नाथ मंदिर में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने के आरोप में ओडिशा पुलिस ने नौ बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कुछ बांग्लादेशी नागरिकों को मंदिर के भीतर जाते देखा। उन्होंने सिंहद्वार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया।

पुरी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसपी सुशील मिश्र ने कहा, हमें शिकायत मिली कि कुछ गैर हिंदू बांग्लादेशी मंदिर में प्रवेश कर गए हैं। हमने नो बांग्लादेशियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ जारी है।

## पारिवारिक वीजा की आय बढ़ने से प्रवासी परेशान

- **ब्रिटिश सरकार के न्यूनतम आय 40.6 लाख करने से 20 लाख भारतीयों पर होगा असर**

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटिश सरकार ने प्रवासियों की संख्या घटाने के लिए सख्त कदम उठाने की घोषणा की है। इसके तहत पारिवारिक वीजा के लिए न्यूनतम आय सीमा 19.5 लाख से बढ़ाकर करीब 40.6 लाख रुपये कर दी जाएगी। इस फैसले का 20 लाख ब्रिटिश भारतीयों पर सीधे तौर पर असर हो रहा है। इससे हजारों भारतीयों की शादी की योजना पर ब्रेक लग गया है।

ब्रिटिश सरकार की इस योजना को लेकर अप्रवासियों में आक्रोश है। बता दें, सबसे बड़ा असर नर्स जैसे देखभाल कर्मियों पर पड़ रहा है, जो अकेले रह रही हैं। मैनचेस्टर में वैज्ञानिक ब्रिटिश भारतीय हरतोष सिन्हा ने बताया कि मैं दिल्ली में रह रहीं मंजूषा से शादी की तैयारी कर रहा था। मेरी आय 26 लाख ही है। ऐसे में मंजूषा के साथ शदी का सपना टूट गया है। ब्रिटिश नागरिक जेसिंडा मैथ्यू भारतीय पति के साथ बेंगलुरु में रहती हैं। वे मां-पिता के पास ब्रिटेन जाने की सोच रही थीं। पर लैब असिस्टेंट के रूप में 38 लाख की नौकरी मिलना नामुमकिन है। बता दें, बड़ी संख्या में भारतीय मूल के चिकित्सा पेशेवरों का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्रिटिश एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन (बीएपीआईओ) ने सुनक सरकार को पत्र लिखा है। इसमें कहा, 'विदेशी देखभाल कर्मियों को अपने आश्रितों को ब्रिटेन लाने से रोकने की योजना हमारे सदस्यों के लिए बहुत चिंताजनक और परेशान करने वाली है। ब्रिटेन में स्वास्थ्य और देखभाल कर्मियों का वर्क वीसा में हिस्सा लगभग आधा है। कम वेतन होने से उनके पास अपने परिवार को साथ लाने का विकल्प नहीं बचेगा। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में माइग्रेशन ऑब्जर्वेटरी के निदेशक डॉ मेडेलीन सुम्पशन ने कहा, 'परिवार के सदस्यों के अलग देशों में रहने के कारण लोग बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं।

### आश्रितों को सिर्फ वो ही लाएं, जो आर्थिक मदद कर सकें

पारिवारिक वीजा श्रेणी के तहत ब्रिटिश निवासी अपने जीवनसाथी को साथ रखने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी कारण प्रवासी भारतीयों द्वारा शादी की योजना के साथ इसके लिए आवेदन किया जाता है। पिछले साल 5,870 भारतीयों को पारिवारिक वीजा दिया गया था। तब न्यूनतम सालाना आय 19.54 लाख रुपये की बाध्यता थी। ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने कहा कि इस वीजा के लिए आय सीमा बढ़ाकर हम यह तय करेंगे कि लोग केवल उन आश्रितों को लाएं जिनकी सहायता वे आर्थिक रूप से कर सकें। ये वृद्धि जरूरी थी, क्योंकि 2012 से आय सीमा नहीं बढ़ाई गई थी।

## अमेरिकाः पार्टी में गोलीबारी, 4 लोगों की मौत, 3 घायल

**किंग सिटी (अमेरिका)।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में रविवार को अज्ञात हमलावरों ने पार्टी में गोलीबारीकी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। सोमवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। रविवार शाम 6 बजे के आसपास गोलीबारी की सूचना पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची।

किंग सिटी पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा, "किंग सिटी में तीन लोग बंदूक की गोली से घायल पाए गए, जिनकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई।" पुलिस ने बताया कि इस गोलीबारी में चार लोगों की मौत हुई है, जिसमें एक महिला भी शामिल है। वहीं, इस हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने कहा कि तीनों घायल लोगों को सेलिनास के नतिविदाद अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने कहा, मामले की जांच की जा रही है।

**विज्ञान** इस सौर चक्र का सबसे बड़ा सौर कलंक किया गया रिकार्ड, 11 वर्ष का माना जाता है एक सौर चक्र

## पृथ्वी से नौ गुना बड़ा सौर कलंक सूर्य की सतह पर उभरा

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** इस सौर चक्र का सबसे बड़ा सौर कलंक रिकार्ड किया गया। इसका आकार पृथ्वी से नौ गुना बड़ा आंका गया है। इस सौर कलंक से एक्स श्रेणी की कई ज्वालाएं उभरी हैं।

इस सौर कलंक की संख्या एआर 3590 है। यह 25वां सौर चक्र का चल रहा है, जो अधिकतम सक्रियता के दौर से गुजर रहा है। 11 वर्ष का एक सौर चक्र माना जाता है। अधिकतम सक्रियता के दौरान सूर्य की सतह पर कई भयानक विस्फोट पिछले एक वर्ष के दौरान हो चुके हैं और इस पूरे वर्ष इनके सक्रिय रहने की आशंका बनी हुई है। इस बीच सनस्पॉट एआर 3590 में उभरा सौर कलंक रिकॉर्डतोड़ रहा। इसका उभरना 18 फरवरी से शुरू हो चुका था और 2 मार्च तक देखा गया। अब यह सूर्य के पिछले हिस्से में जा चुका है।

जिस कारण दृश्य से ओझल हो गया है। 26 फरवरी के आसपास इसका आकार लगभग 9 पृथ्वियों के बराबर रहा। इस सौर चक्र का अब तक का सबसे बड़ा सनस्पॉट था।

इसे नग्न आंखों से देखा जा सकता था। यहाँ ध्यान रहे कि जब भी सूर्य देखना हो, सौर चश्मे के बिना न देंखे, अन्यथा आंखों को बड़ा खतरा हो सकता है। इस सौर कलंक में 21 व 22 फरवरी के बीच तीन एक्स श्रेणी की विशाल ज्वाला उभरी, जबकि एक एक्स 6.4 फ्लेयर की भी उभरी थी। अभी भी यह सौर कलंक बना हुआ है, जो अब लगभग 10 दिन बाद सूर्य के पिछली ओर से पृथ्वी के सामने की तरफ लौट आएगा।



सूर्य की तस्वीर में नजर आ रहा काला धब्बा पृथ्वी से नौ गुना बड़ा है यह सन स्पॉट।

### ऐतिहासिक है सौर कलंक

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार यह ऐतिहासिक सन सपॉट है, जो अब सूर्य के पिछली ओर जा चुका है। इस तरह विशाल आकर के सन स्पॉट मुश्किल से देखने को मिलते हैं। यह सूर्य की सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया है। जिनसे बड़ा नुकसान पृथ्वी के इलेक्ट्रिनिक्स व इलेक्ट्रिक्स ग्रीडस को पहुच सकता है। जिस कारण वैज्ञानिक सदा इनकी निगरानी करते हैं।